सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India

1911 से आपके लिए ''केंद्रित'' "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

New times, same trust

नया दौर, वही विश्वास

वार्षिक रिपोर्ट Annual Report

2020-2021

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए ''केंद्रित'' "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

कॉरपोरेट विज़न, मिशन और सैद्धान्तिक कथन
CORPORATE VISION, MISSION AND VALUE STATEMENT

विज़न VISION

सबकी बैंकिंग एवं वित्तीय जरुरतों का केन्द्र बिन्दु बनना

To be CENTRAL to the banking and financial needs of all

मिशन MISSION

प्रभावी मानव संसाधन एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से ग्राहक केन्द्रित उत्पाद एवं सेवायें उपलब्ध कराना

To provide customer centric products and services by leveraging human resources and technology

सैद्धान्तिक कथन Value statement

C – Consistency	निरंतरता
E – Ethical Standards	नैतिक मानक
N – Nurturing Potential	संभाव्य क्षमताओं का पोषण
T – Transparency	पारदर्शिता
R – Responsiveness	अनुकूल प्रतिक्रिया
A – Accountability	जवाबदेही
L – Loyalty	निष्ठा

अनुक्रमणिका

विषय सूची		पृष्ठ क्र.
1.	अनुक्रमणिका	1
2.	निदेशक मंडल, लेखापरीक्षक, आरटीए तथा निवेशक सेवाओं का ब्यौरा	3
3.	निदेशक मंडल	4
4.	कार्यात्मक प्रभारी	6
5.	प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी का संदेश	8
6.	सूचना	13
7.	कार्यनिष्पादन वैशिष्ट्य	23
8.	निदेशक रिपोर्ट	24
9.	सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट	29
10.	सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट	34
11.	प्रबंधतंत्र विचार एवं विश्लेषण	36
12.	कॉर्पोरेट गवर्नेंस	78
13.	व्यवसाय उत्तरदायित्व रिपोर्ट	106
14.	लाभांश वितरण नीति	117
15.	सदस्यों को लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट	119
16.	दिनांक 31 मार्च, 2021 का तुलन पत्र	131
17.	दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि खाता	132
18.	तुलन पत्र तथा लाभ एवं हानि खाते की अनुसूचियाँ	133
19.	महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ	139
20.	लेखों से संबंधित टिप्पणियाँ	146
21.	दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए नकद प्रवाह विवरण	179
22.	दिनांक 31.03.2021 को पिलर 3 (बासल III) प्रकटीकरण	181
23.	समेकित वित्तीय विवरणियों पर लेखापरीक्षक रिपोर्ट	207

INDEX

Contents		Page No.
1.	Index	2
2.	Details of Board of Directors, Auditors, RTA and Investor Services	3
3.	Board of Directors	4
4.	Functional Heads	7
5.	Managing Director and Chief Executive Officer's Message	247
6.	Notice	252
7.	Performance Highlights	262
8.	Directors Report	263
9.	Secretarial Audit report	268
10.	Secretarial Compliance report	273
11.	Management Discussion & Analysis	275
12.	Corporate Governance	314
13.	Business Responsibility Report	341
14.	Dividend Distribution Policy	351
15	Auditors' Report to the Members	353
16.	Balance Sheet as at 31 March, 2021	364
17.	Profit & Loss account for the year ended 31 March, 2021	365
18.	Schedules to Balance Sheet and Profit & Loss Account	366
19.	Significant Accounting Policies	372
20.	Notes Forming part of Accounts	379
21.	Cash Flow Statement for the year ended 31 March, 2021	409
22.	Pillar 3 (BASEL III) Disclosures as on 31.03.2021	411
23.	Auditor's Report on Consolidated Financial Statements	437

निदेशक मंडल श्री तपन राय (22.05.2021 तक) श्री एम. वी. राव श्री आलोक श्रीवास्तव श्री विवेक वाही श्री राजीव पुरी डॉ. भूषण कुमार सिन्हा श्री पी. जे.थॉमस श्रीमती मिनी आईप (30.06.2021 तक) श्री दिनेश पांगती (01.07.2021 से)	**BOARD OF DIRECTORS** SHRI TAPAN RAY (Ceased to be director on 22.05.2021) SHRI M V RAO SHRI ALOK SRIVASTAVA SHRI VIVEK WAHI SHRI RAJEEV PURI DR. BHUSHAN KUMAR SINHA SHRI P J THOMAS SMT MINI IPE (Ceased to be director on 30.06.2021) SHRI DINESH PANGTEY (w.e.f. 01.07.2021)
लेखा परीक्षक मे. एएजेवी एंड एशोसिएट मे. एस जयकिशन मे. छाजेड एंड दोशी मे. अंबेकर शेलार कर्वे एंड अंबर्डेकर	**AUDITORS** M/S. AAJV And Associates M/S. S. Jaykishan M/S. Chhajed & Doshi M/S. Ambekar Shelar Karve & Ambardekar
रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेन्ट लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि. सी-101, 247 पार्क, एलबीएस मार्ग, विक्रोली (पश्चिम) मुंबई - 400 083. टेलीफोन : 022-4918 6270 फैक्स : 022-4918 6060 ई-मेल आईडी : rnt.helpdesk@linkintime.co.in	**REGISTRAR AND SHARE TRANSFER AGENTS** Link Intime India Pvt. Ltd. C-101, 247 Park LBS Marg, Vikhroli (West) Mumbai - 400 083. Tel : 022-4918 6270 Fax : 022-4918 6060 E-mail ID : rnt.helpdesk@linkintime.co.in
बैंक से पत्र व्यवहार करने का पता उप महाप्रबंधक / कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया 9वीं मंजिल, चंदरमुखी नरीमन पॉईंट मुंबई - 400 021 संपर्क नं. 022 - 6638 7818 / 7575 फैक्स : 022 - 2283 5198 ई-मेल आईडी : dgmcompsec@centralbank.co.in; investors@centralbank.co.in	**ADDRESS FOR CORESSPONDENCE WITH THE BANK** DGM / Company Secretary and Compliance Officer Central Bank of India 9th Floor, Chandermukhi Nariman Point Mumbai - 400 021 Contact No. : 022 - 6638 7818 / 7575 Fax No. : 022 - 2283 5198 E-mail ID : dgmcompsec@centralbank.co.in; investors@centralbank.co.in

दिनांक 31.03.2021 के अनुरूप निदेशक मंडल
BOARD OF DIRECTORS AS ON 31.03.2021

श्री तपन राय
Shri TAPAN RAY

अध्यक्ष (निदेशक 22.05.2021 तक)
Chairman (Ceased to be Director on 22.05.2021

श्री एम. वी. राव
Shri M V RAO

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी
Managing Director & Chief Executive Officer

श्री आलोक श्रीवास्तव
Shri ALOK SRIVASTAVA

कार्यपालक निदेशक / EXECUTIVE DIRECTOR

श्री विवेक वाही
Shri VIVEK WAHI

कार्यपालक निदेशक / EXECUTIVE DIRECTOR

श्री राजीव पुरी / Shri RAJEEV PURI

कार्यपालक निदेशक / EXECUTIVE DIRECTOR

(जारी / *Contd...*)

निदेशक मंडल
BOARD OF DIRECTORS

डॉ. भूषण कुमार सिन्हा
Dr. BHUSHAN KUMAR SINHA

निदेशक
Director

श्री पी. जे.थॉमस
Shri P J THOMAS

निदेशक
Director

श्रीमती मिनी आईप
Smt MINI IPE

निदेशक (30.06.2021 तक)
Director (Ceased to be Director on 30.06.2021)

श्री दिनेश पांगती
Shri DINESH PANGTEY

निदेशक (01.07.2021 से)
Director (w.e.f.01.07.2021)

कार्यात्मक प्रभारी

दि. 15.07.2021 के अनुरूप

	मुख्य सतर्कता अधिकारी	
1.	श्री परशुराम पांडा	बी.एससी. (कृषि), सीएआईआईबी, डीआईबीएफ
	महाप्रबंधक	
2.	श्री उमेश कुमार सिंह	बी.ई. (कम्प्यूटर साइंस एवं इ.) सीएआईआईबी, डीआईटीआरएम
3.	श्री ई. रतनकुमार	बी.ई., एम.टेक., फाइनें. मैनेजमेंट में मास्टर्स
4.	श्री स्मृति रंजन दाश	एम.ए., सीएआईआईबी
5.	श्री के. सत्यनारायण	एम.कॉम., सीएआईआईबी
6.	श्री विजय वसंत मुरार	बी.एससी., सीएआईआईबी, टैक्स मैनजमेंट में पीजी डिप्लोमा
7.	श्री श्रीराम दत्तात्रय माहुरकर	बी.एससी., सीएआईआईबी
8.	श्री विपन कुमार महेन्द्रु	सीएआईआईबी, डीबीएम, एमएसएमई एण्ड टी. फाई. में प्रमाणपत्र
9.	श्री मुकुल एन. दंडिगे, मुख्य वित्तीय अधिकारी	बी.एससी, सीएआईआईबी
10.	श्री मयंक दिनेश शाह	बी.कॉम., जेएआईआईबी
11.	श्री एच. एस. गरसा	बी.एससी., सीएआईआईबी
12.	श्री हरिलाल भार्गवन सुमथी	बी.एससी.(कृषि), सीएआईआईबी, डीटीआईआरएम
13	श्री मोहित कोडनानी	बी.ई. (ई एण्ड टी), एमबीए, जेएआईआईबी, सीसीएनए
14.	श्री गोपीनाथन	बी.एससी., एम.ए., सीएआईआईबी, डीटीआईआरएम
15.	श्री डी.एन. राजेन्द्र कुमार	एम.एससी. (कृषि), सीएआईआईबी, पीजीडीएफएम
16.	श्री विवेक कुमार	बी.एससी., बी.एड., एमएमएस (फाइनैंस), सीएआईआईबी
17.	श्री ए.डी. श्रीनिवास	बी.कॉम., सीएआईआईबी
18.	श्री अमृत कुमार	एम.एससी (कृषि), सीएआईआईबी
19.	सुश्री नमिता रॉय शर्मा	एम.एससी, एलएलबी, सीएआईआईबी,एमएलएलआई में डिप्लोमा
20.	श्री संदीप गुलाटी	बी.कॉम, सीएआईआईबी, डिप्लोमा इन मेनेजमेंट
21.	श्री जे एस साहनी	एम.एससी, सीएआईआईबी
22.	श्री वी वी नटराजन	बी.एससी, सीएआईआईबी, डिप्लोमा इन एचआरएम, डिप्लोमा इन ट्रेजरी एण्ड इन्वेस्टमेंट, रिस्क मेनेजमेंट
23.	श्री श्रीनिवास एस राव	बी.ए, एमबीए (फाइनैंस), सीएआईआईबी
24.	श्री एस के गुप्ता	बी.कॉम, एम.ए., सीएआईआईबी
25.	श्री वास्ती वेंकटेश	बी.एससी, एमबीए, सीएआईआईबी
26.	श्री राजेश कुमार	एम.एससी (फिजिक्स), (फाइनैंस), सीएआईआईबी
27.	श्री बी बी मुतरेजा	बी.ए, सीएआईआईबी
28.	श्री टी एस बालचंद्रन	बी.एससी (मॅथ), सीएआईआईबी, एमबीए (फाइनैंस)
29.	श्री सोहेल अहमद	बी.कॉम (ऑनर्स), सीएआईआईबी
	कंपनी सचिव	
30.	श्री आनंद कुमार दास, कंपनी सचिव	एफसीएस, एलएलबी, बी.कॉम, सीएआईआईबी, सीबीसीपी

FUNCTIONAL HEADS

As on 15.07.2021

	CVO	
1.	SHRI PARSHURAM PANDA	B.SC. (AGRI), CAIIB, DIBF
	GENERAL MANAGER	
2.	SHRI UMESH K. SINGH	BE (COMP. SC. & E) CAIIB, DITRM
3.	SHRI E. RATANKUMAR	BE, M. TECH, MAST. IN FIN. MAN.
4.	SHRI SMRUTI RANJAN DASH	M.A., CAIIB
5.	SHRI K. SATYANARAYAN	M. COM., CAIIB
6.	SHRI VIJAY VASANT MURAR	B.SC., CAIIB, PG DIP. IN TAX. MAN.
7.	SHRI SHRIRAM DATTATRAY MAHURKAR	B.SC. , CAIIB
8.	SHRI VIPAN KUMAR MAHENDRU	CAIIB, DBM, CERTIFICATION IN MSME AND T. FIN.
9.	SHRI MUKUL N. DANDIGE, (CHIEF FINANCIAL OFFICER)	B. SC., CAIIB
10.	SHRI MAYANK DINESH SHAH	BCOM, JAIIB
11.	SHRI H. S. GARSA	BSC,CAIIB
12.	SHRI HARILAL BHARGAVAN SUMATHY	B.SC (AGRI), CAIIB, DTIRM.
13	SHRI MOHIT KODNANI	BE (E&T), MBA , JAIIB, CCNA
14.	SHRI GOPINATHAN	BSC, MA, CAIIB, DTIRM
15.	SHRI D.N.RAJENDRA KUMAR	M.SC (AGRI), CAIIB, PGDFM
16.	SHRI VIVEK KUMAR	B.SC., B.ED, MMS (FINANCE), CAIIB
17.	SHRI A. D. SRINIVAS	BCOM,CAIIB
18.	SHRI AMRIT KUMAR	MSC (AGRI), CAIIB
19.	SMT. NAMITA ROY SHARMA	M SC, LLB, CAIIB, DIM, LIMITED INSOLVENCY
20.	SHRI SANDEEP GULATI	B.COM, CAIIB, DIP. IN MGMT.
21.	SHRI J S SAWHNEY	M.SC,CAIIB
22.	SHRI V V NATRAJAN	B.SC, CAIIB, DIP.IN HRM, DIP. IN TRES & INVEST. RISK MGT
23.	SHRI SRINIVASA S RAO	B.A, MBA (FINANCE), CAIIB
24.	SHRI S K GUPTA	B.COM, MA, CAIIB
25.	SHRI VASTI VENKATESH	B.SC, MBA, CAIIB
26.	SHRI RAJESH KUMAR	M.SC (PHYSICS), (FINANCE), CAIIB
27.	SHRI B. B. MUTREJA	B.A, CAIIB
28.	SHRI T. S. BALACHANDRAN	B.SC (MATH), CAIIB, MBA (FINANCE)
29.	SHRI SOHAIL AHMAD	B.COM (HONS), CAIIB
	COMPANY SECRETARY	
30.	SHRI ANAND KUMAR DAS, COMPANY SECRETARY	FCS, LLB, B COM, CAIIB, CBCP

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी की कलम से

प्रिय हितधारको,

आशा है, आप सकुशल होंगे. मैं इस महामारी से उत्पन्न इस कठिन समय के दौरान आपकी सुरक्षा और कुशलता हेतु प्रार्थना करता हूँ.

वर्ष 2020 इतिहास में सबसे विनाशकारी वर्षों में से एक के रूप में माना जाएगा क्योंकि नॉवेल कोविड - 19 वायरस ने दुनिया भर में व्यापक तबाही मचाकर लाखों लोगों का जीवन और आजीविका समाप्त कर दी है. लॉकडाउन के आवश्यक उपायों और परस्पर शारीरिक दूरी के प्रतिबंधों से वैश्विक अर्थव्यवस्था में गतिरोध आ गया था.

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की अप्रेल वर्ष 2021 की रिपोर्ट में वर्ष 2020 में (-) 3.3% के अनुमानित संकुचन की तुलना में वर्ष 2021 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में 6.0% की वृद्धि, तत्पश्चात वर्ष 2022 में 4.4% की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है. हालांकि, वर्ष 2021 में वैश्विक विकास असमान रहने की संभावना है. कम संक्रमण और तीव्र टीकाकरण के कारण जो देश पहले खुल सकते हैं, उनके तीव्र विकास की आशा है. आईएमएफ की अप्रैल 2021 की रिपोर्ट में वर्ष 2020 में (-) 4.7% के संकुचन की तुलना में वर्ष 2021 में उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के 5.1% बढ़ने का अनुमान लगाया गया है. उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में, संयुक्त राज्य अमेरिका में सरकार द्वारा उठाए गए कई उपायों के कारण वर्ष 2021 में प्रभावशाली वृद्धि का अनुमान है. वर्ष 2020 में (-) 2.2% के अनुमानित संकुचन के बाद उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के वर्ष 2021 में 6.7% बढ़ने का अनुमान है. वर्ष 2022 में, उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के 5.0% बढ़ने का अनुमान है.

घरेलू मोर्चे पर, अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, कृषि के लचीलेपन एवं सकारात्मक वृद्धि के पश्चात भी वर्ष 2020-21 में वास्तविक जीडीपी में (-) 7.3% का संकुचन हुआ. खनन, विनिर्माण, निर्माण और कुछ अन्य सेवा क्षेत्रों में वर्ष 2020-21 में नकारात्मक वृद्धि देखी गई. तिमाही आंकड़ों से पता चलता है कि घरेलू अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे महामारी से उबर रही है. वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही में (+) 0.5% की वृद्धि की तुलना में वर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही में (+) 1.6% बढ़ा है. हाँलाकि, वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में निजी अंतिम उपभोग व्यय वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही में 58.3% की तुलना में वर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही में 55.4% रहा. दूसरी ओर, वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में सकल अचल पूंजी निर्माण वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही में 33.00% की तुलना में वर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही में 34.3% बढ़ा है.

भारत में कोविड-19 संक्रमण की दूसरी लहर ने सुधार की प्रक्रिया को विफल कर दिया क्योंकि कई राज्यों को वायरस के प्रसार को रोकने के लिए विभिन्न प्रतिबंध लगाने पड़े. जिसके कारण हमें वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही में विकास धीमा रहने की आशा है. तदापि तीव्र टीकाकरण अभियान और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ हमें आशा है कि आर्थिक गतिविधियां शीघ्र गति पकड़ेंगी.

भारत सरकार ने अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए कई नीतिगत उपाय किए हैं और "आत्मनिर्भर भारत" उस दिशा में एक ऐसा ही कदम है. "आत्मनिर्भर भारत" के माध्यम से, भारत सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए विविध प्रोत्साहन उपायों की घोषणा की और कई राहत उपाय उपलब्ध करवाए. "आत्मनिर्भर भारत" में एमएसएमई, स्ट्रीट वेंडर, कृषि, बुनियादी ढांचे आदि के लिए कई उपाय किए गए थे. अभी जून 2021 में, माननीय वित्त मंत्री ने महामारी से आर्थिक राहत प्रदान करने, सार्वजनिक स्वास्थ्य को दृढ़ करने और विकास एवं रोजगार को बढ़ावा देने हेतु कई उपायों की घोषणा की है. इस दिशा में, माननीय वित्त मंत्री ने कोविड प्रभावित क्षेत्रों के लिए 1.10 लाख करोड़ रुपये की ऋण गारंटी योजना, सूक्ष्म वित्त संस्थानों के लिए ऋण गारंटी योजना, 5 लाख पर्यटकों को एक महीने का निशुल्क पर्यटक वीजा, आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना का विस्तार, वृहद स्तरीय इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण के लिए पीएलआई योजना के कार्यकाल के विस्तार आदि की घोषणा की है.

आपके बैंक ने कोविड-19 प्रेरित मंदी के विरूद्ध लड़ाई लड़ने के लिए कई उपाय किए हैं. बैंक सरकारी योजनाओं में सक्रिय रूप से भाग लेता रहा है और भविष्य में भी उत्साह के साथ ऐसा करता रहेगा. आपके बैंक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यह उद्योग में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में से एक के रूप में उभरे और सर्वोत्तम ग्राहक सेवाएं प्रदान करे. ईज़ 3.0 में आपके बैंक के स्कोर और प्रदर्शन में वर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही में वर्ष 2019-20 की चौथी तिमाही के बेसलाइन स्कोर की तुलना में काफ़ी सुधार हुआ है. आपके बैंक ने अपने कुछ पोर्टफोलियो को बाहरी बेंचमार्क यानी रेपो से सहबद्ध किया है जिससे ऋण विस्तार में सुधार हुआ है. बैंक डिजिटलीकरण के लिए विभिन्न पहल कर रहा है. हम अपने मानव संसाधनों का उपयोग उन्हें प्रौद्योगिकी के युग में समकालीन चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाने के लिए कर रहे हैं. ग्राहक केंद्रितता सदैव आपके बैंक का मुख्य उद्देश्य रहेगा. वर्तमान समय, हम सभी की परीक्षा ले रहा है लेकिन मुझे विश्वास है कि हम सब मिलकर इससे पार पा सकते हैं और आपके बैंक को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं तथा आगे चलकर कई और उपलब्धियां प्राप्त कर सकते हैं. मेरा दृढ़ विश्वास है कि बैंक हर बिंदु पर हितधारकों के हितों को बनाए रखेगा और उद्योग में शीर्ष पर रहने के लिए अपने मूल उद्देश्यों को और दृढ़ करेगा.

बैंक का निष्पादन

व्यवसाय

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान बैंक का व्यवसाय वित्तीय वर्ष 2019-20 में ₹4,86,007 करोड़ की तुलना में वार्षिक आधार पर 4.30इ की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹5,06,886 करोड़ हो गया है. वित्त वर्ष 2020-21 में 5.17% की जमा वृद्धि और 2.71% की अग्रिम वृद्धि के साथ बैंक की व्यवसाय वृद्धि मजबूत बनी हुई है. बैंक की जमा राशि दिनांक 31 मार्च, 2020 में ₹3,13,763 करोड़ के प्रति ₹16210 करोड़ बढ़कर ₹3,29,973 करोड़ हो गई है. कुल जमा के प्रतिशत के रूप में कासा का हिस्सा 49.24% हो गया है जो 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष में 46.83% था. कुल अग्रिम 31 मार्च, 2020 में ₹1,72,244 करोड़ की तुलना में वार्षिक आधार पर 2.71% की वृद्धि दर्ज करते हुए 31 मार्च 2021 को ₹1,76,913 करोड़ रुपये हो गए हैं.

बैंक सदैव एक संतुलित आस्ति संमिश्र बनाए रखना चाहता है, जिसमें कृषि और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) जैसे क्षेत्र सम्मिलित हों, साथ ही आवास, शिक्षा और वाहन वित्त सहित अन्य खुदरा आस्तियों पर ध्यान केंद्रित किया गया हो. उल्लेखनीय है कि बैंक के वाहन ऋण पोर्टफोलियो में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 12.22% की वृद्धि सहित एमएसएमई पोर्टफोलियो ने 10.62% की दोहरे अंकों की वृद्धि दर्शाई है. इसके अतिरिक्त, बैंक का रैम (खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई) तथा कॉर्पोरेट अग्रिमों का मिश्रण दिनांक 31 मार्च, 2020 को 63.73% की तुलना में बढ़कर दिनांक 31 मार्च, 2021 को 66.72% हो गया है. क्रमश: 10.62% एवं 5.19% की वृद्धि सहित एमएसएमई को अग्रिम ₹32356 करोड़ और कृषि को अग्रिम ₹36207 करोड़ रहा है.

वित्तीय निष्पादन

बैंक का परिचालन लाभ वित्तीय वर्ष 2019-20 के ₹4,344 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2020-21 में ₹4,630 करोड़ रहा. बेहतर कार्यनिष्पादन सहित, पिछले वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान ₹1,121 करोड़ की शुद्ध हानि वित्तीय वर्ष 2020-21 में घटकर ₹888 करोड़ रह गई है और वर्ष दर वर्ष आधार पर ₹1,529 करोड़ की शुद्ध हानि चौथी तिमाही में घटकर ₹1349 करोड़ रह गई है.

बैंक की शुद्ध ब्याज आय 2020-21 के दौरान ₹7,629 करोड़ से बढ़कर ₹8,245 करोड़ हो गई, जबकि गैर ब्याज आय 2019-20 के दौरान ₹3,637 करोड़ से घटकर ₹3,167 करोड़ हुई है. पिछले वित्त वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान शुद्ध ब्याज मार्जिन 2.78% ही रहा है. लागत आय अनुपात भी वित्तीय वर्ष 2019-20 के 61.44% में उल्लेखनीय सुधार सहित वित्तीय वर्ष 2020-21 में 59.43% हो गया. लागत जमा अनुपात भी वित्तीय वर्ष 2019-20 के 5.11% में उल्लेखनीय सुधार सहित वित्तीय वर्ष 2020-21 में 4.35% हो गया.

आस्ति गुणवत्ता

एनपीए प्रबंधन पर बैंक के लगातार प्रयास और उच्च गुणवत्ता वाली आस्तियां प्राप्त करने से आस्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ है. इसलिए दिनांक 31 मार्च, 2021 तक सकल एनपीए प्रतिशत घटकर 16.55% हो गया, जो दिनांक 31 मार्च, 2020 को 18.92% था और दिनांक 31 मार्च, 2021 को शुद्ध एनपीए प्रतिशत भी घटकर 5.77% रह गया जो दिनांक 31 मार्च, 2020 को 7.63% था. बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात दिनांक 31.03.2021 के 77.29% से बढ़कर दिनांक 31.03.2021 को 82.54% हो गया, जिसने बैलेंस शीट को मजबूत किया है. हम 2021-22 के दौरान आईबीसी के तहत एनसीएलटी और बाह्य स्तर के माध्यम से कुछ बड़े एनपीए खातों के समाधान की आशा करते हैं. हम वर्ष 2021-22 के दौरान एनपीए वसूली को अधिकतम करने, आस्ति गुणवत्ता में सुधार और शुद्ध लाभ अर्जित करने के लिए गंभीर प्रयास जारी रखेंगे.

पूंजी

पूंजी से जोखिम आस्ति अनुपात - सीआरएआर (बेसल-III) दिनांक 31 मार्च, 2020 के 11.95% से बढ़कर दिनांक 31 मार्च, 2021 में 14.81% हो गया. यह सितंबर 2020 में योग्य संस्थानों को आबंटन के माध्यम से ₹255 करोड़ की ताजा इक्विटी जुटाने एवं तत्पश्चात मार्च 2021 में भारत के राष्ट्रपति (भारत

सरकार) द्वारा ₹4800 करोड़ की पूंजी संचरण के फलस्वरूप हुआ. इसके पश्चात दिनांक 29.05.2021 को ₹17.11 (₹7.11 के प्रीमियम सहित) के निर्गम मूल्य पर 280,53,76,972 इक्विटी शेयरों के आबंटन के बाद भारत के राष्ट्रपति (भारत सरकार) की शेयरधारिता 93.08% हो गयी है.

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र और वित्तीय समावेशन

बैंक लगातार राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के तहत विभिन्न लक्ष्यों को पूरा करने पर जोर दे रहा है. विभिन्न राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अंतर्गत, अनिवार्य लक्ष्यों को, बैंक ने निम्नानुसार सफलतापूर्वक प्राप्त किया है: -

- कुल प्राथमिकता - मानक 40% के प्रति समायोजित निवल बैंक ऋण का 51.96%
- कृषि - मानक 18% के प्रति समायोजित निवल बैंक ऋण का 21.32%
- लघु एवं सीमांत किसान - मानक 8% के प्रति समायोजित निवल बैंक ऋण का 12.72%
- पिछड़ा वर्ग - मानक 10% के प्रति समायोजित निवल बैंक ऋण का 18.86%

बैंक ने वित्त वर्ष 2020-21 में ₹22050 करोड़ मूल्य के पीएसएलसी की बिक्री की है. ये उपलब्धियां वास्तव में एक समावेशी राष्ट्र निर्माण के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं.

बैंक समुचित वित्तीय उत्पादों की पेशकश, और वित्तीय साक्षरता बढ़ाने में प्रौद्योगिकी का उपयोग करके वित्तीय साक्षरता के एजेंडे को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रहा है.

बैंक ने भारत सरकार द्वारा शुरू की गई सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत भी अच्छा निष्पादन किया है. प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के तहत क्रमश: 17.49 लाख, 51.53 लाख और 12.32 लाख नामांकन किए गए हैं.

अखिल भारतीय उपस्थिति

31 मार्च, 2021 तक, बैंक के नेटवर्क में 4,608 शाखाएं, 3,644 एटीएम, 10 सेटेलाइट कार्यालय एवं 1 विस्तार पटल है. अखिल भारतीय स्तर पर सभी 28 राज्यों, 8 केंद्र शासित प्रदेशों में से 7 और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, 574 जिला मुख्यालयों तथा देश के 718 जिलों में से 638 जिलों में उपस्थिति बैंक की ताकत का स्रोत है.

डिजिटल बैंकिंग और वैकल्पिक वितरण चैनल

सूचना और प्रौद्योगिकी के युग में, बैंक ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं को पहचानता है और देश के युवा जनसांख्यिकीय आधार की आवश्यकताओं को पूरा करता है. तदनुसार, बैंक डिजिटल फुटप्रिंट और वैकल्पिक वितरण चैनलों पर जोर दे रहा है. इसके परिणामस्वरूप, वैकल्पिक वितरण चैनलों के माध्यम से डिजिटल लेनदेन का भाग वित्त वर्ष 2019-20 में 66.54% से बढ़कर वित्त वर्ष 2020-21 में 77.63% हो गया है.

कर्मचारियों के लिए कोविड-19 राहत

हम अपने ग्राहकों, कर्मचारियों और अन्य हितधारकों की ताकत से कोविड - 19 महामारी से लड़ रहे हैं. हमारे बैंक के कर्मचारी इस विषम परिस्थिति में ग्राहकों की संतुष्टि हेतु अपनी सेवाएं देने के लिए दृढ़ परिश्रम कर रहे हैं. बैंक उन सभी कर्मचारियों की सराहना करता है जो कड़ी मेहनत कर रहे हैं और अपनी सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान कर रहे हैं तथा यह आश्वासन देता है कि बैंक कर्मचारियों के बलिदान के अनुरूप उनका ध्यान रखेगा. प्रबंधन ने कोविड - 19 महामारी की चुनौतियों का सामना करने के लिए स्टाफ सदस्यों को निम्नलिखित सुविधाओं का विस्तार किया था :-

- ब्याज मुक्त ऋण के रूप में, अधिकतम ₹1 लाख तक, एक महीने का सकल वेतन.
- लॉकडाउन अवधि (पहली लहर) के दौरान कार्यालय / शाखा में उपस्थित होने वाले प्रत्येक छह दिनों के लिए स्टाफ सदस्यों को एक दिन का विशेष अवकाश.
- लॉकडाउन के दौरान, गर्भवती महिला स्टाफ सदस्यों / कैंसर से पीड़ित स्टाफ सदस्यों के लिए घर से काम करने की सुविधा और दृष्टिबाधित स्टाफ सदस्यों और विकलांग स्टाफ सदस्यों को वेतन की हानि के बिना विशेष अवकाश की सुविधा.
- कोरोना वायरस (कोविड-19) के कारण प्राण गँवाने वाले स्टाफ सदस्य के विधिक उत्तराधिकारी को क्षतिपूर्ति के रूप में ₹20.00 लाख की वित्तीय सहायता.
- सभी अधिकारियों को वर्तमान महामारी की स्थिति को देखते हुए फर्नीचर मद के तहत ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर खरीदने की अनुमति दी गई है.

एमएसएमई लघु व्यवसाय / कार्पोरेट के लिए कोविड-19 राहत

बैंक ने कोविड-19 महामारी के कारण होने वाली कठिनाईयों से एमएसएमई / लघु व्यवसाय / कार्पोरेट को बचाने के लिए एवं उन्हें सहयोग देने के लिए कई योजनाओं का विस्तार किया है.

दिनांक	योजना	विवरण
23.03.2020	कोविड-19 सहायता	आरबीआई नियामक पैकेज की घोषणा से ठीक पहले, दिनांक 23.03.2021 को बैंक ने एमएसएमई सहित पात्र उधारकर्ताओं के लिए डब्ल्यूसीटीएल के रूप में एफबीडब्ल्यूसी सीमा के 10% की अनुमति देने वाली ऋण योजना की घोषणा कर चुका है.
27.03.2020 17.04.2020 23.05.2020	आरबीआई नियामक पैकेज	(टीएल/डीएल में) 6 महीने (01.03.2020 से 31.08.2020 तक) ऋण स्थगन और (सीसी / ओडी में) ब्याज स्थगन की अनुमति / पात्र उधारकर्ताओं के लिए, बैंक ने निम्नानुसार मार्जिन को कम करके आहरण शक्ति की पुनर्गणना की अनुमति दी है: - o न्यूनतम मार्जिन 10% के अधीन स्टॉक और बुकडेट में 10% की कमी o देनदारों की अवधि 60 दिनों के लिए बढ़ाई, जिसके फलस्वरूप अधिकतम अवधि 270 दिन हो गई है एलसी के रूप में स्वीकृत एफबीडब्ल्यूसी सुविधा और एनएफबीडब्ल्यूसी सुविधा के बीच दोतरफा विनिमयता
28.04.2020	उदारीकृत कार्यशील पूंजी आकलन (एलडब्ल्यूसीए)	₹ 5 करोड़ तक की कार्यशील पूंजी सीमा के लिए, उदारीकृत कार्यशील पूंजी मूल्यांकन कम वित्तीय मानकों (सीआर 1:1, आईसीआर 1.25, एसीआर 1.25, डीईआर 4. ऋण / ईबीआईडीटीए की न्यूनतम शर्त के बिना) के साथ किया जाता है. यह आकलन अनुमानित वार्षिक कारोबार के 33 % पर किया जाएगा. ₹ 5 करोड़ से अधिक की कार्यशील पूंजी सीमा के लिए, ऊपर दिए गए कम मापदंडों के साथ, कार्यशील पूंजी सीमा का पारंपरिक विधि या नकद बजट पद्धति पर पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा.
20.08.2020	सीजीएसएसडी	तनावग्रस्त एमएसएमई इकाई (30.04.2020 को पुनर्गठित एसएमए 2 और एनपीए) के प्रमोटरों को व्यक्तिगत ऋण प्रदान करने के लिए एमएसएमई इकाई (इक्विटी + ऋण) में उनकी हिस्सेदारी के 15% तक अधिकतम ₹ 75 लाख तक, इक्विटी / आभासी इक्विटी (पुनर्गठन के बाद) के रूप में सुविधा की सबऑर्डिनेट ऋण के लिए क्रेडिट गारंटी योजना
01.06.2020	प्रमं स्वनिधि	प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि - रेहड़ी-पटरी वालों को ₹ 10000/- तक का सम्पार्श्विक प्रतिभूति रहित ऋण
27.05.2020	सीजीईसीएल 1.0	₹50 करोड़ तक की कुल निधि आधारित (एफबी) सीमा, 60 दिनों की डीपीडी तक का लाभ लेने वाले उधारकर्ताओं हेतु अतिरिक्त कार्यशील पूंजी के रूप में 48 महीने (12 महीने अधिस्थगन 3 वर्ष पुनर्भुगतान) हेतु डब्ल्यूसीटीएल के रूप में दिनांक 29.02.2020 तक सभी उधारदाताओं को संयुक्त निधि आधारित (एफबी) बकाया के 20% तक की अनुमति दी गई है - अधिकतम ₹ 10.0 करोड़ सीजीईसीएल 1.0 के तहत उधारकर्ता खातों के मामले में, जो रिज़ॉल्यूशन फ्रेमवर्क के तहत पुनर्गठन का विकल्प चुन रहे हैं, पात्र स्थगन 24 महीने तक और तदनुसार कार्यकाल के विस्तार की अनुमति दी जा सकती है. हालाँकि, अधिस्थगन के दौरान उधारकर्ता द्वारा जब और जैसे लगने वाले ब्याज को चुकाया जाना है.
03.12.2020	सीजीईसीएल 2.0	कामथ समिति तहत केवल 26 सेक्टरों और स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र के ₹ 50 करोड़ से अधिक एवं ₹ 500 करोड़ तक की कुल निधि आधारित (एफबी) सीमा, 60 दिन डीपीडी तक का लाभ ले रहे सभी उधारदाताओं को 60 महीने (12 महीने अधिस्थगन 4 वर्ष पुनर्भुगतान) हेतु डब्ल्यूसीटीएल के रूप में, अतिरिक्त कार्यशील पूंजी के रूप में संयुक्त निधि आधारित (एफबी) बकाया के 20% तक, अनुमत किया गया है - अधिकतम राशि ₹ 100 करोड़
16.04.2021	सीजीईसीएल 3.0	आतिथ्य, यात्रा और पर्यटन, अवकाश और खेल क्षेत्र और नागरिक उदयन में व्यावसायिक उद्यम (31.05.2021 को जोड़ा गया) के सभी उधारदाताओं को दिनांक 29.02.2020 को 72 महीने (2 वर्ष अधिस्थगन 4 वर्ष पुनर्भुगतान) हेतु डब्ल्यूसीटीएल के रूप में, संयुक्त निधि आधारित (एफबी) बकाया के 40% तक अतिरिक्त कार्यशील पूंजी के रूप में 60 दिन डीपीडी तक अधिकतम ₹ 200 करोड़ तक अनुमत किया गया है.
31.05.2021	सीजीईसीएल 4.0	तरल ऑक्सीजन, ऑक्सीजन सिलेंडर के निर्माण में सहबद्ध वर्तमान अस्पतालों, नर्सिंग होमों, क्लीनिकों, मेडिकल कॉलेजों / इकाइयों जिनका बैंक ऋण बकाया है और दिनांक 31.03.2021 को 90 दिनों तक की डीपीडी है को ₹ 2 करोड़ (एफबी या एनएफबी) तक की ऋण सुविधा. अधिस्थगन 6 महीने पुनर्भुगतान.

06.08.2020 07.05.2020	आर एफ 1.0	कोविड - 19 संबंधी दबाव हेतु रिजोल्यूशन फ्रेमवर्क
05.05.2021	आर एफ 2.0	रिजोल्यूशन फ्रेमवर्क - 2.0 : वैयक्तिक, लघु व्यवसाय एवं एमएसएमई के दबाव संबंधी कोविड-19 का रिजोल्यूशन

नयी पहल

एक व्यवसाय अत्यधिक दृढ़ परिश्रम, समर्पण और दृढ़ता का परिणाम होता है, हालांकि, इन्हें सरल बनाना और फिर आत्मसंतुष्टता को आगे बढ़ने देना पर्याप्त नहीं होता है. संचालन को जारी रखने और उत्पाद एवं सेवाओं की ताजगी बनाए रखने हेतु नवीन विचारों के साथ आने की क्षमता, सफल व्यवसाय की कुंजी होती है. इन विचारों को ध्यान में रखते हुए हमने कुछ नई पहल प्रारम्भ की हैं जो इस प्रकार है :-

- 'सीपीएसी' का कार्यान्वयन – संवितरण पूर्व ऋण समीक्षा विधि - शाखाओं को पूर्व-संवितरण अनुमोदन के लिए क्रेडिट प्रोसेसिंग एंड अप्रूवल सेंटर' क्रेडिट गुणवत्ता में सुधार करने में सहयोग और फील्ड स्टाफ को भय रहित क्रेडिट निर्णय लेने में सहयोग करने का काम करेंगे.
- प्रबंधन दृष्टिकोण विपरीत पिरामिड के रूप में होगा, जिसके शीर्ष भाग में शाखाएं होंगी, जिन्हें आधार भाग से केंद्रीय कार्यालय / आंचलिक कार्यालयों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा सहयोग दिया जाएगा, जिसका अर्थ है कि केंद्रीय कार्यालय / आंचलिक कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय, शाखाओं के अस्तित्व एवं परिचालन का समर्थन करेंगे तथा व्यवसाय वृद्धि हेतु एक सक्षम वातावरण प्रदान करेंगे.
- कार्य निष्पादकों की पहचान हेतु शीर्ष प्रबंधन क्लब गठित करने के माध्यम से पुरस्कार योजना प्रारम्भ की जाएगी.
- प्रशिक्षण केंद्र की प्रदाता के रूप में सुव्यवस्था - "ब्रांड सेंट्रल" – अर्थात सभी श्रेणियों के कर्मचारियों हेतु एक विशिष्ट पहचान
- वर्तमान निष्ठावान ग्राहकों से संपर्क कर "सेंट्रल कनेक्ट" थीम के साथ विशेष अभियान.
- दिनांक 14.05.2021 को बैंक की वेबसाइट को पूर्णत: नये कलेवर, शीतल रंगों और नवीन विशेषताओं सहित आकर्षक बनाया गया है.

भावी पथ

पिछले वित्तीय वर्षों की तुलना में बैंक की बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता और लाभप्रदता के साथ प्रबंधन द्वारा की गई परिवर्तन पहल का प्रभाव दिखाई दे रहा है. हम प्रतिबंधों और वाणिज्यिक प्रतिबंधों में राहत सहित चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही तक पूर्ण उत्साह के साथ पुन: आरंभ कर इसके सही हो जाने की आशा कर रहे हैं.

मैं बोर्ड के सभी सदस्यों को हमारे प्रयासों में प्रबंधन को उनके बहुमूल्य समर्थन, मार्गदर्शन और सूचनाओं हेतु धन्यवाद देना चाहता हूं. मैं वित्तीय सेवायें विभाग, वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक को भी समय-समय पर उनके समर्थन और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देता हूं.

मैं दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष हेतु बैंक की वार्षिक रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत करता हूँ.

शुभकामनाओं सहित,

सादर,
हस्ताक्षर/-
एम वी राव

स्थान : मुंबई
दिनांक : 15 जुलाई, 2021

सूचना

एतदद्वारा यह सूचित किया जाता है कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शेयरधारकों की 14वीं (चौदहवीं) वार्षिक सामान्य बैठक शुक्रवार दिनांक 10 अगस्त, 2021 को पूर्वान्ह 11.00 बजे, चंदरमुखी नरीमन पॉइन्ट, मुम्बई - 400021 स्थित बैंक के प्रधान कार्यालय (बैठक का प्रस्तावित स्थल) में विडिओ कॉन्फरंस (वीसी) अथवा अन्य दृश्य-श्रव्य माध्यम से (ओएवीएम) निम्नलिखित कारोबार के संपादन हेतु आयोजित की जाएगी.

1) दिनांक 31 मार्च 2021को बैंक का लेखापरीक्षित स्टैन्ड अलोन एवं समेकित तुलनपत्र, दिनांक 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक का स्टैन्ड अलोन एवं समेकित लाभ-हानि खाता, खातों की इस अवधि में बैंक के कार्यों एवं गतिविधियों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट एवं लेखों तथा तुलनपत्र पर लेखापरीक्षक की रिपोर्ट पर चर्चा करना, अनुमोदन करना तथा इन्हें स्वीकार करना.

2) दिनांक 31.03.2021 के अनुरूप संचित हानि को शेयर प्रीमियम खाते से समायोजन करना

निम्नलिखित पर विशेष संकल्प के रूप में विचार करना और यदि उचित समझा जाए तो संशोधन (नों) सहित या रहित के पारित करना:

''प्रस्तावित किया जाता है कि बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 (अधिनियम) की धारा 3 (2बीबीए), बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 (बीआर अधिनियम) की धारा 17(2), वित्तीय सेवा विभाग राजपत्र अधिसूचना संख्या सीजी-डीएल-ई-23032020-218862 (एसओ 1200 ई) दिनांक 23.03.2020 के माध्यम से संशोधन के अनुरूप, किसी भी वैधानिक संशोधन या उसके पुन: अधिनियमन सहित राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) संशोधन योजना 2020 के रूप में संदर्भित, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना 1970 के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक, भारत सरकार और ऐसे अन्य प्राधिकरणों जो इस संबंध में आवश्यक हों, के अनुमोदन के अधीन, बैंक के शेयरधारकों की सहमति से एवं एतदद्वारा प्रदान करने से बैंक की 1,87,24,21,73,828.20 रुपये (अठारह हजार सात सौ चौबीस करोड़ इक्कीस लाख तिहत्तर हजार आठ सौ अट्ठाईस और पैसे बीस मात्र) की संचित हानि को सेट ऑफ दिनांक 31.03.2021 को बैंक के शेयर प्रीमियम खाते में जमा शेष राशि का उपयोग करके और उसको चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान खाते से लेकर समायोजन:

''आगे यह भी प्रस्तावित किया जाता है कि उपरोक्त संकल्प को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से, बोर्ड अपने पूर्ण विवेक से ऐसे सभी कृत्यों, कार्यों, मामलों और चीजों और इसके द्वारा संकल्प को प्रभावी ढंग से कार्यान्वित करने के लिए और इस संबंध में उत्पन्न होने वाले किन्हीं भी प्रश्नों, कठिनाइयों या शंकाओं का समाधान, जैसा कि वह अपने पूर्ण विवेक से उचित समझे, करने के लिए प्राधिकृत किया जाता है.''

निदेशक मंडल के आदेश से

हस्त/-

स्थान : मुम्बई
(आनंद कुमार दास)

दिनांक : 15.07.2021
उप महाप्रबंधक / कंपनी सचिव

नोट:

1. **व्याख्यात्मक विवरणी**

बैठक के कार्यकलापों के संबंध में प्रमुख तथ्य स्थापित करने वाला व्याख्यात्मक विवरण अनुलग्नक के रूप में संलग्न हैं.

2. **विडिओ कॉन्फरंस (वीसी) अथवा अन्य दृश्य-श्रव्य माध्यम (ओएवीएम) से वार्षिक सामान्य बैठक का आयोजन**

i. कोविड-19, महामारी के जारी रहने के कारण, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") ने सामान्य परिपत्र संख्या 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021 सहपठित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) परिपत्र संख्या सेबी / एचओ / सीएफडी / सीएमडी2 / सीआईआर / पी / 2021 / 11 दिनांक 15 जनवरी, 2021 के माध्यम से एम सामान्य स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना वीसी या ओएवीएम के माध्यम से वार्षिक आम बैठक आयोजित करने की अनुमति दी है. इन एमसीए परिपत्रों और सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के अनुपालन में, बैंक के सदस्यों की वार्षिक आम बैठक वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जा रही है.

ii. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर्स और मीटिंग्स), विनियम, 1998 के प्रावधानों के अनुसार वार्षिक सामान्य बैठक में उपस्थित होने एवं मतदान करने के पात्र शेयरधारक, अपने बदले बैठक में उपस्थित होने एवं मतदान करने हेतु किसी प्रॉक्सी को नियुक्त कर सकते / सकती हैं और ऐसे प्रॉक्सी का बैंक का शेयरधारक होना आवश्यक नहीं है. चूंकि यह वार्षिक सामान्य बैठक ''एमसीए परिपत्र'' के अनुरूप विडिओ कॉन्फरंस (वीसी) अथवा अन्य दृश्य-श्रव्य माध्यम (ओएवीएम) से आयोजित की जा रही है, सदस्य का भौतिक रूप से उपस्थित रहना समाप्त किया गया है. तद्नुसार, सदस्यों को प्रॉक्सी नियुक्ति की सुविधा इस वार्षिक सामान्य बैठक के लिए उपलब्ध नहीं है, अत: प्रॉक्सी फॉर्म और उपस्थिति पर्ची इस सूचना के साथ संलग्न नहीं हैं.

iii. **प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति**

किसी कंपनी के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कोई व्यक्ति, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शेयरधारकों की किसी बैठक में उपस्थित होने अथवा मतदान करने हेतु तब तक पात्र नहीं होगा, जब तक कि उस बैठक, जिसमें उसे विधिवत रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधि नियुक्त किया गया हो, के अध्यक्ष द्वारा प्रमाणित प्रस्ताव की प्रति बैंक को investors@centralbank.co.in पर ई-मेल के माध्यम से बैठक की नियत तारीख से न्यूनतम चार दिन पूर्व अर्थात गुरुवार, दिनांक 05 अगस्त, 2021 को सायं: 5.00 बजे या उसके पूर्व तक न भेजी जाए.

iv. बैंक के किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी को किसी शेयरधारक के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा.

v. **ई-मेल आईडी और बैंक खाता विवरणों का पंजीकरण :**

यदि खाताधारक का ई-मेल आईडी पहले ही बैंक / उसका पंजीयक (रजिस्ट्रार) एवं शेयर ट्रान्सफर एजेंट ''आरटीए'' / डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत है तो ई-वोटिंग के लॉग-इन विवरण उस पंजीकृत ई-मेल पते पर भेजे जाएंगे.

यदि खाताधारक ने अपना ई-मेल आईडी बैंक / उसका रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट ''आरटीए'' / डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत नहीं किया है अथवा लाभांश, यदि भविष्य में घोषित किया जाता है, की प्राप्ति के लिए बैंक खाता अधिदेश अद्यतन नहीं किया है, तो निम्न अनुदेशों का पालन करें:

(i) कृपया हमारा आरटीए, लिंक इनटाईम इंडिया प्रा.लि. की वेबसाइट www.linkintime.co.in पर इन्वेस्टर सर्विसेस ई-मेल / बैंक डिटेल रजिस्ट्रेशन पर लॉग-इन करें. विवरण भरें और आवश्यक कागज़ात अपलोड कर, सबमिट करें. **अथवा**

(ii) **यदि शेयर डीमेट स्वरूप में रखें गये हैं:**

शेयरधारक कृपया अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपंट ("डीपी") से संपर्क करें और डीपी में प्रचलित और उनके द्वारा सूचित पद्धति के अनुसार डीमेट खाते में ई-मेल आईडी और बैंक खाता विवरण पंजीकृत करें.

vi. उक्त वर्णित एमसीए परिपत्रों तथा सेबी द्वारा दिनांक 12 मई, 2020 को जारी परिपत्र (यथा संशोधित, यदि कोई हो) के अनुसार वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना सिर्फ इलेक्ट्रानिक पद्धति से उन सदस्यों को भेजी जाएगी, जिनके -मेल आईडी बैंक / डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत हैं. सदस्य नोट करें कि वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना बैंक की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in पर इन्वेस्टर रिलेशन्स लिंक के अंतर्गत, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. तथा बीएसई लिमिटेड इन स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों पर भी उपलब्ध हैं. सदस्य वार्षिक सामान्य बैठक में सिर्फ वीसी/ ओएवीएम सुविधा से ही उपस्थिति और सहभागिता कर सकते हैं.

vii. ई-वोटिंग और वार्षिक सामान्य बैठक से जुड़ने के लिए निम्न अनुदेश हैं:

वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से वार्षिक सामान्य बैठक में उपस्थित रहने वाले शेयरधारक /सदस्यों के लिए अनुदेश:

1) शेयरधारक / सदस्य लिंक इनटाईम इंडिया प्रा.लि. द्वारा प्रदत्त वीसी / ओएवीएम के माध्यम से वार्षिक सामान्य बैठक में उपस्थित रहने हेतु निम्न प्रक्रिया करने के बाद पात्र होंगे. वीसी / ओएवीएम के माध्यम से वार्षिक सामान्य बैठक से जुड़ने की सुविधा वार्षिक सामान्य बैठक शुरू होने के निर्धारित समय से 15 मिनिट पूर्व खुल जायेगी और सदस्यों को "पहले आयें, पहले पायें" के आधार पर उपलब्ध होगी.

शेयरधारक/सदस्यों से अनुरोध है कि वीसी / ओएवीएम के माध्यम से सहभागिता सीमित होने के कारण ''पहले आयें पहले पायें'' के आधार पर सहभागिता करें और यह सुविधा वार्षिक सामान्य बैठक शुरू होने के निर्धारित समय से 15 (पंद्रह) मिनिट पश्चात बंद की जायेगी. 2% से अधिक शेयरधारिता रखनेवाले शेयरधारक / सदस्य, प्रमोटर, संस्थागत निवेशक, निदेशक, केएमपी, लेखापरीक्षा समिति, नामांकन तथा पारिश्रामिक समिति, स्टेकधारक संबंध समिति के अध्यक्ष तथा लेखापरीक्षक आदि को बैठक में ''पहले आयें, पहले पायें'' के प्रतिबंध के बिना अनुमति दी जाएगी. सदस्य बैठक के निर्धारित समय से 15 (पंद्रह) मिनिट पूर्व लॉग-इन कर बैठक में जुड़ सकते हैं और जुड़ने के लिए विन्डो निर्धारित समय के पश्चात 15 (पंद्रह) मिनिट तक खुली रहेगी. सहभागिता सिर्फ 2500 सदस्यों तक ही सीमित हैं.

वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से वार्षिक सामान्य बैठक में उपस्थित रहने हेतु शेयरधारक / सदस्यों को 'इन्स्टामीट' सुविधा प्रदान की जाएगी. जिसमें शेयरधारक / सदस्यों को निम्नानुसार अपने विवरण पंजीकृत कर बैठक में उपस्थित रहना होगा:

1. इंटरनेट ब्राउज़र खोलकर, इन्स्टामीट के लिए यूआरएल <<https://instameet.linkintime.co.in>> डालें और निम्न विवरण पंजीकृत करें:

   ए. डीपी आईडी/ ग्राहक आईडी अथवा लाभार्थी आईडी अथवा फोलियो नं.: आपका बैंक के साथ पंजीकृत 16 आंकड़ों वाला डीपी आईडी/ ग्राहक आईडी अथवा लाभार्थी आईडी अथवा फोलियो नं. प्रविष्ट करें.

   बी. पैन : आपका 10 डिजिट का स्थायी खाता नंबर प्रविष्ट करें.

   सी. मोबाइल नंबर.

   डी. ई-मेल आईडी

2. ''गो टू मिटिंग'' पर क्लिक करें.

नोट :

बेहतर अनुभव के लिए शेयरधारकों/सदस्यों से अनुरोध है कि ब्राडबैड से जुड़े टेबलेट / लैपटॉप के माध्यम से बैठक में जुड़े.

बैठक के दौरान अवरोध टालने हेतु शेयरधारकों/सदस्यों को अच्छी स्पीड (अधिमानत: 2 एमबीपीएस डाऊनलोड स्ट्रीम) के इंटरनेट का प्रयोग करना चाहिए.

कृपया ध्यान दें कि मोबाईल हॉट स्पॉट के जरिए मोबाईल / टेबलेट/ लैपटॉप के माध्यम से जुड़ने वाले शेयरधारकों/सदस्यों को नेटवर्क उतार-चढ़ाव के कारण दृश्य-श्रव्य में व्यवधान हो सकता है. अत: उक्त खामियों को दूर करने हेतु स्थिर वाई-फाय अथवा लैन कनेक्शन का उपयोग करने की अनुशंसा की जाती है.

यदि शेयरधारकों / सदस्यों को ई-वोटिंग के संबंध में कुछ प्रश्न या समस्या है तो आप instameet@linkintime.co.in पर ई-मेल करें अथवा टेलीफोन 022-4918 6175 पर कॉल करें.

वार्षिक सामान्य बैठक के दौरान वक्ता के **रूप** में पंजीकरण **चाहने** वाले शेयरधारकों / सदस्यों के लिए अनुदेश :

बैठक के दौरान अपने विचार व्यक्त करने / प्रश्न पूछने वाले शेयरधारक / सदस्य स्वयं को वक्ता के रूप में पंजीकृत करने के लिए अपना अनुरोध ई-मेल smmbd@centralbank.co.in पर दिनांक 05.08.2021 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांक 07.08.2021 को सायं 5.00 बजे तक अपने नाम, डीमेट खाता नंबर / फोलियो नंबर, ई-मेल आईडी, मोबाईल नंबर के साथ भेजें.

बैठक के दौरान वक्ताओं को "पहले आयें पहले पायें" के आधार पर अपने विचार व्यक्त करने / प्रश्न पूछने की अनुमति दी जाएगी.

बैठक के लिए उपस्थिति दर्ज करने के बाद शेयरधारकों को ''वक्ता क्रमांक'' प्राप्त होगा. अन्य शेयरधारक बैठक के दौरान सक्रिय चैट-बोर्ड के माध्यम से पैनलिस्ट से प्रश्न पूछ सकते हैं. शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे वक्ता क्रमांक याद रखें और डिवाइस के वीडियो मोड और ऑडियो को चालू करके पैनलिस्ट के साथ बातचीत शुरू करें. शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे तभी बोलें जब बैठक / प्रबंधन का मॉडरेटर बोलने के लिए नाम और क्रमांक की घोषणा करेगा.

शेयरधारक / सदस्य, जो प्रश्न पूछना चाहते हैं, वे अपना प्रश्न पहले ही ई-मेल investors@centralbank.co.in पर अपने नाम, डीमेट खाता नंबर / फोलियो नंबर, ई-मेल आईडी, मोबाईल नंबर के साथ भेजें. उसका जवाब बैंक द्वारा उचित प्रकार से दिया जाएगा.

नोट :

बैठक के दौरान, सिर्फ वक्ता के रूप में पंजीकृत शेयरधारकों / सदस्यों को ही अपने विचार व्यक्त करने / प्रश्न पूछने की अनुमति दी जाएगी. बैंक वार्षिक सामान्य बैठक हेतु उपलब्ध समय के अनुसार वक्ताओं की संख्या सीमित रखने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता है.

बैठक के दौरान अवरोध टालने हेतु शेयरधारकों/सदस्यों को कैमेरा और अच्छी स्पीड (अधिमानतः 2 एमबीपीएस डाऊनलोड स्ट्रीम) के इंटरनेट का उपयोग करने की अनुमति है.

वार्षिक सामान्य बैठक के दौरान इन्स्टामीट के माध्यम से वोट करने हेतु शेयरधारकों/सदस्यों को अनुदेश :

बैठक के दौरान जब संचालक द्वारा इलेक्ट्रानिक मतदान प्रक्रिया सक्रिय की जाएगी तब जिन शेयरधारकों / सदस्यों ने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं दिया है वे निम्नानुसार अपना वोट दे सकेंगे :

1. शेयरहोल्डर्स वीसी पेज पर ई-वोटिंग के लिए ''कास्ट यूवर वोट'' लिंक पर ई-वोटिंग के लिए क्लिक करें.
2. डीमेट खाता संख्या/ फोलियो संख्या और ''इन्स्टामीट'' के पंजीकरण के दौरान (पंजीकृत मोबाइल नंबर / पंजीकृत ई-मेल आईडी पर प्राप्त) ओटीपी प्रविष्ट करें और 'सबमिट' पर क्लिक करें.
3. सफल (सक्सेसफुल) लॉगिन के पश्चात आपको मतदान करने के लिए "रिजोल्युशन डिस्क्रीप्शन" और उसके सामने ''फेवर/ अगेन्स्ट'' का विकल्प दिखायी देगा.
4. अपने इच्छित विकल्प अर्थात ''फेवर/ अगेन्स्ट'' का चयन कर अपना वोट दें. नियत (कट ऑफ) तारीख पर शेयरों की संख्या (जो वोटों की संख्या दर्शाती है) ''फेवर/अगेन्स्ट'' में प्रविष्ट करें.
5. आपके निर्णय के अनुसार "फेवर/ अगेन्स्ट" में से उचित विकल्प का चयन करने पर 'सेव' क्लिक करें. तब एक ''कन्फरमेंशन बॉक्स'' प्रदर्शित होगा. अगर आप अपने वोटों की पुष्टि करना चाहते है, तो ''कन्फर्म'' पर क्लिक करें, अगर परिवर्तन करना चाहते है तो ''बैक'' पर क्लिक कर, अपने वोट में सुधार करें.
6. कन्फर्म पर अपने वोट की पुष्टि करने के पश्चात, अपने वोट में परिवर्तन अथवा सुधार करना संभव नहीं होगा.

नोट :

''इन्स्टामीट'' सुविधा के जरिए वीसी / ओएवीएम के माध्यम से वार्षिक सामान्य बैठक में जो शेयरधारक / सदस्य उपस्थित रहेंगे और जिन्होंने संकल्प पर रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं दिया है और जो अन्यथा ऐसा करने के लिए वर्जित नहीं हैं, वे बैठक के दौरान ई-वोटिंग सुविधा के माध्यम से वोट देने हेतु पात्र होंगे.

वार्षिक सामान्य बैठक से पूर्व जिन शेयरधारकों / सदस्यों ने रिमोट ई-वोटिंग से अपना वोट दिया हैं, वे वार्षिक सामान्य बैठक में इन्स्टामीट सुविधा के जरिए वीसी / ओएवीएम के माध्यम से उपस्थित रहने / सहभागिता करने हेतु पात्र होंगे. तथापि, वे बैठक के दौरान पुन: वोट देने हेतु पात्र नहीं होंगे.

यदि शेयरधारकों / सदस्यों को ई-वोटिंग के संबंध में कुछ प्रश्न या समस्या है तो आप instameet@linkintime.co.in पर ई-मेल करें अथवा टेलीफोन 022-4918 6175 पर कॉल करें.

3. रिमोट ई-वोटिंग

सेबी (सूचीबद्ध प्रकटीकरण एवं अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के नियम 44 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 यथा संशोधित के नियम 20 तथा सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदत्त ई-वोटिंग सुविधा पर सेबी के परिपत्र दिनांक 9 दिसंबर, 2020 के अनुपालन में, बैंक, वैकल्पिक माध्यम के तौर पर रिमोट ई वोटिग सुविधा सहर्ष प्रस्तावित करता है ताकि सदस्यगण अपने वोट इलेक्ट्रॉनिक रूप से कर पाएं. बैंक द्वारा लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि., बैंक के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट के साथ रिमोट ई-वोटिंग को सुलभ बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली गयी हैं.

रिमोट ई-वोटिंग की अवधि शनिवार, दिनांक 07 अगस्त, 2021 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से सोमवार, दिनांक 09 अगस्त, 2021 को सायं 5.00 बजे तक है. इस अवधि के दौरान नियत (कट ऑफ) तारीख अर्थात मंगलवार, दिनांक 03 अगस्त, 2021 को भौतिक रूप से या डीमेट रूप में शेयर रखने वाले बैंक के शेयरधारक अपने वोट इलेक्ट्रानिक रूप से दे सकते हैं. तत्पश्चात, लिंक इनटाइम इंडिया प्रा.लि. द्वारा रिमोट ई-वोटिंग की यह सुविधा बंद की जाएगी.

I. डीमैट रूप / भौतिक रूप में प्रतिभूतियों को रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए रिमोट ई-वोटिंग और लॉगिन पद्धति के लिए प्रक्रिया और निर्देश नीचे दिए गए हैं:

❖ डीमैट रूप / भौतिक रूप में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए लॉगिन नीचे दिया गया है: -

शेयरधारकों का प्रकार	लॉगिन विधि
एनएसडीएल में डीमैट मोड में प्रतिभूतियों को रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	• यदि शेयरधारक पहले से ही एनएसडीएल आईडीईएएस सुविधा के लिए पंजीकृत है, तो कृपया एनएसडीएल की ई-सर्विसेज वेबसाइट देखें. पर्सनल कंप्यूटर पर या मोबाइल पर यूआरएल https://eservices.nsdl.com टाइप करके वेब ब्राउज़र खोलें. इस पर ई-सेवाओं का मुख पृष्ठ खुलने के बाद, ''लॉगिन'' के अंतर्गत ''बेनिफिशियल ओनर'' आइकन पर क्लिक करें, जो 'आइडीएएस' सेक्शन पर उपलब्ध है. तब एक नई स्क्रीन खुलेगी. तब शेयरधारक को आपकी यूजर आईडी और पासवर्ड प्रविष्ट करना होगा. • सफल प्रमाणीकरण के बाद, शेयरधारक ई-वोटिंग सेवाओं को देख सकेंगे. ई-वोटिंग सेवाओं के अंतर्गत "एक्सेस टू ई-वोटिंग" पर क्लिक करने पर ई-वोटिंग पेज देख सकेंगे. बैंक के नाम या लिंक इनटाइम नाम पर क्लिक करें और शेयरधारक को ई-वोटिंग सेवा प्रदाता यानी रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान वोट डालने या वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने और मीटिंग के दौरान वोटिंग के लिए लिंक इनटाइम वेबसाइट पर पुन: निर्देशित किया जाएगा. • यदि उपयोगकर्ता आईडीईएएस ई-सेवाओं के लिए पंजीकृत नहीं है, तब पंजीकरण का विकल्प https://eservices.nsdl.com पर उपलब्ध है. ''आईडीईएएस'' पोर्टल पर या https://eservices.nsdl.com/SecureWeb/IdeasDirectReg.jsp पर क्लिक करके ऑनलाइन पंजीकरण करें. • एनएसडीएल की ई-वोटिंग वेबसाइट पर जाएं. पर्सनल कंप्यूटर या मोबाइल पर यूआरएल https://www.evoting.nsdl.com टाइप करके वेब ब्राउज़र खोलें. इस पर ई-सेवाओं का मुख पृष्ठ खुलने के बाद, "लॉगिन" के अंतर्गत ''शेयरधारक / सदस्य'' आइकन पर क्लिक करें, तब एक नई स्क्रीन खुलेगी. तब शेयरधारक को आपकी यूजर आईडी (अर्थात एनएसडीएल के साथ आपका सोलह अंकों का डीमैट खाता नंबर), पासवर्ड / ओटीपी और स्क्रीन पर दिखाए गए सत्यापन कोड को दर्ज करना होगा. सफल प्रमाणीकरण के बाद, शेयरधारक को एनएसडीएल डिपॉजिटरी साइट पर निर्देशित किया जाएगा, जहां वह ई-वोटिंग पेज देख सकता है. बैंक या लिंक इनटाइम के नाम पर क्लिक करें और रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान वोट डालने या वर्चुअल में सम्मिलित होने एवं बैठक के दौरान वोट करने के लिए वह ई-वोटिंग सेवा प्रदाता वेबसाइट यानी https://instavote.linkintime.co.in पर निर्देशित किया जाएगा.
सीडीएसएल में डीमैट मोड में प्रतिभूतियों को रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	• विद्यमान उपयोगकर्ता जिन्होंने ईज़ी/ईज़ीएस्ट का विकल्प चुना है, वे अपने उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड के माध्यम से लॉगिन कर सकते हैं. बिना किसी और प्रमाणीकरण के ई-वोटिंग पेज पर पहुंचने का विकल्प उपलब्ध कराया जाएगा. ईजी / ईज़ीएस्ट में लागिन करने के लिए उपयोगकर्ताओं के लिए यूआरएल https://web.cdslindia.com/myeasi/home/login या www.cdslindia.com है और नए सिस्टम myeasi पर क्लिक करें. • ईज़ी / ईज़ीएस्ट के सफल लॉगिन के बाद उपयोगकर्ता ई वोटिंग मेनू भी देख सकेगा. मेन्यू में ई-वोटिंग सेवा प्रदाता यानी लिंक इनटाइम के लिंक होंगे. अपना वोट डालने के लिए लिंक इनटाइम नाम पर क्लिक करें. • यदि उपयोगकर्ता ईज़ी / ईज़ीएस्ट के लिए पंजीकृत नहीं है, तो पंजीकरण का विकल्प https://web.cdslindia.com/myeasi./Registration/EasiRegistration पर उपलब्ध है. • वैकल्पिक रूप से, उपयोगकर्ता www.cdslindia.com मुख पृष्ठ पर एक लिंक से डीमैट खाता संख्या और पैन नंबर प्रदान करके सीधे ई-वोटिंग पृष्ठ तक पहुंच सकते हैं. सिस्टम डीमैट खाते में पंजीकृत मोबाइल और ईमेल पर ओटीपी भेजकर उपयोगकर्ता को प्रमाणित करेगा. सफल प्रमाणीकरण के बाद, उपयोगकर्ता को संबंधित ईएसपी के लिए लिंक प्रदान किए जाएंगे जहां ई वोटिंग चल रही है.

शेयरधारकों का प्रकार	लॉगिन विधि
व्यक्तिगत शेयरधारक (डीमैट रूप में प्रतिभूति धारक) और अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से लॉगिन करें	• शेयरधारक ई-वोटिंग सुविधा के लिए एनएसडीएल / सीडीएसएल के साथ पंजीकृत अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के माध्यम से अपने डीमैट खाते के लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करके भी लॉगिन कर सकते हैं. • लॉगिन करने के बाद, शेयरधारक ई-वोटिंग विकल्प देख सकेंगे. एक बार जब वह ई-वोटिंग विकल्प पर क्लिक करता है, तो उसे सफल प्रमाणीकरण के बाद एनएसडीएल / सीडीएसएल डिपॉजिटरी साइट पर भेज दिया जाएगा, जहां वह ई-वोटिंग सुविधा देख सकता है. बैंक के नाम या लिंक इनटाइम नाम पर क्लिक करें और रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान वोट डालने या वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने और मीटिंग के दौरान वोटिंग करने के लिए उन्हें ई-वोटिंग सेवा प्रदाता वेबसाइट पर निर्देशित किया जाएगा.
भौतिक रूप में प्रतिभूतियों को रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	1. इंटरनेट ब्राउज़र खोलें और यूआरएल https://instavote.linkintime.co.in पर जाएँ. ► "शेयर धारक'' टैब के अंतर्गत ''साइन अप'' पर क्लिक करें और अपने निम्नलिखित विवरण के साथ पंजीकरण करें: - ए. यूजर आईडी: भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारक / सदस्य, कंपनी के साथ पंजीकृत इवेंट नंबर + फोलियो नंबर प्रदान करेंगे. बी. पैन: अपना 10-अंकीय स्थायी खाता संख्या (पैन) दर्ज करें (जिन सदस्यों ने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) / कंपनी के साथ अपना पैन अद्यतन नहीं किया है, आपको प्रदान की गई अनुक्रम संख्या यदि लागू हो का उपयोग करेंगे. सी. जन्मतिथि / निगमन तिथि: जन्म तिथि / निगमन तिथि प्रविष्ट करें (जैसा कि आपके डीपी/कंपनी के साथ दर्ज किया गया है - तिथि / माह / वर्ष प्रारूप में) डी. बैंक खाता संख्या: अपनी बैंक खाता संख्या (अंतिम चार अंक) प्रविष्ट करें, जैसा कि आपके डीपी/कंपनी के पास प्रविष्ट है. • भौतिक रूप में शेयर रखने वाले लेकिन 'सी' और 'डी' दर्ज नहीं किए गए शेयरधारक / सदस्य, ऊपर 'डी' में अपना फोलियो नंबर प्रदान करेंगे. ► अपनी पसंद का पासवर्ड सेट करें (पासवर्ड में कम से कम 8 अक्षर, कम से कम एक विशेष वर्ण (@!#$&*), कम से कम एक अंक, कम से कम एक अक्षर और कम से कम एक बड़े अक्षर का होना चाहिए. ► ''पुष्टि करें'' पर क्लिक करें (आपका पासवर्ड अब तैयार हो गया है). 2. 'शेयर धारक' टैब के अंतर्गत 'लॉगिन' पर क्लिक करें. 3. अपना यूजर आईडी, पासवर्ड और इमेज वेरिफिकेशन (कैप्चा) कोड दर्ज करें और 'सबमिट' पर क्लिक करें. 4. सफल लॉगिन के बाद आप ई-वोटिंग का नोटिफिकेशन देख पाएंगे? 'व्यू' आइकन चुनें. 5. ई-वोटिंग पेज दिखाई देगा. 6. संकल्प विवरण देखें और अपने वांछित विकल्प 'पक्ष / विरुद्ध' का चयन करके अपना वोट दें (यदि आप संपूर्ण संकल्प विवरण देखना चाहते हैं, तो 'रिज़ॉल्यूशन देखें' फ़ाइल लिंक पर क्लिक करें). 7. वांछित विकल्प यानी पक्ष / विपक्ष का चयन करने के बाद, 9सबमिट" पर क्लिक करें. एक पुष्टिकरण बॉक्स प्रदर्शित किया जाएगा. यदि आप अपने वोट की पुष्टि करना चाहते हैं, तो 'हां' पर क्लिक करें, अन्यथा अपना वोट बदलने के लिए, 'नहीं' पर क्लिक करें और तदनुसार अपना वोट संशोधित करें.

यदि भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारक पासवर्ड भूल गए हैं:

- 'शेयर होल्डर' टैब के अंतर्गत 'लॉगिन' पर क्लिक करें और आगे 'पासवर्ड भूल गए?' पर क्लिक करें.
- उपयोगकर्ता आईडी दर्ज करें, मोड चुनें और छवि सत्यापन कोड (कैप्चा) दर्ज करें. ''सबमिट'' पर क्लिक करें.

  यदि शेयरधारक के पास वैध ई-मेल पता है, तो पासवर्ड शेयरधारक के पंजीकृत ई-मेल पते पर भेजा जाएगा. अन्यथा, शेयरधारक सुरक्षा प्रश्न और उत्तर, पैन, जन्म तिथि / डीओआई, लाभांश बैंक विवरण आदि के विवरण के बारे में जानकारी प्रदान करके अपनी पसंद का पासवर्ड सेट कर सकता है और पुष्टि कर सकता है. (पासवर्ड में कम से कम 8 अक्षर, कम से कम एक विशेष वर्ण (@!#$&*), कम से कम एक अंक, कम से कम एक अक्षर और कम से कम एक बड़ा अक्षर होना चाहिए)

  नोट:

  भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए, विवरण का उपयोग केवल इस नोटिस में निहित प्रस्तावों पर मतदान के लिए किया जा सकता है.

  यह दृढ़ अनुशंसा की जाती है कि अपना पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा न करें और अपने पासवर्ड को गोपनीय रखने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतें.

  एनएसडीएल/सीडीएसएल के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक पासवर्ड भूल गए हैं:

  शेयरधारक / सदस्य जो यूजर आईडी / पासवर्ड प्राप्त करने में असमर्थ हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे उपर्युक्त डिपॉजिटरी / डिपॉजिटरी प्रतिभागियों की वेबसाइट पर उपलब्ध फॉरगेट यूजर आईडी और फॉरगेट पासवर्ड विकल्प का उपयोग करें.

❖ अपना वोट इलेक्ट्रानिक रूप में दें

1. सफल लॉग-इन के पश्चात, इन्स्टा वोट के होम पेज पर आपको ई-वोटिंग का नोटिफिकेशन दिखायी देगा. वोट देने के लिए बैंक का ''इवेन्ट नंबर'' चयन करें या देखें (सिलेक्ट/व्यू).
2. वोटिंग पेज पर आपको ''रिजोल्युशन डिस्क्रीपशन'' दिखायी देगा और उसके सामने वोटिंग के लिए ''फेवर/अगेन्स्ट'' का विकल्प दिखायी देगा. उचित विकल्प अर्थात् इच्छानुसार ''फेवर/अगेन्स्ट'' का चयन कर अपना वोट दें.

   कट ऑफ तारीख पर शेयर की संख्या (जो वोटों की संख्या दर्शाती है) ''फेवर/ अगेन्स्ट'' में प्रविष्ट करें. आप ''अलग रहना (अबस्टेन)'' के विकल्प का भी चयन कर सकते है, तो धारित शेयर्स ''फेवर/ अगेन्स्ट'' के लिए नहीं गिने जायेगें.
3. यदि आप पूरा संकल्प विवरण देखना चाहते है, तो ''व्यू रिज़ोल्यूशन'' फाइल लिंक पर क्लिक करें.
4. ''फेवर/ अगेन्स्ट'' में से उचित विकल्प का चयन करने पर आपने वोट देने का निर्णय लिया है तो 'सबमिट' पर क्लिक करें. एक ''कन्फरमेंशन बॉक्स'' दिखेगा. अगर आप अपने वोट की पुष्टि करना चाहते है, तो ''हां (यस)'' पर क्लिक करें, अगर परिवर्तन करना चाहते है तो ''नहीं (नो)'' पर क्लिक कर, अपने वोट में संशोधन करें.
5. एक बार संकल्प पर अपने वोट की पुष्टि करने के पश्चात अपने वोट में परिवर्तन अथवा सुधार करना संभव नहीं है.
6. आप वोटिंग पृष्ठ पर ''प्रिंट'' विकल्प का चयन कर, अपने दिये गये वोट का 'प्रिंट आउट' भी ले सकते हैं.

❖ संस्थागत शेयरधारकों के लिए सामान्य दिशानिर्देश:

- संस्थागत शेयरधारकों (अर्थात वैयक्तिकों के अलावा, एचयूएफ, एनआरआई इत्यादि) एवं अभिरक्षक को एलआईआईपीएल की ई-वोटिंग प्रणाली में https://instavote.linkintime.co.in पर लॉगिन कर अपने आपको ''अभिरक्षक (कस्टोडियन) / म्युच्युअल फंड / कॉर्पोरेट निकाय'' के तौर पर पंजीकृत करना होगा.

  उन्हें बोर्ड का संकल्प / प्राधिकार पत्र/ मुख्तारनामा आदि की स्कैन की गयी प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि, साथ ही विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि(यों) के सत्यापित नमूना हस्ताक्षर, पीडीएफ प्रारूप में ''अभिरक्षक (कस्टोडियन) / म्युच्युअल फंड / कॉर्पोरेट निकाय'' लॉग-इन में अपलोड करने होगें, ताकि जांचकर्ता (स्क्रूटिनाइज़र) उसे सत्यापित कर सकें.

❖ शेयरधारकों के लिए सामान्य दिशानिर्देश:

- वोटिंग अवधि के दौरान शेयरधारक उस विशिष्ट इवेंट के लिए संकल्प(ल्पों) हेतु वोट करने तक कई बार लॉगिन कर सकते हैं.
- विभिन्न फोलियों / डीमेट खाता रखनेवाले शेयरधारक, प्रत्येक फोलियो / डीमेट खाते के लिए स्वतंत्र रूप से वोटिंग प्रक्रिया को चुन सकते हैं.

- डीमैट रूप में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए हेल्पडेस्क:

  यदि शेयरधारकों / सदस्यों के पास डीमैट रूप में प्रतिभूतियों को रखने के लिए डिपॉजिटरी यानी एनएसडीएल / सीडीएसएल के माध्यम से लॉगिन करने से संबंधित कोई तकनीकी समस्या है, तो वे नीचे दिए गए संबंधित हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं:

लॉगिन प्रकार	हेल्पडेस्क विवरण
एनएसडीएल के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	लॉगिन में किसी भी तकनीकी समस्या का सामना करने वाले सदस्य evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर एनएसडीएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं या टोल फ्री नंबर: 1800 1020 990 और 1800 22 44 30 पर कॉल कर सकते हैं.
सीडीएसएल के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	लॉगिन में किसी तकनीकी समस्या का सामना करने वाले सदस्य helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजकर सीडीएसएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं या 022- 23058738 या 22-23058542-43 पर संपर्क कर सकते हैं.

- यदि शेयरधारक / सदस्य भौतिक रूप में प्रतिभूतियों को धारण करते हैं / संस्थागत शेयरधारकों के पास ई-वोटिंग के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो कृपया https://instavote पर उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (''एफएक्यू'') और इंस्टावोट ई-वोटिंग मैनुअल देखें. linkintime.co.in, हेल्प सेक्शन के तहत या enotices@linkintime.co.in पर ईमेल लिखें या हमें कॉल करें:- दूरभाष: 022 - 49186000

II. **शेयरोंधारकों के वोटिंग अधिकार कट-ऑफ तारीख अर्थात् मंगलवार, दिनांक. 3 अगस्त,** 2021 **को बैंक की** चुकता **इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होंगे. तथापि,बैंकिंग कंपनीज (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम,** 1970 **की धारा** 3(2ई) **के प्रावधानों की शर्तों के अनुसार, केन्द्र सरकार को** छोड़कर, **बैंक का अन्य कोई भी शेयरधारक उसके धारित शेयरों के लिए बैंक के सभी शेयरधारकों के कुल वोटिंग अधिकारों के दस प्रतिशत से अधिक, वोटिंग अधिकार का प्रयोग करने हेतु पात्र नहीं होगा.**

III. ऐसा व्यक्ति, जिसका नाम कट-ऑफ तिथि अर्थात **मंगलवार, दिनांक. 3 अगस्त,** 2021 को सदस्यों के रजिस्टर में अथवा डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए लाभार्थी स्वामी के रजिस्टर में रिकार्ड किया गया है, सिर्फ वह रिमोर्ट ई-वोटिंग और एजीएम में ई-वोटिंग की सुविधा के लिए पात्र होगा.

IV. **ऐसा व्यक्ति, जो बैठक की सूचना ई-मेल के माध्यम से भेजे जाने के पश्चात बैंक का सदस्य बना हो तथा कट-ऑफ तिथि अर्थात मंगलवार, दिनांक. 3 अगस्त,** 2021 **को शेयर धारण करता हो, उपर्युक्त प्रक्रिया के अनुसार** यूजर **आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है.**

V. **इस सूचना की प्रति, बैंक की वेबसाइट एवं लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि. की वेबसाइट पर प्रदर्शित की गई है.**

VI. **रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया को उचित एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करने हेतु, एस. एन अनंथसुब्रमनियन एंड कंपनी को जांचकर्ता के** रूप **में नियुक्त किया गया है.**

VII. जांचकर्ता ई-वोटिंग अवधि के समापन से दो (2) कार्य दिवसों की अधिकतम अवधि के भीतर कम से कम दो (2) गवाहों की उपस्थिति में वोटों को अनब्लॉक करेगा जो बैंक के रोजगार में नहीं हैं और जांचकर्ता की रिपोर्ट चाहे वह पक्ष में अथवा विरूद्ध, जैसी भी हो, तैयार कर अध्यक्ष महोदय को प्रस्तुत की जायेगी.

VIII. **जांचकर्ता की रिपोर्ट के साथ घोषित परिणाम बैंक की वेबसाइट** www.centralbankofindia.co.in **एवं लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि. की वेबसाइट पर बैंक की वार्षिक साधारण बैठक में संकल्प परित करने के दो (2) दिनों के भीतर प्रदर्शित किए जाएंगे एवं बीएसई लिमिटेड तथा नेशनल स्टॉक लिमिटेड को भी सूचित किए जाएंगे.**

4. शेयरधारकों के रजिस्टर का बंद होना :

बैंक के शेयरधारकों का रजिस्टर एवं शेयर अंतरण बहियां, दिनांक 07 अगस्त, 2021 (शनिवार) से दिनांक 10 अगस्त, 2021 (मंगलवार) (दोनों दिन शामिल है) तक बंद रहेंगी.

5. मतदान का अधिकार

अधिनियम की धारा 3(2ई) के उपबंधों के अनुसार, सदृश नए बैंक का कोई भी शेयरधारक, अपने द्वारा धारित शेयरों के सम्बंध में, बैंक के सभी शेयरधारकों के कुल मताधिकार के दस प्रतिशत से अधिक के मतदान-अधिकार का प्रयोग करने का हक़दार नहीं होगा / होगी.

उपर्युक्त के अधीन, विनियमन 68 के अनुसारकेन्द्र सरकार से भिन्न, प्रत्येक शेयरधारक, जो शेयरधारक के रुप में पंजीकृत है, अपना हाथ दिखाकर एक मत दे सकेगा और मतदान की स्थिति में उसके द्वारा धारित प्रत्येक शेयर के लिए उसे एक वोट देने का अधिकार होगा.

6. बैठक का परिणाम:

इस संकल्प को एजीएम की तारीख को बैंक के प्रधान कार्यालय में संकल्प के पक्ष में अपेक्षित संख्या में मतों की प्राप्ति के अधीन पारित माना जाएगा

7. बैठक का अभिलेख / कार्यवृत्त:

वीसी / ओएवीएम के माध्यम से आयोजित एजीएम का कार्यवृत्त यथाशीघ्र निवेशक संबंध अनुभाग के तहत बैंक की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in पर उपलब्ध कराया जाएगा.

8. संयुक्त धारकों के अधिकारों का उपयोग

विनियमनों के विनियम 10 के अनुसार, यदि कोई शेयर दो अथवा अधिक व्यक्तियों के नाम पर है, तो मतदान के मामले में रजिस्टर में उल्लिखित प्रथम नाम के व्यक्ति को एकमात्र धारक माना जाएगा. अत: यदि शेयर्स संयुक्त धारकों के नाम में हैं तो केवल प्रथम नामांकित व्यक्ति ही बैठक में भाग लेने एवं मत देने का हकदार होगा.

9. शेयरधारक बैठक के लिए वार्षिक रिपोर्ट बैंक की वेबसाइट से भी देख सकते हैं.

10. भौतिक स्वरूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को सूचना :

जैसा कि आप जानते ही हैं कि भौतिक स्वरूप में शेयरों का क्रय-विक्रय नहीं किया जा सकता, अत: शेयरधारकों को तरलता प्रदान करने के लिए, हम आपसे निवेदन करते हैं कि आप अपने शेयरों को डीमेट स्वरूप में परिवर्तित कर लें. आप बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा, जो डीमेट सेवा प्रदान करती हो, में खाता खोलकर अपने शेयरों को डीमेट स्वरूप में परिवर्तित कर सकते हैं. बैंक की वेबसाइट पर डीमेट सेवाएं प्रदान करने वाली शाखाओं की सूची उपलब्ध है. शेयरों को डीमेट स्वरूप में परिवर्तित करने के अनेक फायदे हैं जैसे क्षति अथवा गलत सुपुर्दगी से बचाव, तीव्र निपटान, कागज रहित लेन-देन आदि. साथ ही, पते में परिवर्तन, बैंक अधिदेश, नामांकन एवं लेनदेन के अनुरोध की सूचना भी एक ही स्थान पर अर्थात वह शाखा, जहां आपने अपना डीमेट खाता खोला है, में ही देनी होती है, भले ही आपके पास एक से अधिक कंपनियों/संस्थाओं के शेयर हों.

11. अदावाकृत लाभांश, यदि कोई है:

वे शेयरधारक, जिन्होंने अपने लाभांश वारंट नहीं भुनाए हैं या जिन्हें पिछले वर्षों में किसी भी वर्ष के लाभांश प्राप्त नहीं हुए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने बैंक खाते में सीधे भुगतान किए जाने या दूसरा (डुप्लीकेट) लाभांश वारंट /मांग ड्राफ्ट जारी करने के लिए बैंक के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट से संपर्क करें.

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण), अधिनियम, 1970 की धारा 10बी के अनुसार, अप्रदत्त लाभांश खाते में अंतरण की तारीख से सात वर्षों की अवधि तक यदि लाभांश की राशि अदत्त अथवा अदावाकृत रहती है तो वह राशि निवेशक शिक्षा एवं सुरक्षा निधि (आईईपीएफ) में अंतरित कर दी जाएगी और तत्पश्चात इस भुगतान के संदर्भ में कोई दावा न तो बैंक और न ही आईईपीएफ पर लागू होगा.

व्याख्यात्मक विवरणी

दिनांक 31.03.2021 को बैंक की संचित हानि का समायोजन शेयर प्रीमियम से करना

(i) बैंक दिनांक 31.03.2021 को रुपये 1,87,24,21,73,828.20 (अठारह हजार सात सौ चौबीस करोड़ इक्कीस लाख तिहत्तर हजार आठ सौ अट्ठाईस और पैसे बीस) बैंक की संचित हानि को सेट ऑफ की तारीख को बैंक के शेयर प्रीमियम खाते में जमा शेष राशि का उपयोग करके बंद करने का प्रस्ताव करता है तदनुसार चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान शेयर प्रीमियम खाता शेष कम हो जाएगा.

(ii) उपरोक्त प्रस्तावित शेयर प्रीमियम कटौती का प्रभाव, यदि स्वीकृत और अंतिम रूप दिया जाता है, तो दिनांक 31.03.2021 को ₹ 1,87,24,21,73,828.20, की संचित हानियां, को तदनुसार सेट ऑफ कर दिया जाएगा.

(iii) बैंक का विचार है कि वर्तमान परिदृश्य में बैंक के लिए उपलब्ध यह सबसे व्यावहारिक और आर्थिक रूप से कुशल विकल्प है ताकि बैंक की वित्तीय स्थिति का सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जा सके.

(iv) बैंक अपनी वास्तविक वित्तीय स्थिति का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम होगा जिससे शेयरधारकों को लाभ होगा क्योंकि उनकी होल्डिंग से बेहतर मूल्य मिलेगा और एक उचित समय सीमा के भीतर लागू प्रावधानों के अनुसार बैंक को लाभांश भुगतान के रूप में बैंक के शेयरधारकों के लाभ के अवसरों का पता लगाने में भी सक्षम होगा. यह प्रस्ताव समयबद्ध तरीके से अपनी टर्नअराउंड योजनाओं को प्राप्त करने के लिए बैंक को बेहतर स्थिति में लाएगा.

(v) बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970 किसी भी चुकता पूंजी जिसकी हानि हो जाती हैं, या उपलब्ध संपत्तियों से समर्थित नहीं होती हैं को रद्द करके अपनी चुकता पूंजी को कम करने का प्रावधान करता है, और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) संशोधन योजना, 2020) के रूप में संशोधित राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 एक राष्ट्रीयकृत बैंक को बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 के संदर्भ सहित चुकता पूंजी की कमी के लिए समान प्रक्रिया का पालन करके अपने शेयर प्रीमियम खाते से किसी भी राशि को विनियोजित करने की अनुमति देता है.

(vi) चूंकि संचित हानियों को समायोजित करने के उद्देश्य से बैंक के शेयर प्रीमियम खाते के प्रस्तावित उपयोग को पूंजी में कमी माना जाएगा, बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3(2 बीबीए) के प्रावधानों के अनुसार एक विशेष संकल्प के माध्यम से बैंक के शेयरधारकों का अनुमोदन मांगा जा रहा है.

(vii) बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 17(2) में यह प्रावधान है कि जहां बैंक शेयर प्रीमियम खाते से किसी राशि या राशियों का विनियोग करता है, वह इस तरह के विनियोग की तारीख से इक्कीस दिनों के भीतर ऐसे विनियोग से संबंधित परिस्थितियों की व्याख्या करते हुए इस तथ्य की रिपोर्ट रिज़र्व बैंक को करेगा. बैंक निर्धारित समयावधि के भीतर इस अपेक्षा का अनुपालन करेगा.

(viii) शेयर प्रीमियम खाते में कमी, जिसमें शेयर प्रीमियम खाते में जमा राशि को कम करके पी एंड एल खाते में डेबिट शेष को शामिल करना शामिल है, बैंक द्वारा अपने शेयरधारकों के किसी भी विचार का निर्वहन नहीं करता है. तदनुसार, शेयर प्रीमियम खाते में कमी के बाद बैंक की इक्विटी पूंजी संरचना और शेयरधारिता पैटर्न अपरिवर्तित रहेगा. शेयरों की बुक वैल्यू भी अपरिवर्तित रहेगी.

(ix) इससे शेयरधारकों और लेनदारों के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं होता है. निदेशक मंडल ने 15.07.2021 को आयोजित अपनी बैठक में बैंक और उसके शेयरधारकों के सर्वोत्तम हित में शेयर प्रीमियम खाते के उपयोग के उपरोक्त प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है.

आपके निदेशकगण इस कार्यसूची की सूचना में यथा-उल्लेखित विशेष प्रस्ताव को पारित करने की अनुशंसा करते हैं.

बैंक के निदेशकगण को बैंक में उनकी वैयक्तिक क्षमता में उनकी शेयरधारिता की सीमा तक इस संकल्प हेतु सम्बद्ध एवं इच्छुक माना जाएगा.

निदेशक मंडल के आदेश से

हस्ताक्षर/-

स्थान : मुम्बई
(आनंद कुमार दास)
दिनांक : 15.07.2021
उप महाप्रबंधक कंपनी सचिव

कुल व्यवसाय

(₹ करोड़ में)

मद	मार्च 10	मार्च 11	मार्च 12	मार्च 13	मार्च 14	मार्च 15	मार्च 16	मार्च 17	मार्च 18	मार्च 19	मार्च 20	मार्च 21
कुल व्यवसाय	269225	310763	346898	402272	423390	450539	456336	449679	472323	467584	4,86,007	5,06,886
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि	23.49%	15.43%	11.63%	15.96%	5.25%	6.41%	1.29%	(1.46%)	5.04%	(1.00%)	3.94%	4.30
कुल जमा	162107	179356	196173	226038	240069	255572	266184	296671	294839	299855	3,13,763	3,29,973
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि	23.49%	10.64%	9.38%	15.22%	6.21%	6.46%	4.15%	11.45%	(0.62%)	1.70%	4.63%	5.17
कुल ऋण एवं अग्रिम	1,07,118	1,31,407	1,50,725	176234	1,83,321	1,94,967	1,90,152	1,53,008	1,77,484	1,67,729	1,72,244	1,76,913
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि	23.49%	22.67%	14.70%	16.92%	4.02%	6.35%	(2.47%)	(19.53%)	16.00%	(5.50%)	2.69%	2.71%
निवेश	52,008	54847	59577	72662	86384	95655	89895	93792	105295	129219	147,358	1,53,820
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि	17.02%	5.46%	8.62%	21.96%	18.88%	10.73%	(6.02%)	4.34%	12.26%	22.72%	14.03%	4.39%
सीडी अनुपात	66.08%	73.27%	76.83%	77.97%	76.36%	76.29%	71.44%	51.57%	60.20%	55.94%	54.90%	53.61
आस्तियों पर प्रतिलाभ	0.66%	0.70%	0.26%	0.44%	(0.47%)	0.21%	(0.48%)	(0.80%)	(1.61%)	(1.70%)	(0.35%)	(0.26%)

लाभप्रदता

(₹ करोड़ में)

मद	मार्च 10	मार्च 11	मार्च 12	मार्च 13	मार्च 14	मार्च 15	मार्च 16	मार्च 17	मार्च 18	मार्च 19	मार्च 20	मार्च 21
सकल आय	13,799	16,486	20,454	23,528	26,350	28,303	27,825	27,537	26,659	25,052	27.200	25,987
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि	19.73%	19.47%	24.62%	14.52%	11.99%	7.41%	(1.69%)	(1.03%)	(3.19%)	(6.03%)	8.57%	(4.79%)
सकल व्यय	11741	13895	17730	20355	23112	24744	25183	24448	23926	21925	22.856	21,287
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि	16.38%	18.35%	27.60%	14.81%	13.54%	7.06%	1.77%	(2.92%)	(2.14%)	(8.36%)	4.25%	(6.95%)
परिचालन लाभ	2058	2591	2815	3173	3238	3559	2642	3089	2733	3127	4.344	4,630
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि	43.24%	25.90%	8.65%	12.72%	2.05%	9.91%	(25.77%)	16.92%	(11.52%)	14.42%	38.92%	6.58%
शुद्ध लाभ/हानि	1059	1252	533	1015	(1263)	606	(1418)	(2439)	(5105)	(5641)	(1,121)	(888)
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि	85.36%	18.24%	(57.43%)	90.43%	(224.43%)	147.98%	(333.99%)	(72.00%)	(109.31%)	(10.50%)	80.13%	(20.79%)
निम (%)	1.86%	3.31%	2.78%	2.65%	2.73%	2.79%	2.78%	2.51%	2.47%	2.54%	2.78%*	2.78%
शुद्ध ब्याज आय	2545	5326	5169	5738	6493	7247	7065	6574	6517	6773	7,629	8,245
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि	14.23%	109.27%	(2.95%)	11.01%	13.16%	11.60%	(2.51%)	(6.95%)	(0.88%)	3.93%	12.64%	8.07%
गैर ब्याज आय	1735	1265	1395	1667	1923	1894	1938	2876	2623	2413	3,637	3,167
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि	62.15%	(27.09%)	10.28%	19.50%	15.35%	(1.51%)	2.32%	48.40%	(8.80%)	(8.01%)	50.73	(12.92%)

* चालू वर्ष में वर्गीकरण की पुष्टि हेतु जहां भी आवश्यक है वहां आंकडों का पुन: परिकलन/पुन: समुहन किया गया है.

निदेशक रिपोर्ट 2020-21

आपके निदेशकों को दिनांक **31** मार्च, 2021 समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षित लेखा विवरण, लाभ एवं हानि खाते तथा नकद-प्रवाह विवरण के साथ बैंक की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है.

1. कार्य निष्पादन विशिष्टताएं

- दिनांक 31 मार्च, 2021 को बैंक का कुल व्यवसाय ₹ 5,06,886 करोड़ रहा जो 31 मार्च, 2020 को ₹ 4,86,007 करोड़ था.
- बैंक की कुल जमाराशि ₹ 3,29,973 करोड़ हो गयी, जो 31 मार्च 2020 को ₹ 3,13,763 करोड़ थी.
- बैंक का कुल अग्रिम ₹ 1,76,913 करोड़ हो गया है, जो 31 मार्च, 2020 को ₹ 1,72,244 करोड़ था.
- दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष में कुल आय ₹ 25,897 करोड़ हुई जबकि दिनांक 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष में यह ₹ 27,200 करोड़ थी.
- बैंक की गैर-ब्याज आय दिनांक 31 मार्च, 2021 को ₹ 3167 करोड़ हुई जो दिनांक 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष में ₹ 3637 करोड़ थी.
- दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बैंक का परिचालन लाभ 6.58 % की वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 4,630 करोड़ हुआ, जो पिछले वर्ष दिनांक 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष में ₹ 4344 करोड़ था.
- दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष में बैंक ने ₹ 888 करोड़ की निवल हानि दर्ज की है, जबकि दिनांक 31 मार्च, 2020 को समाप्त पिछले वित्त वर्ष के दौरान निवल हानि ₹ 1121 करोड़ थी
- दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान प्रति कर्मचारी व्यवसाय बढ़कर ₹ 15.60 करोड़ हो गया, जो दिनांक 31 मार्च, 2020 को समाप्त पिछले वित्त वर्ष में ₹ 14.06 करोड़ था.
- दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए पूंजी पर्याप्तता अनुपात (बासल-II के अनुसार)14.27% रहा, जिसमें टीयर I - 10.73% और टीयर II - 3.54% है. दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए पूंजी पर्याप्तता अनुपात (बासल- III के अनुसार) 14.81 % हो गया, जिसमें टीयर I -12.82% और टीयर II - 1.99% है.
- दिनांक 31 मार्च, 2021 को बैंक की निवल मालियत ₹ 22,702.90 करोड़ रही.
- दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष में नकद वसूली घटकर (एनपीए की बिक्री सहित) ₹ 2963 करोड़ हो गयी जो दिनांक 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष में ₹ 3326 करोड़ थी.
- दिनांक 31 मार्च, 2021 को सकल एनपीए से सकल अग्रिम अनुपात बेहतरी दर्शाते हुए 16.55% हो गया जो दिनांक 31 मार्च, 2020 को 18.92% था.
- दिनांक 31 मार्च, 2021 को निवल एनपीए से निवल अग्रिम अनुपात घटकर 5.77% हो गया, जो दिनांक 31 मार्च, 2020 को 7.63% था.
- दिनांक 31 मार्च, 2021 को प्रावधान कवरेज अनुपात सुधरकर 82.54% हो गया जो दिनांक 31 मार्च, 2020 को 77.29% था.
- दिनांक 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष की तुलना में दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष में शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआइएम) 2.78% के स्थायी स्तर पर रही.
- दिनांक 31मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष में आस्तियों पर प्रतिफल (आरओए) -0.26 रहा.
- वित्तीय वर्ष. 2020-21 के दौरान प्राथमिकता क्षेत्र में ऋण नियोजन ₹ 88222 करोड़ रहा. तथापि, प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों में एएनबीसी को ऋण के आधिक्य का लाभ उठाने के लिए बैंक ने पीएसएलसी में बिक्री/खरीद लेन-देन किया है. वर्ष के दौरान बैंक ने प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों के अंतर्गत ₹ 22050 करोड़ के पीएसएलसी की बिक्री की.
- दिनांक 31 मार्च 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बैंक का कृषि ऋण ₹ 36207 करोड़ हो गया, जो दिनांक 31 मार्च, 2020 को समाप्त पिछले वित्तीय वर्ष में ₹ 34419 करोड़ था.
- दिनांक 31 मार्च 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए एमएसएमई अग्रिम पीएसएलसी और सिडबी में ₹ 355.81 करोड़ तथा मुद्रा लि. में ₹ 133.63 करोड़ के निवेश के बिना ₹ 32356 करोड़ रहा.

- दिनांक 31 मार्च 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष में रिटेल ऋण बढ़कर ₹ 49468 करोड़ हो गया जो दिनांक 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष में ₹ 46106 करोड़ था.
- दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बैंक का आवास ऋण पोर्टफोलियो ₹ 27969 करोड़ रहा, जो वर्ष-दर-वर्ष 8.44% की वृद्धि दर्शाता है. दिनांक 31 मार्च, 2021 को कुल रिटेल पोर्टफोलियो में आवास ऋण पोर्टफोलियो की हिस्सेदारी 56.54% रही.
- बैंक ने देश के 9 राज्यों में यथा मध्य प्रदेश (18), बिहार (9), महाराष्ट्र (6), उत्तर प्रदेश (5), पश्चिम बंगाल (3), छत्तीसगढ़ (2), राजस्थान (1), ओड़ीसा (1) एवं असम (1) में 46 ग्रामीण स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण केंद्र (आरसेटी)स्थापित किए हैं. वर्ष 2020-21 के दौरान, आरसेटी ने 573 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए और उनमें 15343 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया है. इनमें से 12384 (अर्थात 81%) प्रशिक्षुओं को बैंक ऋण, वेतन समझौते एवं स्व-वित्त के माध्यम से नियोजित किया गया है. नियोजित अभ्यर्थियों की क्रेडिट लिंकेज उपलब्धि 6513 अर्थात 43% रही.
- बैंक के पास दिनांक 31 मार्च, 2021 तक 2 राज्यों के 23 जिलों में 1174 शाखाओं के नेटवर्क के साथ 2 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक हैं.
- बैंक ने वित्तीय समावेशन के अंतर्गत 6532 बीसी एजेन्ट के नियोजन द्वारा 24311 गांवों को कवर किया है. बैंक ने 155 शहरी वित्तीय समावेशन केंद्र खोले हैं. बैंक ने बीसी एवं शाखाओं के माध्यम से 145 लाख बेसिक सेविंग बैंक डिपॉजिट खाते (बीएसबीडीए) खोले हैं.
- दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बैंकाश्युरेंस व्यवसाय से कुल ₹ 62.37 करोड़ की आय हुई.
- दिनांक 31 मार्च, 2021 को पूरे देश में बैंक के नेटवर्क में 4608 शाखाएं हैं जिनमें से 63.69% ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों में, 3644 एटीएम, 10 सेटेलाइट कार्यालय एवं 1 विस्तार पटल हैं

2. आय एवं व्यय

वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए आय एवं व्यय के विवरण निम्नानुसार दिए गए हैं:

(₹ करोड़ में)

		31.03.2021	31.03.2020	विचलन	%
1	**ब्याज आय**	22730	23563	(833)	(3.54)
	-अग्रिम	11638	12506	(868)	(6.94)
	-निवेश	10009	9916	93	0.94
	-अन्य	1083	1141	(58)	(5.08)
2	**गैर ब्याज आय**	3167	3637	(470)	(12.92)
3	**कुल आय (1+2)**	25897	27200	(1303)	(4.79)
4	**प्रदत्त ब्याज**	14485	15934	(1449)	(9.09)
	-जमाराशि	13994	15402	(1408)	(9.14)
	-अन्य	491	532	(41)	(7.71)
5	**परिचालन व्यय**	6782	6922	(140)	(2.02)
	-स्थापना	4141	4217	(76)	(1.80)
	-अन्य	2641	2705	(64)	(2.37)
6	**कुल व्यय (4+5)**	21267	22856	(1589)	(6.95)
7	**स्प्रैड (1-4)**	8245	7629	616	8.07
8	**परिचालन लाभ (3-6)**	4630	4344	286	6.58
9	**प्रावधान**	5518	5465	53	0.97
10	**कर के लिए प्रावधान**	(436)	212	(648)	(305.66)
11	**शुद्ध लाभ/(हानि) (8-9)**	(888)	(1121)	233	20.79

3. प्रावधान

पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, लाभ एवं हानि खाते को प्रभारित ₹ 5518 करोड़ के कुल प्रावधान का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

	31.03.2021 (वि.व.)	31.03.2020 (वि.व.)	विचलन
मानक आस्तियों के लिए प्रावधान	263	172	91
एनपीए के लिए प्रावधान	5129	4230	899
पुनर्संरचित खातों के लिए प्रावधान	76	(159)	235
निवेश के लिए प्रावधान	399	1065	(666)
करों के लिए प्रावधान	(436)	212	(648)
अन्य	87	(55)	142
कुल	5518	5465	53

4. लाभप्रदता अनुपात

(प्रतिशत में)

	31.03.2021 (वि.व.)	31.03.2020 (वि.व.)
जमाओं की लागत	4.35	5.11
निधियों की लागत	4.43	5.18
अग्रिमों पर आय	6.63	7.53
निवेशों पर आय	6.62	7.01
शुद्ध ब्याज मार्जिन	2.78	2.78*
लागत आय अनुपात	59.43	61.44

* चालू वर्ष में वर्गीकरण की पुष्टि हेतु जहां भी आवश्यक है वहां आंकडों का पुन: परिकलन / पुन: समुहन किया गया है.

5. व्यावसायिक अनुपात

(प्रतिशत में)

	31.03.2021 (वि.व.)	31.03.2020 (वि.व.)
औसत कार्यशील निधि (एडब्लूएफ) में ब्याज आय	6.67	7.26*
औसत कार्यशील निधि (एडब्लूएफ) में गैर ब्याज आय	0.93	1.12*
औसत कार्यशील निधि (एडब्लूएफ) में परिचालन लाभ	1.36	1.34*
औसत आस्तियों पर प्रतिफल	(0.26)	(0.35)
प्रति कर्मचारी व्यवसाय (₹ करोड़ में)	15.60	14.06
प्रति कर्मचारी शुद्ध लाभ (₹ करोड़ में)	(2.74)	(3.27)

* चालू वर्ष में वर्गीकरण की पुष्टि हेतु जहां भी आवश्यक है वहां आंकडों का पुन: परिकलन / पुन: समुहन किया गया है.

6. पूंजी एवं जोखिम भारित आस्तियों का अनुपात (सीआरएआर)

पूंजी पर्याप्तता अनुपात के घटक निम्नानुसार रहे:

	31.03.2021 (वि.व.)		31.03.2020 (वि.व.)	
	बासल -II	बासल-III	बासल-II	बासल-III
टियर -I	10.73	12.82	7.57	9.33
टियर -II	3.54	1.99	4.38	2.39
पूंजी पर्याप्तता अनुपात	14.27	14.81	11.95	11.72

7. शुद्ध लाभ/हानि

दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक को ₹ 888 करोड़ की शुद्ध हानि हुई है. वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए निदेशक मंडल ने इक्विटी शेयर पर किसी प्रकार का लाभांश देने की संस्तुति नहीं की है.

8. वर्ष के दौरान निदेशक मंडल में परिवर्तन :

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बैंक के निदेशक मंडल में निम्नलिखित परिवर्तन हुए :.

- वित्त मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार दिनांक 28 सितम्बर, 2020 को कार्यालयीन समय की समाप्ति से श्री थॉमस मैथ्यु भा.रि. बैं. के नामित निदेशक, बैंक के निदेशक नहीं हैं.
- वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार श्री पी.जे. थॉमस दिनांक 28 सितम्बर, 2020 से भा.रि.बैं. के नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किए गए.
- दिनांक 8 अक्तूबर, 2020 को कार्यालयीन समय की समाप्ति से श्री बी.एस. शेखावत,कार्यपालक निदेशक बैंक के निदेशक नहीं हैं.
- दिनांक 26 दिसंबर, 2020 को कार्यालयीन समय की समाप्ति से प्रो.(डॉ.) आत्मानंद अंश कालिक गैर- अधिकारी निदेशक, बैंक के निदेशक नहीं हैं.
- श्री पल्लव महापात्र, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनांक 28 फरवरी, 2021 को कार्यालयीन समय की समाप्ति से बैंक के निदेशक नहीं हैं.
- वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार श्री एम.वी. राव दिनांक 01 मार्च, 2021 से बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किए गए.
- वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार श्री विवेक वाही दिनांक 10 मार्च, 2021 से बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किए गए हैं.
- वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार श्री राजीव पुरी दिनांक 10 मार्च, 2021 से बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किए गए हैं.

निदेशक मंडल, वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान बैंक के निदेशक पद से निवृत्त हुए श्री बी.एस. शेखावत, श्री थॉमस मैथ्यु, प्रो.(डॉ.) आत्मानंद, श्री पल्लव महापात्र द्वारा प्रदत्त बहुमूल्य योगदान की सराहना करते हुए उनकी सेवाओं को रेखांकित करता है.

9. व्हिसल ब्लोअर नीति

लोकहित प्रकटीकरण एवं मुखबिर संरक्षण (पीआईडीपीआई) के अंतर्गत बैंक पर्दाफाश शिकायतों के लिए केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों का पालन करता है. बैंक का सेन्ट ई व्हिसिल ब्लोअर नामक एक वेब पोर्टल है जिसमें कर्मचारी और निदेशकगण कदाचारों की रिपोर्टिंग अपनी पहचान उजागर किए बिना कर सकते हैं, जो सिर्फ महाप्रबंधक - केन्द्रीय लेखापरीक्षा तथा निरीक्षण को ही ज्ञात होती है. निदेशकगण और कर्मचारी आवश्यकतानुसार लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष से भी संपर्क कर सकते हैं. इससे कदाचार पर अंकुश लगाने, धोखाधड़ी रोकने एवं कर्मचारियों का मनोबल बढाने में मदद मिलती है.

10. त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई

दिनांक 13 जून, 2017 को जारी अपने पत्र में भारतीय रिजर्व बैंक ने उच्च शुद्ध एनपीए और आस्तियों पर नकारात्मक प्राप्तियों के आलोक में बैंक को त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) के अंतर्गत रखा है. बैंक को यह विश्वास है कि पीसीए से बाहर आने के सुधारात्मक उपाय बैंक के संपूर्ण कार्यनिष्पादन को सुधारने में सहायक होंगे..

11. व्यावसायिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट

व्यावसायिक उत्तरदायित्व संबंधी रिपोर्ट, जो कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (दायित्व सूचीकरण एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम 2015 के विनियम 34 के अंतर्गत निर्धारित है, इसके साथ संलग्न है तथा बैंक की वेबसाइट (www.centralbankofindia.co.in) पर भी उपलब्ध है.

12. निदेशकों के उत्तरदायित्व संबंधी विवरण

निदेशकगण यह पुष्टि करते हैं कि दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक लेखों को तैयार करते समय:

- महत्त्वपूर्ण विचलन, यदि कोई है, के सम्बंध में समुचित स्पष्टीकरण के साथ, लागू लेखांकन मानकों का अनुपालन किया गया है;
- भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशानुसार तैयार लेखांकन नीतियों को सुसंगत रूप में लागू किया गया है;
- समुचित एवं विवेकपूर्ण निर्णय एवं प्राक्कलन किए गए हैं, ताकि वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर बैंक के कारोबारी मामलों का तथा दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के अंत में बैंक के लाभ/हानि का सही एवं स्पष्ट चित्रण प्रस्तुत किया जा सके;
- भारत में बैंकों को अधिशासित करने वाले नियमों के प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त लेखांकन अभिलेख रखने में समुचित एवं पर्याप्त सावधानियां बरती गई हैं;
- लाभकारी कारोबार वाले संस्थान के आधार पर, लेखे तैयार किए गए हैं.
- आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं एवं वे प्रभावी रूप से क्रियान्वित है, और
- सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए समुचित प्रणाली तैयार की गयी है जो पर्याप्त व प्रभावी रूप से क्रियान्वित हैं.

13. कॉर्पोरेट गवर्नेंस

बैंक का निदेशक मंडल, कॉर्पोरेट गवर्नेंस प्रथाओं को अक्षरशः अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है. बैंक ने कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर सुस्पष्ट लिखित प्रणाली तथा प्रथाओं को अपनाया है.

14. आभार

निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के अमूल्य मार्गदर्शन एवं सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करता है; निदेशक मंडल अपने ग्राहकों एवं शेयरधारकों द्वारा प्रदत्त निर्बाध समर्थन एवं विश्वास के लिए उनके प्रति भी आभार व्यक्त करता है.

कृते निदेशक मंडल एवं उनकी ओर से

हस्ताक्षरित/-

स्थान: मुंबई
दिनांक: 15 जुलाई, 2021

एम वी राव
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

फॉर्म नंबर एमआर -3

सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट

दिनांक 31 मार्च 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

[भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड 2015 के विनियम 24ए (सूचिकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण उपेक्षाएं विनियम) के अनुसार]

प्रति,

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सदस्यगण,

हमने लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन की सचिवीय लेखा परीक्षा की है और पाया है कि **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** (इसके पश्चात बैंक कहा गया है) द्वारा अच्छे कॉर्पोरेट व्यवहारों का पालन किया जाता है. सचिवीय लेखा परीक्षा इस तरीके से की गई है कि इस पर कॉरपोरेट संचालन / वैधानिक अनुपालन के मूल्यांकन एवं दिए गए हमारे टिप्पणियों पर उचित आधार दिया गया है.

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की बहियों, कागजात, कार्यवृत्त पुस्तिका, प्रपत्रों और भरे गए रिटर्न एवं बैंक द्वारा रखे गए अन्य रिकॉर्डों की जांच और साथ ही सचिवीय लेखा परीक्षा करने के दौरान बैंक अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर, हम एतद्द्वारा रिपोर्ट करते हैं कि हमारे विचार में, बैंक ने, दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष को कवर करने वाले लेखा परीक्षा अवधि के दौरान, नीचे सूचीबद्ध वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन किया है एवं साथ ही यह भी है कि बैंक के पास एक सीमा तक उचित बोर्ड-प्रक्रियाएं और अनुपालन-तंत्र हैं, इसके पश्चात की गई रिपोर्टिंग के तरीके और विषय निम्नानुसार हैं :

हमने निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार दिनांक 31मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लेखों, कागजातों, कार्यवृत्त लेखों, प्रपत्रोंऔर बैंक द्वारा रखे गए अन्य अभिलेखों की जांच की है:

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) एवं इसके अधीन बने नियम, जो बैंक पर प्रभावी रूप से लागू हैं.

(ii) प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1957 ('एससीआरए') और उसके तहत बनाए गए नियम;

(iii) डिपॉजिटरी अधिनियम, 1996 और इसके अंतर्गत बनाये गए विनियम और उपनियम;

(iv) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, ओवरसीज प्रत्यक्ष निवेश एवं बाहरी वाणिज्यिक उधार हेतु इसके अधीन बने नियमों एवं विनियमों; **(समीक्षाधीन अवधि में बैंक पर लागू नहीं)**

(v) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (''सेबी अधिनियम'') के तहत निर्धारित निम्नलिखित विनियम और दिशानिर्देश: -

(ए) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2018;

(बी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी का निर्गमन और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2018;

(सी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों का पर्याप्त अर्जन और अधिग्रहण) विनियम, 2011;

(डी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों को क्रय द्वारा वापस लेना (बाय-बैक)) विनियम, 2018; **(समीक्षाधीन वर्ष के दौरान लागू नहीं, क्योंकि कोई पुनर्खरीद नहीं हुई.**

(ई) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियम, 2014; (समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बैंक के लिए लागू नहीं)

(एफ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (ऋण प्रतिभूतियों का निर्गम और इनकी सूचीबद्धता) विनियम, 2008; (समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बैंक के लिए लागू नहीं)

(जी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (गैर-परिवर्तनीय और प्रतिदेय अधिमानी शेयर्स का निर्गमन एवं सूचीबद्ध करना) विनियम, 2013; (समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बैंक के लिए लागू नहीं)

(एच) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (अंतरंग व्यापार निरोधक) विनियम, 2015;

(आई)बैंक के लिए लागू अन्य नियम निम्नलिखित हैं :

(ए) भारतीय रिज़र्व बैंक और भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी अधिसूचना और परिपत्रों के साथ बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949

(बी) बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 और इसके संशोधन

(सी) राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970

(डी) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर और मीटिंग) विनियम, 1998

हमने निम्नलिखित लागू धाराओं के अनुपालन की भी जांच की है:

(i) भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी किए गए सचिवीय मानक

(ii) बैंक द्वारा बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड के साथ किए गए लिस्टिंग एग्रीमेंट्स.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, बैंक ने उपर्युक्त दिए गए अधिनियम, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों इत्यादि के प्रावधानों का अनुपालन किया है.

हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि

बैंक का निदेशक मंडल स्वतंत्र निदेशकों एवं महिला निदेशकों सहित कार्यपालक निदेशकों, गैर कार्यपालक निदेशकों के समुचित संतुलन सहित गठित है. निदेशक मंडल के संघटन में समीक्षा समयावधि के अंतर्गत किए गए परिवर्तन बैंकिंग विधि के प्रावधान के अनुपालन में सेबी (एलओडीआर) के साथ सामंजस्य सहित है.

कोविड 19 महामारी के प्रकोप के दृष्टिगत और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और सेबी द्वारा जारी छूट के अंतर्गत, बोर्ड की बैठकें एवं साधारण बैठकें वीडियो या दृश्य श्रव्य माध्यम से आयोजित की गईं और सभी बैठकों की सूचनाएं ई-मेल के माध्यम से भेजी गईं तथा बाद के संदर्भ हेतु उचित रिकॉर्ड बनाए रखा जाता है.

बैंक के निदेशक मंडल की बैठक में परिपत्रों के द्वारा प्रस्तावों सहित निर्णयोंपर सर्वसम्मति से सहमति दी गयी. समीक्षा की अवधि के अंतर्गत निदेशक मंडल के किसी भी सदस्य द्वारा कोई असहमति नहीं दर्शायी गयी.

इसके अतिरिक्त हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि बैंक के आकार एवं परिचालन के अनुसार इनकी देखरेख सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त प्रचलित कानून, नियम, विनियम तथा दिशा-निर्देश हैं.

इसके अतिरिक्त हम यह भी सूचित करते हैं कि लेखा परीक्षा के दौरान:

1. बैंक ने 20 मई, 2020 को आयोजित अपनी बोर्ड बैठक में दो संहिताओं अर्थात् अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील सूचना (यूपीएसआई) का उचित प्रकटीकरण संहिता और सेबी (इनसाइडर ट्रेडिंग की रोकथाम) विनियमन, 2015 के संदर्भ में इनसाइडर ट्रेडिंग की रोकथाम के लिए आचरण संहिता में संशोधन किया.

2. बैंक ने 7 अगस्त, 2020 को आयोजित अपनी वार्षिक साधारण बैठक में प्रस्ताव दस्तावेज़ / विवरणिका या ऐसे अन्य दस्तावेज़ के माध्यम से भारत या विदेश में रु. 5,000/- करोड़ (केवल पांच हजार करोड़ रुपये) (प्रीमियम सहित, यदि कोई हो) के मूल्य तक की संख्या में इक्विटी शेयरों के सृजित करने, प्रस्ताव करने, जारी करने और (ऐसी श्रेणियों के व्यक्तियों जिन्हें प्रचलित कानून द्वारा अनुमति दी जा सकती है को इस निर्गम के कतिपय अंश के सुनिश्चित और / या प्रतिस्पर्धी आधार पर आवंटन हेतु आरक्षण के प्रावधान सहित) आवंटित करने के लिए विशेष प्रस्ताव पारित किया.

   तदनुसार, पूंजी संवर्धन समिति की बैठक में, जो दिनांक 28 सितंबर, 2020 को आयोजित की गई थी, योग्य संस्थागत खरीदारों को 15.38 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के निर्गम मूल्य पर 10 रुपये के अंकित मूल्य के 16,57,99,736 इक्विटी शेयर आवंटित किए गए थे.

3. भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 46(4)(i) और 51(1) के साथ पठित धारा 47ए (1) (सी) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 10 नवंबर, 2020 को "हाउसिंग सेक्टर-इनोवेटिव हाउसिंग लोन प्रोडक्ट्स अप फ्रंट डिस्बर्सल ऑफ़ हाउसिंग लोन" दिनांक 03 सितंबर, 2013 के निर्देशों का पालन न करने के लिए रु.50 लाख रुपये (केवल पचास लाख रुपये) का दण्ड लगाया.

4. पूंजी संवर्धन समिति ने दिनांक 11 दिसंबर, 2020 को हुई अपनी बैठक में वचन पत्र की प्रकृति में गैर-परिवर्तनीय प्रतिदेय असुरक्षित बेसल III अनुपालन टियर 2 बांड जारी करने और आवंटन करने के द्वारा रु. 500 करोड़ रुपये तक की पूंजी निधि जुटाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी.

5. धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के अंतर्गत देखी गई कुछ चूकों के लिए बैंक पर वित्तीय खुफिया इकाई ने अपने आदेश संख्या 14 / डीआईआर / फ्लू-आईएनडी / 2020 दिनांक 23 दिसंबर 2020 के अंतर्गत रुपये 2,00,000/- (रुपये दो लाख मात्र) का दण्ड लगाया. दिनांक 15 जनवरी 2021 को इस दण्ड का भुगतान कर दिया गया.

6. बैंक ने सेंट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड में अपनी 64.40% की संपूर्ण इक्विटी हिस्सेदारी यानी रुपये 10 प्रत्येक के 1,61,00,000 शेयरों को मेसर्स सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को बेचने के लिए एक बाध्यकारी समझौता किया.

   बैंक ने आगे सूचित किया कि उक्त शेयर खरीद समझौता 31 मार्च, 2021 को समाप्त हो गया. इसलिए, उक्त समझौता 1 अप्रैल, 2021 को रद्द हो गया है.

7. बैंक ने सूचित किया कि भारत के राष्ट्रपति (भारत सरकार) ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान बैंक के इक्विटी शेयरों (विशेष प्रतिभूतियां/बांड) के अधिमान्य आवंटन में योगदान के लिए रुपये 4800.00 करोड़ (रुपये चार हजार आठ सौ करोड़ केवल) जारी करने की स्वीकृति दी है. उक्त निधि दिनांक 31 मार्च, 2021 को बैंक को प्राप्त हुई थी और इसे शेयर एप्लिकेशन मनी खाते में रखा गया है.

8. बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा दिए गए सूचना ज्ञापन और अनुमोदन के संदर्भ में निम्नलिखित ऋण लिखतों को भुनाया है:

मोचन की तिथि	प्रलेख की प्रकृति	मोचन की राशि (₹ में)	उद्देश्य
11.06.2020	अपर टियर II बांड श्रृंखला (ISIN: INE483A09229)	1000,00,00,000	सूचना ज्ञापन के खंड के अनुसार
21.01.2021	अपर टियर II बांड श्रृंखला VI /(ISIN : INE483A08015	300,00,00,000	सूचना ज्ञापन के खंड के अनुसार

9. सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकता), 2015 के विनियम 57(1) के अनुसार, बैंक ने निम्नलिखित गैर-परिवर्तनीय ऋण प्रतिभूतियों के लिए मूलधन और ब्याज का भुगतान किया और स्टॉक एक्सचेंज को मूल राशि या ब्याज या दोनों देय होने पर सूचित किया.

क्रमांक	विवरण	देय दिनांक	ब्याज राशि	मूल राशि
1.	कॉल ऑप्शन के प्रयोग पर अपर टियर II बॉन्ड सीरीज V (ISIN: INE483A09229)	11.06.2020	₹ 85,70,00,000/-	₹ 1000,00,00,000/-
2.	पात्र बांडधारकों को 9.40% की कूपन दर पर ₹ 139.10 करोड़ मूल्य के परपेचुअल बॉन्ड सीरीज II (ISIN: INE483A09252)	28.09.2020	₹ 13,07,54,000/-	लागू नही.
3.	पात्र बांडधारकों को 9.80% की कूपन दर पर ₹ 500 करोड़ मूल्य के बेसल III कंप्लेंट टियर II बॉन्ड सीरीज IV (ISIN: INE483A08023)	30.09.2020	₹ 49,00,00,000/-	लागू नही.
4.	पात्र बांडधारकों को 9.90% की कूपन दर पर ₹ 1000 करोड़ मूल्य के बेसल III कंप्लेंट टियर II बॉन्ड सीरीज I (ISIN: INE483A09260)	09.11.2020	₹ 99,00,00,000/-	लागू नही.
5.	पात्र बांडधारकों को 9.33% की कूपन दर पर ₹ 500 करोड़ मूल्य के लोअर टियर II बांड सीरीज XIV (ISIN: INE483A09245)	21.12.2020	₹ 46,65,00,000/-	लागू नही.
6.	कॉल ऑप्शन के प्रयोग पर अपर टियर II बॉन्ड सीरीज VI (ISIN: INE483A08015)	21.01.2021	₹ 27,60,00,000/-	₹ 300,00,00,000/-
7.	पात्र बांडधारकों को 8.62% की कूपन दर पर रु.500 करोड़ मूल्य के बेसल III कंप्लेंट टियर II बॉन्ड सीरीज II (ISIN : INE483A09278)	08.03.2021	₹ 43,21,80,822/-	लागू नही.
8.	पात्र बांडधारकों को 9.20% की कूपन दर पर ₹ 500 करोड़ मूल्य के बेसल III कंप्लेंट टियर II बॉन्ड सीरीज V (ISIN : INE483A08031)	20.03.2021	₹ 46,00,00,000/-	लागू नही.
9.	पात्र बांडधारकों को 10.80% की कूपन दर पर ₹ 500 करोड़ मूल्य के बेसल III कंप्लेंट टियर II बॉन्ड सीरीज III (ISIN : INE483A09286)	30.03.2021	₹ 54,00,00,000/-	लागू नही.

कृते आर.एस. पडिया एंड एसोसिएट्स
कंपनी सचिव

हस्ताक्षर/-
राजश्री पाडिया
एफसीएस : 6804; सीपी : 7488
यूडीआईएन :एफ 006804सी 000380683

दिनांक: 27.05.2021
स्थान: मुंबई

नोट: कोविड 19 के प्रसार को रोकने और रोकने के लिए, महाराष्ट्र सरकार ने लॉकडाउन जैसे प्रतिबंध लगाए जिसके परिणामस्वरूप किसी भी सरकारी विभाग/संगठन का दौरा करने की अनुमति नहीं थी.

तदनुसार, इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से प्रदान किए गए स्पष्टीकरणों के साथ-साथ दस्तावेजों, अभिलेखों और सूचनाओं के आधार पर सचिवीय लेखा परीक्षा आयोजित की गई है.

सचिवीय लेखा परीक्षण रिपोर्ट के लिए अनुलग्नक - I

दिनांक 31 मार्च 2021 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए

प्रति

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सदस्य

इस तारीख की हमारी सचिव लेखा परीक्षण रिपोर्ट को इस पत्र के साथ पढा जाए.

1. सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (बैंक) के लिए लागू सभी कानूनों, नियमों, विनियमों, मानकों के प्रावधानों के अनुपालन की जिम्मेदारी बैंक के प्रबंधतंत्र की है. इस सचिवीय लेखा परीक्षण रिपोर्ट को जारी करने के लिए हमारी जांच नमूना परीक्षण आधार पर अभिलेखों एवं प्रक्रियाओं के सत्यापन तक सीमित थी.
2. लागू कानूनों के सचिवीय एवं अन्य अभिलेखों के रखरखाव की जिम्मेदारी बैंक के प्रबंधतंत्र की है. हमारी जिम्मेदारी सचिवीय लेखा परीक्षण रिपोर्ट जारी करना है, जो बैंक द्वारा रखे गए संबंधित अभिलेखों के लेखापरीक्षण एवं जिसे बैंक द्वारा हमें आवश्यक स्पष्टीकरण के साथ उपलब्ध कराया गया, पर आधारित है.
3. सचिवीय अभिलेखों की मदों की सत्यता के बारे में समुचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए हमने लेखा परीक्षण की प्रथाओं एवं प्रक्रियाओं का पालन किया है. यह जांच परीक्षण आधार पर की गई ताकि यह सुनिश्चित किया जा सकें कि सचिवीय रिपोर्ट एवं प्रदान किए गए अन्य अभिलेखों में प्रदर्शित तथ्य सत्य हो, यह जांच परीक्षण आधार पर की गई ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमें प्रस्तुत सचिवीय एवं अन्य अभिलेखों में सही तथ्य प्रस्तुत हो. हमें विश्वास है कि जिन प्रक्रियाओं एवं प्रथाओं का हमने पालन किया है, वे इस सचिवीय लेखा परीक्षण रिपोर्ट को जारी करने के लिए हमारे मत को यथोचित आधार प्रदान करते हैं.
4. हमने कंपनी के वित्तीय अभिलेखों एवं लेखा बहियों की सत्यता एवं उपयुक्तता का सत्यापन नहीं किया है.
5. जहां भी आवश्यक था, हमने कानूनों, नियमों, विनियमों एवं लेखा परीक्षण अवधि के दौरान होने वाली गतिविधियों के अनुपालन हेतु प्रबंधन का प्रतिवेदन प्राप्त किया है.
6. यह सचिवीय लेखा परीक्षण रिपोर्ट न तो बैंक की भविष्य की व्यवहार्यता और न ही बैंक के कार्यों के संचालन में प्रबंध तंत्र की प्रभावकारिता या प्रभावशीलता के लिए आश्वासन है.

कृते आर.एस. पडिया एंड एसोसिएट्स
कंपनी सचिव

हस्ता/-
राजश्री पाडिया
एफसीएस: 6804: सीपी: 7488
यूडीआईएन:एफ006804सी 000380683

दिनांक: 27.05.2021
स्थान: मुंबई

नोट: कोविड 19 के प्रसार को रोकने और रोकने के लिए, महाराष्ट्र सरकार ने लॉकडाउन जैसे प्रतिबंध लगाए जिसके परिणामस्वरूप किसी भी सरकारी विभाग/संगठन का दौरा करने की अनुमति नहीं थी.

तदनुसार, इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से प्रदान किए गए स्पष्टीकरणों के साथ-साथ दस्तावेजों, अभिलेखों और सूचनाओं के आधार पर सचिवीय लेखा परीक्षा आयोजित की गई है.

निदेशकों के गैर - अयोग्यता का प्रमाणपत्र

(सेबी (लिस्टिंग बाध्यताओं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) के विनियम 2015) के
विनियमन 34(3) एवं अनूसूची V पैरा सी खंड (10)(i) के अनुसरण में)

प्रति

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सदस्यगण

हमने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, जिसका मुख्यालय चंदर मुखी, नरीमन पॉइंट, मुंबई- 400021 में है (इसके पश्चात इसे बैंक कहा गया है) के निदेशकों से प्राप्त संबंधित रजिस्टर, अभिलेखों, फॉर्म, विवरणियों एवं प्रकटीकरण की जांच की है, जिसे बैंक ने भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग बाध्यताओं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 की अनुसूची V पैरा-सी उप खंड 10 (i) के साथ विनियम 34 (3) के अनुसार यह प्रमाणपत्र जारी करने के लिए प्रस्तुत किए हैं

हमारी राय में, हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं पोर्टल (www.mca.gov.in) पर स्थिति के आवश्यक सत्यापन निदेशकों की पहचान संख्या (डीआईएन)), तथा बैंक एवं इसके अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण के अनुसार, हम प्रमाणित करते हैं कि 31 मार्च, 2021को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्षके लिए नीचे दिए गए बैंक के निदेशक मंडल में से कोई भी निदेशक पद पर नियुक्त होने या पद पर बने रहने से भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड / कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय / वित्त मंत्रालय / भारतीय रिजर्व बैंक या किसी भी वैधानिक प्राधिकरण द्वारा विवर्जित या अयोग्य करार नहीं किया गया है.

क्र सं	निदेशक का नाम	श्रेणी	डीआईएन	नियुक्ति की तिथि
1.	तपन राय	गैर-कार्यपालक - स्वतंत्र निदेशक	00728682	23.05.2018
2.	एम वी राव	प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी	06930826	01.03.2021
3.	आलोक श्रीवास्तव	कार्यपालक निदेशक	05123610	23.01.2019
4.	विवेक वाही	कार्यपालक निदेशक	07490023	10.03.2021
5.	राजीव पुरी	कार्यपालक निदेशक	07330989	10.03.2021
6.	भूषण कुमार सिन्हा	गैर-कार्यपालक - नामित निदेशक	08135512	14.05.2018
7.	पी जे थॉमस	गैर-कार्यपालक - स्वतंत्र निदेशक	-	28.09.2020
8.	मिनी आइप	गैर-कार्यपालक - स्वतंत्र निदेशक	07791184	01.07.2018

बोर्ड में प्रत्येक निदेशक की नियुक्ति / निरंतरता के लिए पात्रता सुनिश्चित करना कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है. हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने सत्यापनके आधार पर इस पर राय व्यक्त करें. यह प्रमाणपत्र न तो बैंक की भविष्य की व्यवहार्यता और न ही बैंक के कार्यों के संचालन में प्रबंध तंत्र की प्रभावकारिता या प्रभावशीलता के लिए आश्वासन है.

कृते आर.एस. पडिया एंड एसोसिएट्स
कंपनी सचिव

हस्ता/-
राजश्री पाडिया
एफसीएस: 6804: सीपी: 7488
यूडीआईएन:एफ006804सी 000380848

दिनांक: 27.05.2021
स्थान: मुंबई

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की 31 मार्च 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

वार्षिक सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट

(सेबी (लिस्टिंग बाध्यताओं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएंके विनियम 2015) के विनियम 24 ए के अनुरूप परिपत्र क्रमांक सीआईआर/सीएफडी/ सीएमडी1/27/2019दिनांक 08.02.2019 के अनुसरण में)

प्रति,

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सदस्यगण,

1. हमने निम्न जांच की है :

(ए) पैराग्राफ़ 2 इन्फ्रा के अंतर्गत सूचीबद्ध विशिष्ट विनियमों के अनुपालन हेतु सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (''सूचीबद्ध कंपनी'') द्वारा सभी प्रलेख और अभिलेख उपलब्ध कराये गए तथा स्पष्टीकरण दिये गए.

(बी) उपरोक्त के संदर्भ में सूचीबद्ध कंपनी द्वारा स्टॉक एक्स्चेंजों में जमा की गई विवरणियाँ.

(सी) सूचीबद्ध कंपनी की वेबसाईट

(डी) अन्य कोई दस्तावेज़/विवरणी, जो इस प्रमाणीकरण के आधार के तौर पर प्रासंगिक हो सकते है,

निम्नलिखित के प्रावधानों के अनुपालन के संबंध में 31 मार्च 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष (समीक्षा अवधि) के लिए

(ए) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम 1992 ("सेबी अधिनियम") और उसके अंतर्गत जारी विनियम, परिपत्र,दिशानिर्देश, एवं

(बी) प्रतिभूति संविदा (विनियमन)अधिनियम, 1956 ("एमसीआरए") के नियम और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के अंतर्गत जारी विनियम, परिपत्र, दिशानिर्देश एवं

2. विशिष्ट विनियम, एवं उनके अधीन प्रावधान और परिपत्र/दिशानिर्देश की जांच की गई जिसमें निम्न सम्मिलित हैं:

(ए) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015

(बी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी का निर्गमन) एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2018

(सी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों का पर्याप्त अर्जन और अधिग्रहण) विनियम, 2011

(डी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों को क्रय द्वारा वापस लेना(बाय-बैक)) विनियम, 2018 (समीक्षाधीन वर्ष के दौरान लागू नहीं)

(ई) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियम, 2014 (समीक्षाधीन वर्ष के दौरान लागू नहीं)

(एफ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (ऋण प्रतिभूतियों का निर्गम और इनकी सूचीबद्धता) विनियम, 2008(समीक्षाधीन वर्ष के दौरान लागू नहीं)

(जी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (असंपरिवर्तनीय और मोचनीय अधिमानी शेयरों का निर्गम एवं सूचीबद्धता) विनियम, 2013 (समीक्षाधीन वर्ष के दौरान लागू नहीं)

(एच) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (अंतरंग व्यापार का प्रतिषेध) विनियम, 2015

मुझे प्रस्तुत दस्तावेजों और अभिलेखों की मेरी जांच एवं सत्यापन पर आधारित, और बैंक द्वारा दी गई सूचनाओं एवं स्पष्टीकरण के आधार पर हम रिपोर्ट करते हैं कि: -

(ए) नीचे दिये गए विनियमों को छोड़कर, सूचीबद्ध कंपनी द्वारा उपरोक्त विनियमों और परिपत्र / दिशानिर्देशों के प्रावधानों का अनुपालन किया गया है

क्र सं	आवश्यक अनुपालन (विनियम/परिपत्र / दिशानिर्देश विशिष्ट खंड सहित)	विचलन	कंपनी सेक्रेटरी की टिप्पणियों का अभ्यास एवं अवलोकन
	निरंक	निरंक	निरंक

(बी) उन अभिलेखों का हमारे परीक्षण से यह प्रतीत होता है कि सूचीबद्ध कंपनी द्वारा उपरोक्त विनियमों और परिपत्र / दिशानिर्देशों के प्रावधानों का उचित अभिलेख रखा गया है

(सी) सूचीबद्ध कंपनी / उसके प्रवर्तकों / निदेशकों /महत्वपूर्ण अनुषंगियों के विरूद्ध ''सेबी'' या स्टॉक एक्सचेंज द्वारा, उपरोक्त अधिनियमों / विनियमों और उनके अंतर्गत जारी परिपत्रों / दिशानिर्देशों के अनुसार की गई कार्रवाई का विवरण निम्नानुसार है (विभिन्न परिपत्रों के माध्यम से सेबी द्वारा जारी मानक परिचालन प्रक्रिया के अंतर्गत कार्रवाई सहित)

क्रमांक	निम्न के द्वारा की गई कार्रवाई	उल्लंघन का विवरण	की गई कार्रवाई का विवरण
1.	निरंक	निरंक	निरंक

(डी) पिछली रिपोर्ट में किये गए प्रेक्षणों के लिए, कंपनी को कोई कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं है.

कृते आर.एस. पडिया एंड एसोसिएट्स
कंपनी सचिव

हस्ता/-

दिनांक: 27.05.2021
स्थान: मुंबई

राजश्री पाडिया
एफसीएस: 6804: सीपी: 7488
यूडीआईएन:एफ006804सी 000380870

नोट: कोविड-19 की महामारी को रोकने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने लॉकडाउन जैसे प्रतिबंध लगाए जिसके परिणामस्वरूप किसी भी सरकारी विभागों / संगठनों का दौरा करने की अनुमति नहीं है.

तदनुसार सचिवीय लेखा परीक्षण के संचालित दस्तावेजों, रिकार्डों तथा जानकारी के आधार पर इलेक्ट्रोनिक माध्यम से प्राप्त किया गया एवं आवश्यकतानुसार सत्यापित किया गया.

प्रबंधन विचार- विमर्श एवं विश्लेषण

भाग अ: आर्थिक दृष्टिकोण

विश्व अर्थव्यवस्था

कोविड 19 से संबंधित संक्रमण में बढ़ोत्तरी होने से, बड़ा झटका लगने के बाद, हाल के दिनों में कई देशों में आर्थिक गतिविधियों के चरणबद्ध तरीके से शुरु होने के साथ-साथ, टीकाकरण अभियान जारी रहने से वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत दिखना शुरु हो गये. परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2021 में वित्तीय वर्ष 2020 की तुलना में बेहतर वैश्विक विकास होने की आशा है, बशर्ते वैश्विक स्तर पर कोविड19 संक्रमणों में और अधिक वृद्धि न हो. हाल ही के महीनों में ऊर्जा, कच्चे माल, कुछ धातुओं आदि वैश्विक कमोडिटी की कीमतों में वृद्धि हुई है.

संयुक्त राज्य अमेरिका में 29 अप्रैल 2021 को जारी अग्रिम अनुमान के अनुसार दिसम्बर 2020 के 4.3 % की तुलना में मार्च 2021 में वास्तविक जीडीपी में 6.4 % की वार्षिक दर से वृद्धि हुई है. व्यक्तिगत उपभोग व्यय, सरकारी खरीद और निवेश, गैर-आवासीय, स्थाई निवेश मार्च 2021 में बढ़ा, वहीं दूसरी ओर मार्च 2021 में निजी घरेलू निवेश में कमी आई. अमेरिकी व्यापार घाटा मार्च 2021 में 74.4 बिलियन यूएसडी रहा. मार्च 2021 के 1.04 % की तुलना में अमेरिकी औद्योगिक उत्पादन में 16.5 % की वृद्धि हुई.अप्रैल 2021 में बेरोजगारी दर 6.1 % पर आ गई. अप्रैल 2021 में मुद्रास्फीति बढ़कर 4.2 % हो गई .

फ्लैश आंकलन के अनुसार, पिछली तिमाही की तुलना में ,यूरो क्षेत्र में मार्च 2021 में सीजनली समायोजित जीडीपी (-) 0.6% कम हो गई. सितम्बर 2020 में 12.5 % की मजबूत सकारात्मक वृद्धि के बाद दिसम्बर 2020 में जीडीपी में (-) 0.7% की कमी आई है. फलैश आंकलन के अनुमानों के अनुसार, मार्च 2021 माह में स्पेन, इटली, जर्मनी की जीडीपी में गिरावट आई. यूरो क्षेत्र में बेरोजगारी दर, फरवरी 2021 के 8.2 % और मार्च 2020 में 7.1 % की तुलना में मार्च 2021 में 8.1 % थी. मार्च 2021 में जर्मनी में बेरोजगारी दर 4.5 % थी और इटली के लिये यह मार्च 2021 में 10.1 % थी. मार्च 2021 में स्पेन और फ्रांस में बेरोजगारी दर क्रमश: 15.3 %और 7.9 % थी. यूरो क्षेत्र में मुद्रास्फीति की दर अप्रैल 2021 में 1.6 %, मार्च 2021 में 1.3 % और अप्रैल 2020 में 0.3 % रही. यूरो क्षेत्र के लिये समग्र पीएमआई में मार्च 2021 और अप्रैल 2021 में बढ़त हुई. खुदरा क्षेत्र की बिक्री, फरवरी 2021 में कम होने के बाद, मार्च 2021 में बढ़कर दोहरे अंकों में पहुंच गई.

जापान में, अनन्तिम आंकडों के अनुसार, सितम्बर 2020 और दिसम्बर 2020 की लगातार दो तिमाहियों के लिये वास्तविक जीडीपी में सकारात्मक वृद्धि होने के बाद, तिमाही दर तिमाही आधार पर मार्च 2021 में गिरावट दर्ज की गई .विगत कुछ माहों में मुद्रास्फीति ऋणात्मक बनी रही और मार्च 2021 में वर्ष दर वर्ष के आधार पर (-) 0.2% रही. मार्च 2021 में सीजनली समायोजित बेरोजगारी दर फरवरी 2021 में 2.91 % से कम हो कर 2.6 % रह गई. औद्योगिक उत्पादन फरवरी 2021 में (-) 0.2% से बढ़कर मार्च2021 में 3.4 % हो गया. निक्केई जापान विनिर्माण पीएमआई अप्रैल 2021 में 53.6 % रही जो कि गतिविधियों में विस्तार का संकेत देती है. मार्च 2021 में वर्ष दर वर्ष आधार पर निर्यात और आयात व्यापार दोनों में वृद्धि हुई.

उभरती अर्थव्यवस्थाओं में; मार्च 2020 में (-) 6.8% संकुचन के निम्न आधार पर मार्च 2021 में चीन ने वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 18.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की. दिसंबर 2020 के लिए, वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर वृद्धि 6.5% थी. अप्रैल 2021 में चीन की मुद्रास्फीति 0.9% थी, जबकि मार्च 2021 में 0.4% थी. अप्रैल 2021 में उद्योग मूल्य वर्धित 9.8% वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर की वृद्धि हुई और विनिर्माण पीएमआई अप्रैल 2021 में विस्तार क्षेत्र में रहा. अप्रैल 2021 में खुदरा बिक्री में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई. कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं जैसे मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, रूस, ब्राजील, आदि ने हाल की तिमाहियों में धीमी उत्पादन वृद्धि दिखाई .

भारत

राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय द्वारा 31 मई 2021 को जारी किये गये अनन्तिम आंकडों के अनुसार, 2020-2021 के लिये जीडीपी में (-) 7.3% संकुचन रहा जबकि 2019-20 में 4.0 % की वृद्धि हुई. मूल कीमतों पर सकल मूल्य वर्धन में 2019-20 में 4.1 % की वृद्धि की तुलना में 2020-2021 में (-) 6.2% का संकुचन हुआ .कृषि, वानकी और मछली पकड़ने में 2020-2021 में 3.6 % की वृद्धि दर्ज की गई जबकि 2019-20 में 4.3 % की वृद्धि दर्ज की गई थी. खनन और उत्खनन में 2019-20 में (-) 2.5% की तुलना में, 2020-2021 में (-) 8.5% की गिरावट दर्ज की गई. निर्माण क्षेत्र में 2019-20 में (-) 2.4% की तुलना में, 2020-2021 में (-) 7.2% का संकुचन देखा गया. बिजली, गैस, पानी की आपूर्ति और अन्य उपयोगिता सेवाओं में 2019-20 के 2.1 % की तुलना में 2020-2021 में 1.9 % की वृद्धि दर्ज की गई. 2019-20 में 2.1 %. व्यापार,होटल, परिवाहन,संचार और प्रसारण से संबंधित अन्य सेवाओं में 2019-20 में 6.4 % की तुलना में, 2020-2021 में (-) 18.2% की गिरावट दर्ज की गई. वित्तीय, रियल इस्टेट और पेशेवर सेवाओं में 2019-20 में 7.3 % वृद्धि की तुलना में 2020-2021 में (-) 1.5% की गिरावट दर्ज की गई. लोक प्रशासन, रक्षा, अन्य सेवाओं में 2019-20 में 8.3 % की तुलना में (-) 4.6% की गिरावट आई है.

अनन्तिम आंकड़ों के अनुसार, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 2020-2021 में कुछ महीनों के लिये नकारात्मक वृद्धि हुयी थी लेकिन मार्च 2021 में आईआईपी ने 22.4 % की सकारात्मक वृद्धि दर्ज की. वित्तीय वर्ष 2020-2021 के लिये आईआईपी में (-) 8.7% से संकुचन हुआ. 2020-

2021 में खनन और उत्खनन घटकर (-) 7.8% रह गया. विनिर्माण उत्पादन 20-2021 में (-) 9.8% से संकुचित हुआ. 2020-2021 में बिजली उत्पादन (-) 0.5% से संकुचित हुआ. भारत के लिए निक्केई कंपोजिट पीएमआई, सितम्बर 2020 से आगे अप्रैल 2021 के जारी होने तक बढ़त में रहा. अप्रैल 2021 में विनिर्माण पीएमआई और सेवा पीएमआई दोनों में वृद्धि हुई.

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) द्वारा मापी गई मुद्रास्फीति अप्रैल 2021 में घटकर वर्ष दर वर्ष आधार पर 4.3 % पर आ गई. मार्च 2021 में मुद्रास्फीति 5.5 % एवं अप्रैल 2020 में 7.2 % पर रही.

अप्रैल-मार्च 2020-2021 के दौरान भारत का व्यापारिक निर्यात 290.63 बिलियन यूएसडी रहा जबकि 2019-20 के लिए यह 313.36 विलियन यूएसडी था जो कि (-) 7.26% की गिरावट दर्शाता है. अप्रैल-मार्च 2020-2021 के दौरान व्यापारिक आयात 389.18 विलियन यूएसडी रहा जो कि 2019-20 में 474.71 विलियन यूएसडी था. यह (-) 18.02% की गिरावट दर्शाता है. व्यापार घाटा 2019-20 के 161.35 विलियन यूएसडी की तुलना में 2020-2021 में संकुचित होकर 98.56 विलियन यूएसडी हो गया. विदेशी पोर्ट फोलियों निवेशकों ने 2019-20 में शुद्ध निवेश (-) 3041 मिलियन यूएसडी की तुलना में 2020-2021 में 36180 मिलियन यूएसडी का शुद्ध निवेश किया.

बैंकिंग उद्योग

बैंकिंग उद्योग कोविड -19 के दौरान आर्थिक गति को बढ़ावा देने के लिए लगन से अपना कर्तव्य निभा रहा है. बैंकिंग उद्योग भारत सरकार द्वारा घोषित आत्मनिर्भर भारत के तहत आवश्यकतानुसार विभिन्न योजनाएं चला रहा है. अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, चयनित अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) ने मार्च 2020 की 6.7% की तुलना में वर्ष -दर- वर्ष आधार पर मार्च 2021 में 4.9% की गैर-खाद्य ऋण वृद्धि दर्ज की है. मार्च 2021 में एस सी बी की सकल बैंक ऋण वृद्धि मार्च 2020 में 6.8% की तुलना में वर्ष -दर- वर्ष आधार पर, मार्च 2021 में 5% रही . कृषि क्षेत्र में बैंक ने ऋण वृद्धि जारी रखी और मार्च 2021 में वर्ष -दर- वर्ष आधार पर 12.3% वृद्धि हुई, जबकि मार्च 2020 में यह 4.2% थी . मार्च 2021 में एस सी बी की उद्योग क्षेत्र हेतु ऋण वृद्धि मार्च 2021 में वर्ष -दर- वर्ष आधार पर 0.4% थी, जो कि मार्च 2020 में 0.7% थी. सेवा क्षेत्र ने मार्च 2020 में 7.4% की तुलना में, वर्ष -दर- वर्ष आधार पर मार्च 2021में 1.4% की क्रेडिट वृद्धि दर्ज की. मार्च 2021 में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए एस सी बी की ऋण वृद्धि 4.5% वर्ष -दर- वर्ष आधार पर रही. व्यक्तिगत ऋण खंड में, वर्ष -दर- वर्ष आधार पर, मार्च 2020 में 15% की तुलना में 10.2% की क्रेडिट वृद्धि देखी गई.

भाग- बी - बैंक व्यवसाय का कार्य - निष्पादन

बैंक का कुल कारोबार, 31 मार्च, 2020 में ₹486007 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2021 को ₹ 506886 करोड़ का था. 31 मार्च, 2021 को उच्च लागत जमाएं 31 मार्च 2020 को 62 करोड़ रुपये से बढ़कर ₹ 68 करोड़ हो गई.

बैंक का परिचालन लाभ 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए ₹ 4,630 करोड़ रहा जबकि यह 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए यह ₹4344 करोड़ था. विस्तारित प्रावधानों के कारण 31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष में ₹1121करोड़ की शुद्ध हानि की तुलना में, 31 मार्च 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बैंक की शुद्ध हानि ₹888 करोड़ रही.

संसाधन संग्रहण

उच्च लागत जमा में ₹ 6 करोड़ की बढ़त सहित 31 मार्च, 2021 को कुल जमा, ₹ 3,29,973 करोड़ रही. 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष में 11.88% की वृद्धि के साथ बचत बैंक जमायें बढ़कर ₹ 145667 करोड़ हो गयी जोकि 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में ₹130200 करोड़ थी. इसी प्रकार 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में चालू जमायें 7.83% की वृद्धि के साथ साथ बढ़कर ₹ 16259 करोड़ हो गयी जोकि 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में ₹15079 करोड़ थी. 31 मार्च, 2020 को कुल जमा में कासा का हिस्सा बढ़कर 49.24% हो गया जोकि 31 मार्च, 2020 में यह 46.83% था. कोर मियादी जमायें 1.23% से बढकर 31 मार्च 2021 को 1,66883 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गयी जोकि 31 मार्च, 2020 को यह ₹164858 करोड़ थी.

बैंक में इन्डास के कार्यांवयन की कार्यनीति और प्रगति

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने परिपत्र डीबीआर.बीपी.बीसी सं. 29/21.07.001/2018-19 दिनांक 22 मार्च, 2019 के माध्यम से सूचित किया है कि भा. रि.बैं. द्वारा अनुशंसित विधिक संशोधन भारत सरकार के पास विचाराधीन हैं. तदनुसार, भा.रि.बैं. द्वारा यह निर्णय लिया गया कि अगली सूचना तक बैंकों में इन्डास के कार्यान्वयन को स्थगित किया जाता है. हालाँकि, भा.रि.बैं. की अपेक्षानुसार, बैंक जून 2018 से हर तिमाही में भा.रि.बैं. को प्रारूप इन्डास वित्तीय विवरण प्रस्तुत करता है. भा.रि.बैं ने अपने ई-मेल दिनांक 27.07.2020 के माध्यम से सूचित किया है कि 30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही से यह प्रारूप प्रस्तुत करने की तारीख 01 अप्रैल, 2020 है.

बैंक ने इन्डास सलाहकार की सेवाएं ली एवं और एक कोर इन्डास टीम का गठन किया एवं इन्डास के कार्यान्वयन की प्रक्रिया शुरू की. कार्यान्वयन की प्रगति की निगरानी के लिए एक कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में संचालन समिति का गठन किया गया. निदेशक मंडल एवं बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति समय-समय पर इसकी प्रगति की समीक्षा करती रही है.

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान की गई पहल

- आद्योपांत ऋण जीवन चक्र प्रबंधन प्रणाली (एलएलएमएस) शुरू की जा रही है, जिसमें ऋण हामीदारी में सुधार लाने, ऋण प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा करने (टीएटी) तथा त्वरित चेतावनी संकेतों सहित निगरानी हेतु ऋण सृजन, निगरानी एवं विभिन्न एपीआई इंटरफेस का प्रयोग करेंगी. एलएलएमएस के जरिए ऋण आवेदन की ऑनलाइन जानकारी की सुविधा उपलब्ध होगी.
- ऋण जीवन चक्र प्रबंधन प्रणाली, एकल डाटा रिपॉज़िटरी, उद्यमव्यापी धोखाधडी जोखिम प्रबंधन प्रणाली, जैसे तकनीकी पहल आरंभ किए गये तथा डाटा एनालिटिक्स के माध्यम से व्यवसाय परिवर्तन द्वारा बैंक को व्यवसाय का खोया हुआ हिस्सा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ.
- नये व्यवसाय प्राप्त करने हेतु कार्य बल का लाभ उठाने हेतु मार्केटिंग विभाग स्थापित कर तकनीकी की सहायता से नए व्यवसाय लीड प्राप्त किए गए हैं.
- बैंकिंग प्रणाली से ₹ 250 करोड से अधिक ऋण सीमा वाले खातों की सही एवं प्रभावी स्वीकृती पश्चात निगरानी हेतु स्पेशलाइज़्ड मॉनिटरिंग एजेंसियों (एएसएम) के साथ टाय-अप.
- रिटेल तथा एमएसएमई ऋणों को बढावा देने हेतु रिटेल तथा एमएसएमई के तहत सह-उधार हेतु एनबीएफसी के साथ टाय-अप.
- दो नए ई-मेल आईडी (employeesfirst@centralbank.co.in, valuecreators@centralbank.co.in) तैयार किए गये, जो कर्मचारियों द्वारा प्रयोग में लाए जाते हैं. इन मेल आईडी पर उठाये गये मामलों को उच्च प्राथमिकता से सुलझाया जाता है.
- बैंक के ज्ञानार्जन एवं विकास कार्य में सुधार लाने के उद्देश्य से सभी कर्मचारियों की ज्ञानार्जन एवं विकास यात्रा को पुनर्रचना करने, नव कल्पना, नव नीति प्राप्त करने, उसे पुन: स्फूर्तिदायक बनाना प्रशस्त करने हेतु ज्ञानार्जन एवं विकास पर नवोन्मेष सर्वेक्षण का आयोजन किया गया.
- निष्पादन प्रबंधन प्रणाली में सुधार के लिए जो पारदर्शिता की ओर अग्रसर निष्पक्षता और निष्पक्षता की नींव पर बनी है और बैंक संशोधनों की प्रदर्शन संचालित संस्कृति को बढ़ाने के लिए पीएमएस में "डैश बोर्ड" की शुरूआत सहित प्रणाली में शामिल किया गया है जो अधिकारी के तिमाही प्रदर्शन को प्रदर्शित करेगा .
- इंडक्शन ट्रेनिंग एक कर्मचारी के जीवन चक्र में महत्वपूर्ण कदमों में से एक है, विशेष रूप से एक लगे हुए कर्मचारी को तैयार करने में. हमारा बैंक सीधे भर्ती होने वाले परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिए एक समान प्रशिक्षण कार्यक्रम लेकर आया है
- एक सफल भविष्य के लिए हमारी मानव संसाधन क्षमता का लाभ उठाने के लिए उत्तराधिकार योजना परियोजना के माध्यम से नेतृत्व पाइपलाइन बनाने की दिशा में एक कदम के रूप में, बैंक ने "सेंट नर्चर" परियोजना के तहत हमारे बैंक में उत्तराधिकार योजना और मूल्यांकन केंद्र का अभ्यास शुरू किया था और जीएम और डीजीएम के लिए अभ्यास शुरू किया था. उसी के तहत पूरा किया गया
- एचआर ऑडिट व्यावसायिक लक्ष्यों और रणनीतियों के साथ संरेखित करने के प्रयास में मानव संसाधन कार्यों, नीतियों, प्रक्रियाओं, संरचनाओं और रणनीतियों का व्यापक मूल्यांकन है. परियोजना पूरी हो चुकी है और इसका विश्लेषण मौजूदा कमियों को खोजने और भविष्य की कार्रवाई के निर्धारण में महत्वपूर्ण होगा .

नई पहल

- शाखाओं को वितरण-पूर्व अनुमोदन के लिए 'सीपीएसी-पूर्व-वितरण क्रेडिट समीक्षा तंत्र-क्रेडिट प्रसंस्करण और अनुमोदन केंद्र' का कार्यान्वयन क्षेत्र के कर्मचारियों को बिना किसी डर के ऋण निर्णय लेने में मदद करने के लिए तैयार किया जाएगा .
- प्रबंधन दृष्टिकोण उल्टे पिरामिड के रूप में होगा, जहां शीर्ष भाग शाखाएं होंगी, जो केंद्रीय कार्यालय / क्षेत्रीय कार्यालयों और नीचे से क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा समर्थित होगी, जिसका अर्थ है कि केंद्रीय कार्यालय / क्षेत्रीय कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय अस्तित्व और कामकाज का समर्थन करेंगे. शाखाओं की संख्या और व्यवसाय के विकास के लिए एक सक्षम वातावरण प्रदान किया जाएगा .
- कार्यनिष्पादकों को प्रोत्साहित करने हेतु उच्च प्रबंधन क्लब स्थापित कर रिवार्ड प्रोग्राम प्रारंभ किए जायेंगे
- 'ब्रांड सेन्ट्रल' अर्थात सभी श्रेणियों के कर्मचारियों को विशिष्ट पहचान देने हेतु प्रशिक्षण केन्द्र सुव्यवस्थित किए गए.
- विद्यमान निष्ठावान ग्राहकों को मिलने हेतु एक विशेष कैम्पैन का आयोजन "**सेन्ट्रल कनेक्ट**" थीम के साथ किया गया.

ऋण

- 2.71% की वृद्धि दर्शाते हुये, बैंक का सकल अग्रिम 31.03.2021 को बढ़कर ₹176913 करोड़ हो गया, जो कि 31.03.2020 को ₹172244 करोड़ था. इस तथ्य के बावजूद कि ₹4810 करोड़.सकल ऋण से तकनीकी रूप से बट्टे खाते में डाले गये थे. अतिरिक्त तकनीकी बट्टे खाते को हटाने के बावजूद सकल अग्रिमों में 5.50% की वृद्धि हुई थी.

- वित्तीय वर्ष के दौरान,कोविड से संबंधित चुनौतियों के बावजूद ₹ 12900 करोड़ से अधिक का नया कॉर्पोरेट ऋण स्वीकृत किया गया. नये कॉर्पोरेट एक्सपोजर में 98.84 % बी बी बी और उससे अधिक रेटिंग वाले थे.
- आस्ति गुणवत्ता में सुधार, ऋण जोखिम प्रबंधन, प्रणालियों एवं नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने और त्वरित निर्णय लेने के लिए ऋण नीति एवं मास्टर परिपत्रों को अद्यतन किया गया था.
- बाजार में बैंक को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए ब्याज दरों को युक्तिसंगत बनाया गया.
- सभी बड़े उधार खातों को फ्रेमवर्क विनियामक सीमा के अंतर्गत लाया गया.
- बैंक के असुरक्षित ऋणों को काफी कम कर दिया गया है एवं पीसीए दिशानिर्देशों के तहत बेंचमार्क के अंदर ही रखा गया है.
- कॉरपोरेट ऋण में सीजीईसीएल उन सभी पात्र खातों को स्वीकृत किया गया जिन्होंने 31.03.2021 तक विकल्प चुना है .
- सभी पात्र कॉर्पोरेट खातों में नियामक ढांचा-ओटीआर लागू किया गया था .
- रेपो रेट योजना से ऋण उत्पाद प्रारंभ किया गया.
- बाहरी रेटिंग प्राप्त करने की सीमा को 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 25 करोड़ रुपये किया गया जिससे लघु एवं मध्यम वर्ग में प्रस्तावों का प्रवाह बढ़ा है .
- इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आई एन वी आई टी) और इसके एसओपी पर नीति लागू की गई .
- उधारकर्ता/गारंटर के टीएनडब्ल्यू के लिए एसओपी, विक्रेताओं का यथोचित परिश्रम, हामीदारी प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए टीईवी अध्ययन शुरू किया गया.
- जोखिम का आंकलन करने के लिए, अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करने हेतु संशोधित कार्यपालक ब्रीफ चालू किया गया.
- रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की कोविड -19 से संबंधित चिंता हेतु रिजोल्यूशन ढांचे के तहत खातों का पुनर्गठन करने के लिए एसओपी की शुरुआत और कार्यान्वयन किया गया.
- विभिन्न संस्थानों से ऑनलाइन प्रशिक्षण के माध्यम से क्रेडिट अधिकारियों/ /विश्लेषकों का कौशल उन्नयन.
- सरकार द्वारा गारंटीकृत अग्रिमों सहित अग्रिमों की बेहतर गुणवत्ता को कैनवास करके, 349 आधार अंक पूंजी की कम खपत को कम दर्शाते हुये, सकल अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में जोखिम भार आस्ति 70.20% से घटकर 66.71% हो गई.

ऋण निगरानी विभाग

हमारे ऋण पोर्टफोलियो को बेहतर बनाने के लिए महाप्रबंधक की अध्यक्षता में ऋण निगरानी और नीति के लिए एक अलग वर्टिकल कार्य कर रहा है. विभाग द्वारा की जा रही प्रमुख गतिविधियां नीचे दी गई हैं:

- विभिन्न नियंत्रक कार्यालयों और बड़ी शाखाओं में ऋण निगरानी समिति का गठन किया गया है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि निम्नलिखित बिंदुओं को शामिल करते हुये विचार-विमर्श करने के लिए समिति की बैठकें समय-समय पर आयोजित की जाती हैं: -
    - माह के दौरान विभिन्न स्तरों पर प्रत्यायोजित उधार शक्तियों के प्रयोग का मूल्यांकन
    - एसएमए खातों का मूल-कारण विश्लेषण.
    - ऋण समीक्षा तंत्र के तहत कवरेज और बंद होने की स्थिति
    - उधार खातों में स्टॉक-ऑडिट के संचालन की स्थिति
    - खातों के समीक्षा नवीनीकरण की स्थिति
    - प्रतिभूतियों के आवधिक निरीक्षण की स्थिति.
    - प्रतिभूतियों के सही होने की स्थिति.
- वित्तीय चूक से पहले ही, खाते की रुग्णता/गंभीरताओं की पहचान करने हेतु, समर्पित पोर्टल से उत्पन्न उधार खातों के प्रारंभिक चेतावनी संकेतों (ईडब्ल्यूएस) का सत्यापन किया जाना जिससे शीघ्र समाधान हो सके.
- भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार और अधिक जांच के लिए पूर्व चेतावनी संकेत पर उधार खातों की रेड-फ्लैगिंग
- बड़ी राशि के उधार खातों के संचालन एवं लेनदेन की सतत निगरानी हेतु बैंकिंग प्रणाली से 250 करोड़ से अधिक के मूल्य के सभी उधार खातों के एजेंसियों (एएसएम) को कार्यभार सौंपा गया है.

- (1 करोड़ और अधिक) की सूचीबद्ध कंपनियों और (5 करोड़ और उससे अधिक का कार्यशील पूंजी एक्सपोजर) अन्य ऋण खातों की तिमाही समीक्षा के लिए, एक प्रणाली बैंक में कार्यान्वित की गयी है जिससे कि अनुमान / प्रोजेक्शन के साथ साथ वास्तविक व्यापार प्रदर्शन की निगरानी की जा सके
- डायनेमिक रिव्यू ऑफ़ रेटिंग की प्रक्रिया के माध्यम से ऋण खातों की जोखिम रेटिंग पर पूर्व चेतावनी संकेत (ईडब्ल्यूएस) के प्रभाव का मूल्यांकन प्रारंभ किया गया है.
- विभाग ऋण सूचना कंपनियों एवं एनईएसएल (NeSL) (सूचना उपयोगिता) को समय-समय पर ऋण खाता विवरण प्रस्तुत करना सुनिश्चित कर रहा है.
- विभाग अग्रिमों से संबंधित विभिन्न नियामक रिटर्न/एमआईएस समय पर प्रेषित करना सुनिश्चित कर रहा है
- विभाग सरसाई के साथ सुरक्षा हित के पंजीकरण की निगरानी कर रहा है
- विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि भा.रि.बैं., भारत सरकार, आदि की अधिसूचनाओं के अनुरूप क्रेडिट संबंधी नीतियां अपडेट की जा रही हैं.
- सीआरआईएलसी को डिफ़ॉल्ट रिपोर्ट और उधार खातों की मुख्य रिपोर्ट प्रस्तुत करना
- चूक खातों में उचित और समय पर कार्रवाई शुरू करने के लिए शाखाओं का मार्गदर्शन करने के लिए 5 करोड़ से अधिक और 25 करोड़ तक के एसएमए 1 और 2 खातों की टेम्पलेट समीक्षा करना
- पुनर्रचित खातों, अनहेज्ड विदेशी मुद्रा एक्सपोजर, डीसीसीओ में विस्तार, बाजार तंत्र (एएससीएल) हेतु अतिरिक्त प्रावधान की गणना, सड़क, दूरसंचार, पर्यटन और आतिथ्य और सीआरई जैसे तनावग्रस्त क्षेत्रों हेतु अतिरिक्त प्रावधान की गणना करना.

प्राथमिकता क्षेत्र

भा.रि.बैं. के निर्देशानुसार, समायोजित नेट बैंक क्रेडिट का 40% अथवा इतर तुलन पत्र ऋण की क्रेडिट समतुल्य राशि, जो भी अधिक है प्राथमिकता क्षेत्र के लिए उधार दी जानी है. इस क्षेत्र के अंतर्गत ऋण प्रदान करना बैंक का महत्वपूर्ण क्षेत्र है.

दिनांक 31.03.2021 को प्राथमिकता क्षेत्र के विभिन्न घटकों में बैंक का(लेखापरीक्षित) कार्यनिष्पादन निम्नानुसार है :

₹ करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	मार्च 2018	मार्च 2019	मार्च 2020	मार्च 2021	वृद्धि (%)
1.	प्राथमिकता प्राप्त ऋण	82835	83201	79987.91	88222.47	10.29
	एएनबीसी की उपलब्धि का %	49.74%	47.22%	45.07%	51.96%	
2.	कुल कृषि ऋण	34192	35655	34419.40	36206.99	5.19
	एएनबीसी की उपलब्धि का %	20.53%	20.24%	19.54%	21.32%	
3.	एमएसएमई	32346	31036	29250.15	32356.43	10.61
4.	शिक्षा ऋण	2773	2522	2341.42	2724.77	16.37
5.	आवास ऋण (₹25 लाख तक)	13392	13956	13939.37	16744.07	20.12
6.	अन्य प्राथमिकता क्षेत्र	107	20	17.51	24.77	41.46
7.	नवीकरणीय ऊर्जा	6	0	0	2.35	0.00
8.	सामाजिक मूलभूत संरचना	9	8	7.22	153.15	2021.19
9.	निर्यात ऋण	8	5	12.84	9.93	-22.66

प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत ऋण नियोजन वर्ष 2020-2021 के दौरान बढ़कर ₹ 88222.47 करोड़ हो गया, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में ₹ 8234.56 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई. हालाँकि, प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण में एएनबीसी पर अत्यधिक उधार का लाभ उठाने के लिए, बैंक ने पीएससलसी में बिक्री लेनदेन किया. वर्ष के दौरान बैंक ने प्राथमिकता क्षेत्र (सामान्य पीएस के तहत 14050 करोड़ रुपये, लघु और सीमांत किसानों के तहत 8000 करोड़ रुपये) के अंतर्गत ₹ 22050करोड़ के पीएसएलसी बेचे. प्राथमिकता क्षेत्र के अन्तर्गत 3316.03 करोड़ का आरआईडीएफ बकाया है, जिसमें 31.03.2021 को कृषि के अंतर्गत रु 2405.07 करोड़ है.

(राशि ₹ करोड़ में)



कृषि

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कुल कृषि ऋण दिनांक 31 मार्च 2020 तक ₹ 34419.40 करोड़ स्तर से ₹ 1787.59 करोड़ रुपये बढकर 31 मार्च 2021 को 36206.99 करोड़ हो गया. समायोजित बैंक ऋण (एएनबीसी) में कृषि ऋण का शुद्ध 18% के निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले 18.03% है.

(राशि ₹ करोड़ में)



कृषि एवं ग्रामीण विकास क्षेत्र में बैंक द्वारा मुहैया कराए गए मुख्य उत्पादों का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	योजना का नाम	विवरण
1.	सेन्ट किसान क्रेडिट कार्ड	फसलों/फसल कटाई के बाद व्यय/उत्पादों का विपणन/उपभोग आवश्यकताएँ/कार्यशील पूँजी के अल्पावधि फसल संबंधी खर्चों के लिए, कृषि एवं अनुषंगी गतिविधियों हेतु कृषि/ निवेश ऋण आवश्यकता से संबंद्ध कृषि आस्तियों एवं गतिविधियों के रखरखाव के लिए कार्यशील पूँजी एकल खिडकी ऋण.
2.	सेन्ट एग्री गोल्ड लोन	स्वर्ण आभूषणों एवं हमारे बैंक द्वारा जारी स्वर्ण सिक्कों की गिरवी के विरूध्द कृषि एवं संबंधित गतिविधियों में फसल उत्पादन एवं निवेश में त्वरित वित्त
3.	सेन्ट एसएचजी बैंक लिंकेज	स्वयं सहायता समूहों को ऋण - चक्रिय कैश क्रेडिट /मियादी ऋण
4.	सेन्ट एसएचजी - पीआई लिंकेज	एनजीओ/ अन्य संगठनों की सहायता के स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन एवं वित्तपोषण
5.	सेन्ट किसान गोल्ड कार्ड	कृषकों की दीर्घावधि ऋण जरूरतों जैसे खेती, यंत्रीकरण, भूमि विकास, एमआई, बागवानी इत्यादि के लिए एकल मियादी ऋण सीमा प्रदान करना.

क्र.सं.	योजना का नाम	विवरण
6.	सेन्ट एएमआई (कृषि विपणन संसाधन योजन)	कृषि एवं अनुषंगी क्षेत्र के विपणन योग्य आधिक्य के प्रभावी प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक भंडारण सुविधा के सृजन, मानकीकरण, गुणवत्ता प्रमाणीकरण के लिए नवीनतम तकनीकी, सुविधाओं के साथ विपणन संसाधनों के निर्माण हेतु वित्त.
7.	सेन्ट पॉली हाउस, ग्रीन हाउस, शेड-नेट हाउस	उच्च गुणवत्ता वाली वाणिज्यिक बागवानी फसल के संरक्षित खेती हेतु वित्तीय सहायता.
8.	सेन्ट डेयरी	दुग्ध उत्पादन के लिए डेयरी इकाइयों की स्थापना.
9.	सेन्ट एग्री फार्म हाउस	कृषि फार्म हाउस के निर्माण, मरम्मत, नवीनीकरण एवं विस्तार करने के लिए वित्त.
10.	सेन्ट वर्मी कॉम्पोस्ट	वर्मी -कॉम्पोस्ट इकाइयों की स्थापना एवं परिचालन हेतु वित्त.
11.	सेन्ट एग्री क्लिनिक / एग्री बिजनेस	एग्री क्लिनिक एवं एग्री बिजनेस केन्द्रों की स्थापना के लिए, व्यक्तियों को वित्तीय सहायता, जिन्होंने इस योजना के अनुसार अहर्ता एवं अनुभव प्राप्त किया है.
12.	सेन्ट फार्म मशीनरी	ट्रेक्टर ट्रालियों एवं अन्य कृषि उपकरणों को वित्तपोषण.
13.	सेन्ट किसान साथी	साहूकारों, दलालों इत्यादि को देय बकाया कर्जो को कम करने हेतु ऋणग्रस्त कृषकों को सहायता करना.
14.	सेन्ट शेड्यूल्ड ट्राइब	अनुसूचित जन-जाति के अंतर्गत कमजोर वर्गों को वित्तीय सहायता.
15.	दीन दयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन	ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा चयनित जिलों हेतु प्रारंभ मिशन मोड के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों को ऋण योजना
16.	सेन्ट पोल्ट्री	पोल्ट्री फार्म इकाइयों की स्थापना एवं परिचालन हेतु वित्त.
17.	सेन्ट फिशरीज़	परंपरागत एवं वाणिज्यिक मछली पालन गतिविधि के लिए वित्त.

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2020-2021 के दौरान शुरू किए गए नये कृषि उत्पादों का विवरण निम्नलिखित हैं.

1.	सेन्ट किसान वाहन ऋण	कृषि एवं अनुषंगी गतिविधियों में लगे हुए कृषकों और व्यक्तियों को परिवहन कार्य हेतु सभी प्रकार के वाहन अर्थात दुपहिया/ चौपहिया एवं यातायात वाहनों को खरीदने हेतु ऋण प्रदान करना.
2.	सेन्ट सोलर योजना	सोलार लाईट/ सोलार पम्प सेट/ सोलार वाटर हीटर की स्थापना के लिए कृषि एवं अनुषंगी गतिविधियों में लगे हुए व्यक्तियों को वित्तपोषण
3.	सेन्ट फ्लैक्सी एग्री बिजनेस लोन	कृषि व्यवसाय खाद्य एवं कृषि प्रसंस्करण/ कृषि संसाधन / बीज उत्पादन / बायो पेस्टीसाइड्स एवं बायो-फर्टिलाइजर्स / सेवा प्रदाताओं / अन्य कोई अनुषंगी गतिविधियों में लगे हुए व्यक्तियों / फर्मों को ₹ 10 करोड़ तक के ऋण प्रदान करना.
4.	सेन्ट किसान कोविड-19 केयर	विद्यमान सभी केसीसी धारकों अथवा मियादी ऋण उधारकर्ताओं को कोविड-19 से बाहर निकलने के लिए फसल/मत्स्य पालन/मुर्गी पालन / डेयरी / पशुपालन के लिए ₹ 50,000/- तक का त्वरित ऋण प्रदान करना.
5.	एसएचजी - कोविड-19 केयर के लिए विशेष ऋण योजना	कोविड- 19 से बाहर निकलने के लिए, एसएचजी सदस्यों को ₹ 1 लाख तक का त्वरित ऋण प्रदान करना.
6.	सेन्ट एग्री इन्फ्रा	फसल कटाई के बाद के प्रबंधन के लिए परियोजनाओं में निवेश के लिए एक मध्यम दीर्घावधि ऋण वित्त की सुविधा प्रदान करना .
7.	सेन्ट सोलर-पीएम कुसुम योजना	विकेन्द्रीकृत मैदान /स्टिल्ट माउन्टेड ग्रिड से जुड़े सौर या अन्य नवीकरणीय ऊर्जाआधारित 500 केडब्लू से 2 एम डब्लू की क्षमता के बिजली संयंत्र की स्थापना के लिये किसान/ एफ पी ओ/ किसानों की सहकारी समितियों को वित्त प्रदान करना
8.	सेन्ट विश्वास	(i) व्यक्तिगत एस सी /ओबी सी लाभार्थियों को ₹ 02 लाख तक (ii) एसएचजी के एससी/ओबीसी लाभार्थियों को ₹ 04 लाख तक का कम ब्याज दर पर वित्त प्रदान करना

9.	सेन्ट एनीमल हस्बैण्डरी इन्फ्रा	(i) डेयरी प्रसंस्मरण और मूल्य संवर्धन बुनियादी ढांचे के लिये (ii) मांस, प्रसंस्करण मूल्य संवर्धन बुनियादी ढांचे के लिए (iii) पशु खाद्य संयत्र के लिए मध्यम- दीर्घावधि ऋण प्रदान करना
10.	सेन्ट एफ पी ओ	किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) / किसान उत्पादक सहकारी समितियों (एफपीसी) को रूपये 5 करोड़ का वित्त प्रदान करना .
11.	सेन्ट एफ आई डी एफ	कैप्चर एवं कल्चर मत्स्य के बुनियादी ढ़ांचे के निर्माण और आधुनीकरण एवं फसल के बाद के नुकसान को कम करने हेतु वित्त प्रदान करना .
12.	सेन्ट पी एम एफ एम ई योजना	सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की स्थापना और आधुनिकीकरण के लिए वित्त प्रदान करना .

कृषि क्षेत्र में ऋण प्रवाह में तेजी लाने के लिए की गई पहल:

विशेष ऋण अभियान:

- नए कृषि ऋणों के प्रचार एवं स्वीकृति हेतु सभी ग्रामीण और अर्ध शहरी शाखाओं द्वारा प्रत्येक महीने में न्यूनतम एक विशाल ऋण शिविर का आयोजन किया गया.
- एसएचजी बैंक लिंकेज के लिए सभी ग्रामीण और अर्ध शहरी शाखाओं द्वारा विशेष ऋण शिविरों का आयोजन किया गया.
- बैंक ने प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना (पीएमएफबीवाय) के अंतर्गत सभी पात्र ऋणी किसानों को 100% फसल बीमा कवरेज सुनिश्चित किया और गैर-ऋणी किसानों को फसल बीमा के कवरेज के लिए प्रोत्साहित किया.
- वित्त वर्ष के दौरान बैंक ने कृषि के अंतर्गत निवेश ऋण पर जोर दिया.
- बैंक ने छोटे और सीमांत किसानों को ऋण प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया.
- कोविड 19 के दिशा निर्देशों का पालन करते हुये ऋण प्रवाह बढ़ाने के साथ साथ, किसानों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत शामिल करने के लिए किसानों के मध्य जागरूकता उत्पन्न करने के लिये सभी ग्रामीण /अर्द्ध-शहरी शाखाओं ने गांव स्तरीय साप्ताहिक कृषक संध्या शिविर आयोजन किये.

वित्तीय समावेशन (एफआई)

1. बैंक ने 6532 बीसी एजेंटों को तैनात कर 24311 गांवों को कवर किया है और हमने 155 शहरी वित्तीय समावेशन केंद्र भी खोले.
2. लेन देन की संख्या:



बीसी के माध्यम से खोले गए एफआई खातों में लेन देन की संख्या वित्तीय वर्ष 2019-20 में 508.00 लाख से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2020-2021 में 524 लाख हो गयी (वर्ष दर वर्ष 3.15 %की वृद्धि)

3. बीसी के माध्यम से व्यवसाय



बीसी के माध्यम से 31 मार्च 2020 को हुए व्यवसाय ₹2088.33 करोड से बढ़कर 31 मार्च 202021 को ₹2715 करोड़ हो गया. (वर्ष दर वर्ष 30.01% की वृद्धि)

4. बीसी के माध्यम से खोले गए खाते:



बीसी के माध्यम से खोले गए खातों की संख्या 31 मार्च 2020 को 126.00 लाख से बढ़कर दिनांक 31 मार्च 2021 को 145.00 लाख हो गयी. (वर्ष दर वर्ष की 15.08 %).वृद्धि).

वित्तीय वर्ष 2020-2021के दौरान एफआई- पीएमजेडीवाय के अंतर्गत महत्वपूर्ण उपलब्धियां :

- बीसीआउटलेट के माध्यम से व्यवसाय 30.01 %, की वृद्धि सहित ₹2088.33 करोड़ से बढ़कर ₹ 2715.00 करोड़ हो गया.
- कुल एफआई व्यवसाय ₹ 4015.17 में23.41%, की वृद्धि के साथ ₹ 4955.00 करोड़ हो गया.
- पीएमजेडीवाय खातों में आधार सीडिंग का 82.25 % प्रतिशत से बढ़कर 83.97 % %हो गया एवं सभी सक्रिय कासा खातों में 88.30 % से बढ़कर 84.66 % हो गया.
- बीसीआउटलेट के माध्यम से लेन देन की संख्या 3.15 % की वृद्धि 508.00 लाख से बढ़कर 524.00 लाख हो गयी.

- ₹ 10 लाख से अधिक का व्यवसाय करने वाले बीसी की संख्या में 12.00 %की वृद्धि हुई और यह 3242 से 3631 हो गया. इसी प्रकार ₹ 1.00 करोड़ से अधिक का व्यवसाय करने वाले बीसी की संख्या में 45.12% की वृद्धि हुई एवं यह 379 से 550 हो गयी.
- सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत कुल पंजीकरण की मार्च 2020 की तुलना में दिनांक 31.03.2021 की वृद्धि निम्नानुसार है

सामाजिक सुरक्षा योजना	वित्तीय वर्ष 2019-20	वित्तीय वर्ष 2020-21	वृद्धि%
पीएमजेजेबीवाय	15,59,877,14	17,49,860	12.18%
एसबीवाय	46,03,888	51,53,219	11.93%
एपीवाय	8,73,333	12,32,446	41.12%

पीएमजेजेबीवाई के तहत 9534 मृत्यु दावों में से 9086 दावों का निपटारा किया गया है और पीएमएसबीवाई के तहत 2801 मृत्यू दावों में से 2253 दावों का निपटारा किया गया है तथा अन्य दावों पर बीमा कंपनियों के साथ विचार किया जा रहा है.

अग्रणी बैंक के अधीन कार्यनिष्पादन.

- हमारे पास सात राज्यों अर्थात मध्य प्रदेश (18), बिहार (10), महाराष्ट्र (7), उत्तर प्रदेश (5), पश्चिम बंगाल (4), राजस्थान(3) एवं छत्तीसगढ़ (4), में 51 जिलों में अग्रणी बैंक का उत्तरदायित्व है. हमारे कुल व्यवसाय का 50% से अधिक एवं लगभग 25% शाखाएं इन राज्यों एवं अग्रणी जिलों में स्थित हैं.
- अग्रणी बैंक योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए,अग्रणीजिला प्रबंधकों को समुचित स्टाफ पूरक और बुनियादी ढांचे जैसे स्वतंत्र / अच्छापरिसर, वाहन, कंप्यूटर / लैपटॉप (स्थापित के साथ) और प्रिंटर, टेलीफोन, इंटरनेट कनेक्शन, ई-मेल आईडी, मोबाइल, फैक्स, वेबसाइटों की स्थापना आदि से सुसज्जित किया गया है.
- बैंक के विभिन्न उत्पादों के बारे में आम जनता / जनता को अवगत कराने के लिए, हमने अग्रणी जिला प्रबंधक को दिए गए वाहन पर ग्रामीण जनता के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, केंद्रीय कारीगर क्रेडिट कार्ड, स्वाभिमान / आधार आदि से संबंधित कुछ उत्पादों को प्रदर्शित किया है.
- वित्तीय विकास / वित्तीय समावेशन कार्यक्रमों के पूर्ण कार्यान्वयन, आरसेटी में प्रशिक्षण प्राप्त बेरोजगार ग्रामीण युवाओं, एसएचजी / किसान क्लब / जेएलजी का गठन, ऋणात्मक गतिविधियों को पूर्ण सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन लाने के लिए सभी विकासात्मक गतिविधियाँ कार्यान्वित की गई हैं.

वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केन्द्र (एफएलसीसी)

- हमने 7 राज्यों में 48 एफएलसीसी खोले गए हैं यथा मध्यप्रदेश (18), बिहार (10), महाराष्ट्र(7), उत्तरप्रदेश (5), पश्चिम बंगाल (3), राजस्थान (3) एवं छ्त्तीसगढ़ (2) एवं 4 एफएलसीसी केरल राज्य के ब्लाक स्तर पर और 5 एफएलसीसी ब्लाक स्तर पर बिहार के दरभंगा जिले खोले गये है. भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 85 न्यु सीएफएलएस ब्लाक स्तर पर खोले गये है जिसका परिचालन 01.12.2021 से प्रारंभ होगा.
- इन सभी केन्द्रों द्वारा गांवों में 41480 आउटडोर विजिट की गई है जिसमें 542385 व्यक्तियों को साक्षरता/परामर्श प्रदान किया गया
- जन अभियान एवं व्यक्तिगत परामर्श दोनों किए जा रहे हैं.
- लोगों में जागरूकता लाने एवं उनकी आर्थिक स्थिति और जीवनयापन स्तर में सुधार के अवसर प्रदान करने के लिए बैंक ने उन्हें जनसंपर्क प्रणाली युक्त गाडियां एवं बैंक द्वारा आरम्भ किये गये विभिन्न उत्पादों/योजनाओं को प्रचारित करने के लिए एलसीडी प्रदान किये है. इसके अलावा गांव के दौरे एवं परामर्श प्रदान करते समय शिक्षण सामग्री, किट, किताबें इत्यादि उपलब्ध कराई है.

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी)

- देश के 9 राज्यों में 46 आरसेटी है अर्थात मध्यप्रदेश (18),बिहार (09), महाराष्ट्र (6), उत्तरप्रदेश (5), पश्चिम बंगाल(3), छ्त्तीसगढ़ (2), राजस्थान (1), उडीसा(1), एवं असाम(1)
- वर्ष 2020-21 के दौरान आरसेटी ने 573 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जिसमें 15343 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया. वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान लगभग 8 माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया. इनमें से 12384 यानि (81 %) प्रशिक्षार्थी बैंक ऋण,मजदूरी निपटान एवं स्व-वित्त पोषण में स्थापित किये गये.
- कुल प्रशिक्षित प्रतिभागियों में से 6513 यानि 43% क्रेडिट लिंकेज से स्थापित किए गये.

अन्य पहलें

- आरसेटी तथा एफएलसीसी के प्रचालनों तथा कार्य प्रणाली पर नियंत्रण एवं निगरानी रखने के लिए हमारे बैंक द्वारा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया सामाजिक उत्थान एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीबीआई-एसयूएपीसी) नाम से एक सोसयटी/ ट्रस्ट की स्थापना की गई है.
- आरसेटी तथा एफएलसीसी के मामलों तथा कार्यो पर पूर्ण नियंत्रण एवं निगरानी हेतु हमने हमारे प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी संरक्षक के रूप में कार्यपालक निदेशक अध्यक्ष के रूप में एवं महाप्रबंधकगण इसके सदस्य के रूप में शीर्ष स्तर पर एक प्रशासकीय परिषद का गठन किया है.
- पीएमजेडीवाय ग्राहकॉ को ₹ 50,000/- तक के सूक्ष्म ऋण प्रदान करने के लिए सेन्टसरल बिजनेस लोन नामक एक नया सरलीकृत ऋण उत्पाद प्रारंभ किया गया.

एमएसएमई विभाग

एमएसएमई विभाग के वर्तमान में चल रहे उत्पाद निम्नवत है:

1. सेन्ट ट्रेडस् (केवल मु.मु.का के माध्यम से)
2. सेंट वेयर हाउस
3. सेन्ट कल्याणी (केवल महिला उद्यमी के लिये)
4. सेन्ट सिरेमिक (राजकोट एवं पोरबंदर जिले के अधीन विनिर्दिष्ट क्षेत्र् के लिये)
5. एसआरटीओ (लघु रोड एवं जल ट्रांसपोर्ट आपरेटर)
6. सेन्ट कॉन्ट्रैक्टर
7. सेन्ट कन्स्ट्रक्शन इक्युपमेंट वित्त
8. सेंट होजरी/ टेक्सटाईल्स
9. सेंट मुद्रा
10. सेन्ट स्टैण्डअप इंडिया
11. सेन्ट व्हिवर मुद्रा योजना
12. सेन्ट ट्रेड - कमीशन एजेंट/ आढती
13. राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एन यू एल एम)
14. सेन्ट बिजनेस गोल्ड ऋण
15. सेन्ट लघु उद्यमी क्रेडिट कार्ड (एलयूसीसी)
16. सेन्ट कस्टम हायरिंग केंद्र (केवल भोपाल अंचल के लिए)
17. अनुसूचित जाति के लिये क्रेडिट गारंटी योजना (सीईजीएसएससी)
18 मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना (मध्य प्रदेश राज्य के लिए)
19 मुख्यमंत्री यूवा उद्यमी योजना (मध्य प्रदेश राज्य के लिए)
20 सेन्ट मारर्टगेज बिजनेस ऋण (टीएल)
21 सेन्ट बिजनेस ऋण

निम्नलिखित एमएमएमई उत्पादों को बंद किया गया :

1. सेन्ट- सहयोग
2. सेन्ट प्रोत्साहन
3. सेन्ट- प्रोस्पेरिटी (अल्प संख्यक समुदाय के लिए)
4. सेन्ट मत्स्य कन्या (फिशर महिलाओं के लिए)
5. सेन्ट आर्टिजन क्रेडिट कार्ड

6. सेन्ट कास्टिंग एण्ड फोर्जिंग
7. सेन्ट व्यावसायिक
8. सेन्ट गति धारा (पश्चिम बंगाल राज्य हेतु)
9. सेन्ट रिटर्न एनआरआई बिजनेस ऋण योजना - केरल राज्य में वापस आने वाले अनिवासी भारतीयों के लिए वित्तपोषण
10. सेन्ट जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट
11. सेन्ट डॉक्टर
12. सेन्ट डेंटिस्ट

1. निष्पादन

(राशि करोड़ में)

विवरण	31.03.2020 (आडिटेड) पीएसएलसी रहित	31.03.2020 (आडिटेड) पीएसएलसी सहित*	31.03.2021 (आडिटेड) पीएसएलसी रहित	31.03.2021 (आडिटेड) पीएसएलसी सहित **	वर्ष-दर-वर्ष % वद्धि पीएसएलसी रहित	वर्ष-दर-वर्ष % वद्धि पीएसएलसी सहित
माइक्रो इंटरप्राइजेज	10597	13733	14109	14109	33.14%	2.73%
एमएसई	26717	29853	29963	29963	12.14%	0.36%
एमएसएमई(पीएस)	30233	33369	32845	32845	8.63%	-1.57%
कुल एमएसएमई	30233	33369	32845	32845	8.63%	-1.57%
कुल अग्रिम में एमएसएमई अग्रिम %	17.55%	19.37%	18.27%	18.56%	1.01%	-0.81%
भारतीय रिजर्व बैंक आदेशित (प्रधानमंत्री कार्यबल)	31.03.2020 (आडिटेड)		31.03.2021 (आडिटेड)		लक्ष्य मार्च -21	
माइक्रो इंटरप्राइजेज में खातों की संख्या	878407		925742		966248	
माइक्रोइंटरप्राइजेस के अधीन वर्ष-दर-वर्ष % खातों की संख्या में वृद्धि	8.04%		5.38%		10%	
भारतीय रिजर्व बैंक आदेशित (प्रधानमंत्री कार्यबल)	31.03.2020 (आडिटेड) पीएसएलसी रहित	31.03.2020 (आडिटेड) पीएसएलसी सहित	31.03.2021 (आडिटेड) पीएसएलसी रहित	31.03.2021 (आडिटेड) पीएसएलसी सहित	लक्ष्य मार्च-21	
एमएसई पोर्टफोलियो (राशि)	26717	29853	29963	29963	लागू नहीं	
एसएसई के अधीन वर्ष-दर-वर्ष % साख वृद्धि	-5.51%	-12.62%	12.14%	0.36%	20%	
एमएसई क्रेडिट में माइक्रो क्रेडिट %	37.48%	40.20%	52.80%	47.26%	60%	

(*) पीएसएलसी सूक्ष्म उद्यमों के अधीन ₹ 3136/ करोड की खरीद एवं सिडबी में निवेश ₹ 740.49 करोड़ जिसमें मुद्रा लिमिटेड ₹ 243.09 करोड़ है.

(**) पीएसएलसी सूक्ष्म उद्यमों के अधीन ₹0.00/- करोड़ की खरीद एवं सिडबी में निवेश ₹ 355.81 करोड जिसमें मुद्रा लिमिटेड ₹ 133.63 करोड़ है.

सूक्ष्म उद्यम के अंतर्गत निष्पादन :

सूक्ष्म उद्यम बकाया दिनांक 31.03.20 पीएसएलसी रहित	सूक्ष्म उद्यम बकाया दिनांक 31.03.20 पीएसएलसी सहित	सूक्ष्म उद्यम बकाया दिनांक 31.03.21 पीएसएलसी रहित	सूक्ष्म उद्यम बकाया दिनांक 31.03.21 पीएसएलसी सहित	एएनबीसी मार्च-21 तक	दिनांक 31.03.20 की स्थिति पीएसएलसी रहित	दिनांक 31.03.20 की स्थिति पीएसएलसी सहित	दिनांक 31.03.21 की स्थिति पीएसएलसी रहित	दिनांक 31.03.21 की स्थिति पीएसएलसी सहित	लक्ष्य मार्च- 21 (एएनबीसी का 7.50%)
10597	13732	14109	14109	157598	6.71%	8.70%	8.41%	8.41%	12570

संकेतक	विवरण
निष्पादन वैशिष्ट्य	❖ एमएसई के लिये माइक्रो क्रेडिट का % पीएसएलसी रहित 47.86% है. ❖ बैंक ने माइक्रो के अधीन खातों की संख्या में वर्ष-दर-वर्ष 5.38 % की वृद्धि दर्ज की. ❖ डीएफएस, एम.ओ.एफ., भारत सरकार द्वारा पीएमएमवाय के अधीन दिए गये लक्ष्यों में बैंक की उपलब्धि 143% रही. मार्च 2021 की नवीन स्वीकृति के अंतर्गत बैंक के लिए निर्धारित लक्ष्य ₹ 4400 करोड़ के विरूध्द ₹ 6328 करोड प्राप्त कर सका.
नवोन्मेष	❖ बैंक ने ईडल्विल्स रिटेल फायनेंस लि. और इंडिया बुल्स कंज्यूमर क्रेडीट लि. के साथ सह उधार के अधीन ऋणों के लिए टाई-अप किया है. ❖ रिजोल्युसन फ्रेमवर्क 2.0 लांच किया गया
भावी पथ	माइक्रो इंटरप्राइजेस पर जोर एएनबीसी के 7.5% के भा.रि. बैंक एवं पीएमटीएफ द्वारा निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने हेतु माइक्रो इंटरप्राइजेस पर विशेष बल दिया जा रहा है. ❖ इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमारा जोर मुद्रा योजना, स्टैण्ड अप इंडिया योजना, केवीआईसी/ पीएमईजीपी के अधीन ऋण एवं सेन्ट वीवर मुद्रा योजना के अधीन वित्त प्रदान करने पर है. ❖ एमएसएमई ऋण में सुधार के लिए सह-ऋण योजना ❖ टीआरईडीएस व्यवसाय पर फोकस ❖ फ्रेमवर्क 2.0 के अधीन स्ट्रेस्ड एमएसएमई खातों का एकमुश्त पुनर्गठन ❖ एसएमए -2 खातों के उन्नयन के साथ-साथ पुर्नसंरचना के लिए आक्रामक अनुवर्ती कार्यवाही आरबीआई के दिशा-निर्देशों के अनुसार पात्र खातों का किया जा रहा है. ❖ फिनटेक गतिविधियों के डिजिटल दस्तावेजों को अपनाकर और माइक्रो क्रेडिट के लिए एंड टू एंड समाधान प्रदान करने वाले प्रौद्योगिकी सक्षम उत्पादों को पेश करके समर्थ किया जाएगा. ❖ सभी पात्र एमएसएमई खातों में जीईसीएल का विस्तार

खुदरा ऋण

दिनांक 31.03.2021 को खुदरा ऋण योजनाओं के अधीन कुल बकाया राशि ₹ 49468 करोड थी. बैंक का खुदरा संविभाग कुल ऋणों का 27.96% है.

(₹ करोड़ में)

	31-03-2020	**31 -03-2021**
खुदरा ऋण	46106	49468
कुल ऋण	172244	176913
कुल ऋणों में रिटेल (%)	26.76	27.96

	31-03-2020	31-03-21
आवास ऋण	25821	27969
खुदरा ऋण	46106	49468
कुल रिटेल क्रेडिट में आवास ऋण (%)	56.00	56.54

नोट : दिनांक 31.03.2020 तक के कुल खुदरा ऋण ₹ 1500 करोड़ आईबीपीसी में शामिल है. दिनांक 31.03.21 तक आईबीपीसी में खुदरा ऋण निरंक है. दिनांक 31.03.21 को आवास ऋण योजना में कुल बकाया राशि 27969 करोड़ थी. बैंक का आवास ऋण संविभाग कुल रिटेल अग्रिम का 56.54 % है. आवास ऋण पिछले वर्ष से 8.32% बढा है.

खुदरा ऋण में उत्पाद और सेवायें :

बैंक के पास 20 खुदरा ऋण उत्पाद है जो आम जनता के लिये संभावित ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकता को स्पष्ट विभेद के साथ पूरा करते हैं.

क्र.संख्या	योजना का नाम
1.	**सेंट होम ऋण योजना -** श्रेष्ठ होम लोन विशेषताओं एवं कमतर ब्याज दर के साथ घर/फ्लैट की खरीद/निर्माण हेतु योजना
2.	**सेंट होम डबल प्लस योजना-**है एक ऐसा होम लोन उत्पाद, जिसमें अधिक पुनर्भुगतान करना अनुमत है, ब्याज लाभ तथा जरूरत पड़ने के मामले में अधिक प्रदत्त भुगतान को आहरण करने की तरलता भी प्रदान करता है.
3.	**सेंट होम- सीआरजीएफटीएलआईएच योजना- ऋण जोखिम गारंटी निधि योजना के अंतर्गत, कवरेज के साथ इडब्ल्यूएस एवं एलआईजी की योजना**
4.	**सेन्ट होम - प्रधानमंत्री आवास योजना - पीएमएवाय के अंतर्गत , अनुदान राशि के साथ होम लोन उत्पाद**
5.	**सेन्ट होम लोन लाभार्थियों को टॉप-अप मियादी ऋण सुविधा -** व्यक्तिगत जरूरत के लिए टॉप-अप ऋण
6.	**सेन्ट होम ऋण योजना - तीसरा या चौथा आवास खरीदने के लिए -** 2 घरों से अधिक के लिए आवास ऋण
7.	**सेन्ट मॉर्गेज मियादी ऋण -** आसान शर्तों पर सम्पत्तियों के विरूद्ध ऋण
8.	**सेन्ट रेन्टल -** आसान शर्तों पर प्राप्य किराये के विरूद्ध ऋण
9.	**सेंट स्वाभिमान प्लस -** वरिष्ठ नागरिकों को जीवन भर के लिए वार्षिकी भुगतान योजना
10.	**सेन्ट विद्यार्थी -** विद्यार्थियों के लिए आसान शर्तों पर शैक्षणिक ऋण योजना
11.	**सेन्ट विधार्थी - एनसीजीटीसी गारंटी-** अनुदान राशि के साथ ₹ 7.5 लाख तक शिक्षा ऋण योजना
12.	**सेन्ट स्किल लोन योजना -** दक्षता हासिल करने के लिए शिक्षा ऋण योजना
13.	**एक्सिक्यूटिव एमबीए के लिये शैक्षिणक ऋण-** अनुभव के साथ कार्यपालकों के लिए शिक्षा ऋण योजना
14.	**आईआईएम एवं अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के विदयार्थियों के लिए शिक्षा ऋण -**आईआईएम एवं अन्य प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थाओं के लिए शिक्षा ऋण योजना
15.	**आईआईटी विद्यार्थियों के लिये सेन्ट टेक विधार्थी -** आईआईटी विद्यार्थियों के लिए शिक्षा ऋण योजना
16.	**सेन्ट व्हीकल योजना -** आसान शर्तों पर दो/चार पहिया वाहन खरीदने के लिए ऋण
17.	**सेन्ट पर्सनल योजना -** व्यक्तिगत ऋण योजना
18.	**सेन्ट लिक्विड -** शेयर्स के विरूद्ध ऋण
19.	**सेन्ट पर्सनल गोल्ड लोन योजना -** स्वर्ण के विरूद्ध ऋण
20.	**पेंशन लोन योजना -** पेशंनरों को ऋण

खुदरा ऋणों के वृद्धि के लिए की गई पहल

➢ उधार देने की बढ़ी हुई शक्तियों वाली शाखाओं द्वारा ऋण स्वीकृत करने के लिये सीपीएसी माडल का कार्यान्वयन.

➢ खुदरा ऋण को बढ़ावा देने के लिए सभी खुदरा योजनाओं के लिए शाखा प्रबंधकों की उधार देने की शक्ति में वृद्धि हुई.

- खुदरा ऋणों को बढ़ावा देने के लिए डीएसए के बोर्डिंग पर
- क्षेत्रीय कार्यालय में मार्केटिंग वर्टिकल स्थापित किया गया जिससे लीड उत्पत्ती एवं लीड परिवर्तन की निगरानी की जा सकें.
- आवास, वाहन और व्यक्तिगत ऋण के लिए 59 मिनट पोर्टल और शिक्षा ऋण के लिए विद्या लक्ष्मी पोर्टल (वीएलपी) में ऑनलाइन पीएसबी ऋण के साथ टाई- अप किया गया. पीएसबी59/व्हीएलपी पोर्टल का उपयोग करने के लिए शाखाओं को प्रोत्साहित किया जाता है
- विभिन्न खुदरा ऋण योजनाओं के लिए सीआईसी स्कोर का युक्तिकरण शुरू किया गया.
- ईज़ दिशा- निर्देशों की समय समय पर निगरानी की जाती है
- अभियान अवधि के दौरान वर्तमान और साथ ही नए ग्राहकों तक पहुंचने के लिए ई-मेल, एसएमएस, स्थानीय मीडिया, होर्डिंग, बैनर, स्टैंडी, रेडियो सिंगल्स और पैम्फलेट के माध्यम से सामूहिक अभियान चलाया.
- रिटेल लोन पोर्टपोलियों को बढ़ाने के लिए, रिटेल मानसून और रिटेल महोत्सव सफलतापूर्वक आयोजित किए गए, इस अवसर पर प्रोसेसिंग शुल्क में रियायतें दी गईं.
- सेंट कनेक्ट के कार्यक्रम के अधीन व्यवसाय का अनुकूलन.

आवास ऋणों के वृद्धि के लिए की गई कार्रवाई,

- प्राथमिक क्षेत्र के आवास ऋणों के वित्तपोषण के लिए आवास वित्त कंपनियों के साथ सह-उधार मॉडल करार
- टीएटी को कम करने और आवास ऋण में वृद्धि के लिए प्रतिष्ठित रेरा पंजीकृत अच्छे बिल्डरों के साथ करार
- अन्य बैंकों से आवास ऋण के अधिग्रहण पर फोकस करना.
- पुनर्विक्रय गृहों के ऋण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए रियल एस्टेट एजेंटों को प्रोत्साहन का परिचय
- टियर- II, टियर- III और टियर- Iv शहरों पर ध्यान.
- पीएमएवाई और किफायती आवास पर फोकस करना

वाहन ऋणों में वृद्धि के लिए कृत कार्रवाई :

- नियमित रूप से भेंट करके लीड प्राप्त कर उसे व्यवसाय में बदलना .
- डीलर / उपडीलर को आकर्षक प्रोत्साहन राशि.

व्यक्तिगत ऋणों में वृद्धि के लिये कृत कार्रवाई :-

- वेतन और पेंशन खाताधारकों के साथ निरंतर संवाद.
- कॉर्पोरेटस/ सरकारी संगठनों से भेंट करके उनके कर्मचारियों को व्यक्तिगत ऋण प्रदान करना.
- डिजिटल प्रलेखन के माध्यम से सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के वेतन खाता धारकों को तत्काल व्यक्तिगत ऋण प्रदान करना.
- कोविड-19 महामारी से उत्पन्न होने वाली जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारे मौजूदा बंधक धारकों को विशेष और पेंशनर्स/वेतनभोगी ग्राहक जिन्हे हमारी बैंक से पेंशन/वेतन मिल रही है, व्यक्तिगत ऋण प्रदान करना.

गोल्ड ऋण में वृद्धि के लिये कृत कार्रवाई :-

- संभावित शहरों/कस्बों में ऋण देने के लिए क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण. मूल्यांकक और सुरक्षित लॉकर का उचित प्रावधान.
- शाखा में बैनरों, स्टैंडी, पैम्फलेट्स का वितरण करके गोल्ड लोन उपलब्ध कराना..

शिक्षा ऋण में वृद्धि के लिये कृत कार्रवाई :-

- आईआईएम, आईआईटी और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के छात्रों के लिये शिक्षा ऋण पर ध्यान देना.
- आईआईएम छात्रों /अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों और कार्यकारी एमबीए योजनाओं को शिक्षा ऋण के तहत नया व्यवसाय प्राप्त करने के लिये आरओआई में कमी.
- विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों को ऋण.

- सेंट विद्यार्थी- एनसीजीटीसी गारंटी योजना के तहत रुपये 7.50 लाख तक के ऋण स्वीकृत किए जा रहे हैं.
- लीड उत्पति के लिए चयनित किए गए शैक्षिक संस्थानों के साथ टाई-अप व्यवस्था

अंतर्राष्ट्रीय प्रभाग

- बैंक का विदेशी विनिमय व्यवसाय देश भर में फैली 62 प्राधिकृत डीलर (बी श्रेणी) शाखाओं द्वारा संपादित किया जाता है. परिचालनीय कुशलता के लिए मुम्बई में बैंक का एक केन्द्रीकृत डीलिंग रूम है ताकि निधि प्रबंधन व परिचालन सुविधा में बेहतरी हासिल की जा सके.
- दिनांक 31.03.2021 को बैंक का निर्यात पोर्टफोलियो रुपये ₹ 4446 करोड रहा जो दिनांक 31.03.2020 को रुपये 4876 करोड़ था. यह पिछ्ले वर्ष के मुकाबले 8.82 % कम रहा.
- वित्तीय वर्ष 2020-21 में मर्चेंट ट्रेड विदेशी विनिमय का टर्नओवर रुपये 27377 करोड़ रहा जो वित्तीय वर्ष 2019 -20 में 31367 करोड़ था.
- एनआरई जमा राशि दिनांक 31.03.2020 को रूपये 5130 करोड़ बढ़कर दिनांल 31.03.2021 को रूपये 5416 करोड़ हो गई, जो गत वर्ष की तुलना में 5.58 % की वृद्धि दर्शाती है.
- एफसीएनआर जमा राशि दिनांक 31.03.2020 को यूएसडी 230.66 मिलियन से घटकर कर दिनांक 31.03.2021 को यूएसडी 230.54 मिलियन हो गई, जो गत वर्ष की तुलना में 0.05% की कमी दर्शाती है.

ट्रेजरी निधि एवं निवेश

- बैंक का निवेश पोर्टफोलियो दिनांक 31 मार्च,2021 को बढकर 1,53,820 करोड़ हो गया (गैर-एसएलआर, गैर-अंतरणीय भारत सरकार पुन:पूंजीकरण बॉन्ड रूपये 19580 करोड़ सहित) जो दिनांक 31 मार्च, 2020 को रूपये 1,47,358 था, पिछले वर्ष की तुलना में 4.39% की वृद्धि दर्ज हुई. दस वर्षीय बेंचमार्क प्रतिफल दिनांक 31.03.2021 के 6.18% की तुलना में दिनांक 31.03.2020 को 6.14% पर बंद हुआ.
- वर्ष के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट एक बार घटा कर प्रभावी रूप से रेट को 4.40% से 4% कर दिया. इससे बैंक दर एवं सीमांत स्थायी सुविधा दर कम होकर 4.25% हो गई.
- लघु और मध्यम आकार के कॉर्पोरेट, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों सहित (एनबीएफसी) और माइक्रो फाइनेंस संस्थानों (एमएफआई) के खाते पर कोविड-19 व्यवधान के कारण खातों पर असर पड़ा है. तरलता उपाय के भाग के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक ने लक्षित दीर्घकालिक रेपो परिचालन (टीएलटीआरओ) का संचालन किया है और बैंक ने रूपये 1764 करोड़ आगे अभिनियोजन करने के लिए प्राप्त किये हैं.
- पिछले वर्ष के ट्रेडिंग लाभ रूपये 1214.85 करोड की तुलना में वित्तीय वर्ष 2020-21 में ट्रेजरी ने रूपये 1380.64 करोड़ का ट्रेडिंग लाभ दर्ज किया. निवेश पर प्रतिफल (ट्रेडिंग लाभ के अलावा) वर्ष 2019-20 के दौरान 7.01% से कम होकर वर्ष 2020-21 के दौरान 6.62% हो गया.
- भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिभूतियों के स्थानांतरण संबंधी दिशानिर्देशों के अनुपालन में, बैंक में वर्ष 2020-21 के दौरान केन्द्र एवं राज्य सरकार को रूपये 5171 करोड़ की प्रतिभूतियां एएफएस से एचटीएम में एवं रुपये 6913 करोड़ की राशि एचटीएम से एएफएस में अंतरित की.
- दिनांक 31 मार्च, 2021 को बैंक के निवेश पोर्टफोलियो का संमिश्र निम्न प्रकार है :

(रूपये करोड़ में)

क्रम सं	संघटन	31.03.2021	31.03.2020
1	एसएलआर	110,414.28	109,493.35
2	गैर-एसएलआर	43405.78	37,864.51
	योग	**153820.06**	**147,357.86**

जोखिम प्रबंधन

जोखिम प्रबंधन प्रणाली / संगठनात्मक संरचना

बैंक में अब जोखिम प्रबंधन प्रणाली सुव्यवस्थित रूप से स्थापित है. निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंधन समिति नियमित रूप से क्रेडिट, मार्केट और परिचालन जोखिम तथा पिलर जोखिमों के तहत बैंक की जोखिम प्रबंधन नीतियों/नीति की देखरेख करती है. समिति उत्पादों के मूल्य निर्धारण के लिए नीतियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा करती है जिससे बाजार की गतिविधियों से समन्वय सहित सापेक्ष जोखिम वाले मॉडल का आकलन करती है और नए जोखिमों की पहचान और नियंत्रण भी करती है. समिति नियमित रूप से कॉर्पोरेट स्तर पर संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न जोखिम के अनुपालन की निगरानी करती है.

जोखिम प्रबंधन संरचना

- परिचालन स्तर पर विभिन्न समितियाँ, तथा बाजार जोखिम के लिए आस्ति देयता समिति (आल्को), ऋण जोखिम के लिए ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी) तथा परिचालन जोखिम के लिए परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरसीओ) गठित की गई है जिसमें शीर्ष प्रबंधतंत्र टीम के सदस्य शामिल किए गए हैं.
- यह समितियाँ बैंक के विभिन्न परिचालनों के अंतर्गत जोखिम के स्तर के आकलन एवं निगरानी के लिए वर्ष भर नियमित बैठकें करती हैं तथा आवश्यकतानुरूप उचित जोखिम न्यूनीकरण के उपाय लागू करती है.
- सभी आंचलिक कार्यालयों में बैंक ने मुख्य प्रबंधक / वरिष्ठ प्रबंधक / प्रबंधक श्रेणी के अधिकारियों को जोखिम प्रबंधक के तौर पर अभिचिन्हित किया है. यह जोखिम प्रबंधक, आंचलिक स्तर पर केन्द्रीय कार्यालय के जोखिम प्रबंधन विभाग के ''विस्तारित भाग'' के तौर पर कार्य करते हैं.

बाजार जोखिम प्रबंधन

- मिड ऑफिस, बाजार की स्थिति, फंडिंग पैटर्न की समीक्षा करता है और एक्सपोजर, अवधि, काउंटर पार्टी की सीमाओं और विभिन्न संवेदनशील मापदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करता है और नियमित अंतराल पर शीर्ष प्रबंधन को रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है.
- वीएआर तथा अवधि अंतर विश्लेषण जैसे उपकरणों का सतत उपयोग किया जाता है जिससे अल्पकाल में बैंक के लाभ को तथा दीर्घकाल में इक्विटी मूल्य को नापने और प्रबंध करने के लिए किया जाता है.
- ट्रेडिंग पोर्टफोलियो पर पूँजीगत प्रभार का सतत अनुमान लगाने के लिए एक मॉडल तैयार किया गया है तथा बाजार जोखिम के संबंध में बेसल III के दिशानिर्देशों के अनुसार उसे लागू किया गया है.
- पोर्टफोलियो में बाजार जोखिम की निगरानी के लिए बैंक के पास बोर्ड द्वारा अनुमोदित बाजार जोखिम प्रबंधन नीति है. ट्रेजरी परिचालन के लिए प्रति-पक्ष पार्टियों की सीमाएँ समकक्षों की नवीनतम, जोखिम सहबद्धता की स्थिति के अनुसार निर्धारित / समीक्षित की गई है.

ऋण जोखिम प्रबंधन

- बैंक की एक सुस्पष्ट लिखित एकीकृत जोखिम प्रबंधन नीति है.
- विभिन्न मॉडलों जैसे लॉर्ज कॉर्पोरेट मॉडल, इन्फ्रास्ट्रक्चर मॉडल, एनबीएफसी इत्यादि के अंतर्गत उधारकर्ताओं की रेटिंग के लिए बैंक के पास क्रिसिल लि. से प्राप्त मॉड्यूल है.
- बैंक ने रिटेल ऋण ग्रेडिंग के लिए रेटिंग मॉडल्स (स्कोर कार्ड) विकसित किए हैं तथा इनका उपयोग किया जा रहा है.
- ऋण जोखिम प्रबंधन की गतिविधियों की रिपोर्टिंग एवं निगरानी प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता वाली ऋण जोखिम नीति समिति द्वारा की जाती है.
- बैंक ने एसएएस समाधानों का उपयोग करत हुए पूंजी गणना के उन्नत दृष्टिकोनों के कार्यान्वयन को पूरा कर लिया है. सिस्टम वर्तमान में एफआईआरबी के साथ समानांतर रूप से चल रहा है.

परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन

- बैंक में परिचानात्मक जोखिम प्रबंधन बैंक के जोखिम प्रोफाइल और जोखिम क्षमता के अनुरूप व्यापक परिचालन जोखिम प्रबंधन और माप ढांचे को विकसित करने के लिये एक अच्छी तरह से निर्धारित परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति दवारा पूरी तरह से सुस्पष्ट परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति के द्वारा मार्गदर्शित है.
- परिचालनात्मक रिस्क मैनेजमेंट कमेटी (ओआरसीओ) सुनिश्चित करती है कि उचित परिचालनात्मक रिस्क मैनेजमेंट फ्रेमवर्क मौजूद है और इसकी नियमित आधार पर निगरानी की जाती है. ओआरसीओ जोखिम पहचान, मूल्यांकन और रिपोर्टिंग विधियों सहित परिचालन जोखिम पद्धतियों और उपकरणों के विकास और कार्यान्वियन की समीक्षा और अनुमोदन भी करता है. धोखाधड़ी का विश्लेषण, नियर मिस इवेंट, गैर-अनुपालन, उल्लंघन, प्रणालीगत सुधार आदि और परिचालन जोखिम के प्रबंधन के लिए उपयुक्त नियंत्रण/शमन की सिफारिश भी समिति को प्रस्तुत की जाती है
- नया उत्पाद अनुमोदन नीति ढांचा मौजूद है जो नए उत्पादों/प्रक्रियाओं या गतिविधियों से जुड़े जोखिमों को कम करने में बैंक का मार्गदर्शन करता है.
- बैंक के पास व्यवसाय निरंतरता योजना है जो बैंक के लिये विघटन योजना के दौरान पूर्वनिर्धारित क्षमता पर स्वीकार्य समय सीमा के भीतर उत्पादों और सेवाओं की डिलीवरी जारी रखने हेतु बैंक के लिए ढांचा तैयार करती है और बैंक को विघटन का जवाब देने और फिर से शुरू करने के लिए भी मार्गदर्शन करती है अपने व्यापार निरंतरता उद्देश्यों के अनुरूप उत्पादों और सेवाओं के वितरण को पुनर्प्राप्त और पुनर्स्थापित करें .
- बैंक ने परिचालन जोखिम के लिए एकीकृत जोखिम प्रबंधन समाधान (आईआरएमएस) के तहत आईएमएम मॉड्यूल (घटना प्रबंधन मॉड्यूल) में हानि इवेंट डेटा और निकट गलत घटनाओं का संग्रह शुरू कर दिया है

पूँजी आयोजना :

बैंक के पास सुदृढ आईसीएएपी (आंतरिक पूँजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया) उपलब्ध है, बैंक ने जोखिम अभिलाषी ढांचा तैयार किया है एवं बासल III मापदंडों की न्यूनतम आवश्यकता से अधिक पूँजी अनुपात रखने का इरादा है. पूँजी के प्रति अनुमान की समीक्षा वार्षिक आधार पर की जाती है.

आस्ति एवं देयता प्रबंधन पद्धतियाँ

- एएलएम प्रमुखत: बैंक के लाभ को अधिकतम करने के उद्देश्य से तरलता एवं ब्याज दर जोखिम के मापन एवं प्रबंधन से संबंधित है, आलको (आस्ति एवं देयता समिति) ने वर्ष 2020-21 के दौरान तरलता एवं अन्य संबंधित मामलों के संबंध में बैंक की स्थिति की समीक्षा करने के लिए 26 बार बैठकें की.
- विनियामक रिपोर्टिंग के अलावा, एएलएम द्वारा जमाओं पर ब्याज निर्धारण करने के साथ-साथ आधार पर, एमसीएलआर, आरबीएलआर और बीपीएलआर का निर्धारण भी किया जाता है. वर्ष 2020-21 के दौरान जमा ब्याज दरों में 9 (नौ) बार, आधार दर में 4(चार) बार एवं एमसीएलआर में 12 (बारह) बार संशोधन किया गया.
- भारिबैंक के नये दिशानिर्देशानुसार, बैंक ने दिनांक 01 जनवरी, 2015 से एलसीआर (तरलता कवरेज अनुपात) की गणना मासिक आधार पर करना प्रारंभ कर दिया है एवं यह अनुपात भारिबैंक द्वारा निर्धारित प्रारंभिक सीमा (अर्थात 2020-21 के लिए 100%) पर है. वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए औसत एलसीआर 386.91%.रहा है.

बासल III दिशानिर्देशों का कार्यान्वयन

- भारतीय रिजर्व बैंक ने जुलाई 2015 में नए पूँजी पर्याप्तता ढांचे के कार्यान्वयन पर अद्यतन मास्टर परिपत्र जारी किया है, इन दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक के बासल III अपनाया है तथा ऋण जोखिम हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण, परिचालनात्मक जोखिम के लिए मूल संकेतक दृष्टिकोण और बाजार जोखिम हेतु मानकीकरण अवधि पद्धति के आधार पर पूँजी का प्रावधान किया है.
- सभी आवश्यक नीतियाँ जैसे ऋण जोखिम प्रबंधन नीति, परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन नीति,बाजार जोखिम प्रबंधन नीति, ऋण जोखिम न्यूनीकरण तथा संपार्श्विक प्रबंधन नीति, बाजार अनुशासन तथा प्रकटीकरण नीति, आईसीएएपी इत्यादि बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित है.
- ऋण जोखिम के अधीन पूँजी प्रभार की गणना हेतु बैंक आईआरबी (आंतरिक रेटिंग आधारित) दृष्टिकोण के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कदम उठा रहा है.

सैम (एसएएम) एवं वसूली विभाग

अनर्जक आस्तियों के प्रबंधन के लिए बैंक में विस्तृत दिशानिर्देशों से युक्त एक सुपरिभाषित वसूली नीति उपलब्ध है, इसमें एनपीए प्रबंधन के सभी क्षेत्र निगरानी, अनुवर्ती उपाय, समझौता निपटान, स्टाफ जवाबदेही, सरफेसी अधिनियम, प्रवर्तन वसूली एजेंसियों की वसूली, स्वीस चैलेंज पद्धति केअंतर्गत एआरसी को आस्तियों की बिक्री, इरादतन, चूककर्ता, एक मुश्त निपटान आदि शामिल हैं.

अर्थव्यवस्था में नवीनतम परिवर्तन/गतिविधियाँ एवं एनपीए निपटान/ प्रबंधन की प्रवृत्तियाँ इत्यादि को समाहित करने के लिए इस नीति की समय-समय पर समीक्षा की जाती है. बैंक ने वित्तीय वर्ष के दौरान वसूली अभियान चलायें.

1. वर्ष -2020-21 के दौरान, एनपीए खाते में रुपये 2963 करोड़ की नकद वसूली और रूपये 499 करोड़ का अपग्रेडशन हुआ
   - सकल एनपीए का स्तर थोडा अर्थात 3312 करोड बढकर रुपये 32589 करोड़ से 29277 करोड़ हो गया.
   - शुद्ध एनपीए रूपये 11534 करोड से 9036 करोड रहा 2498 करोड़ कम हो गया.
   - सकल एनपीए, कुल ऋणों की तुलना में 18.92% से कम होकर 16.55% हो गया (237 बीपीएस)
   - शुद्ध एनपीए, शुद्ध ऋणों की तुलना में 7.63% से कम होकर 5.77% हो गया (186 बीपीएस)
   - बट्टे खातों में नकद वसूली रूपये 332 करोड़ हो गई.

2 एनपीए समाधान के लिए निम्न एक मुश्त समझौता (ओटीएस) योजना कार्यान्वित की गई.

   ए. विवेकाधीन रहित/ भेदभाव रहित (एनडीएनडी) 2020-21 विशेष एक मुश्त समझौता योजना जिसमें 31.03.2020 के अवमानक, डीए1, डीए2, डीए3, हानि लेखा एवं पीडब्ल्यूओ/ टीडब्लूओ खाते जिसमें ग्राहक का एक्सपोजर (बकाया सीआईएफ वार) रूपये 10.00 करोड़ तक है.

   बी. सभी एनपीए खाते प्रतिभूति सहित या प्रतिभूति रहित के लिए शुद्ध वर्तमान मूल्य (एनपीवी) दृष्टिकोण के अंतर्गत ओटीएस योजना

वित्तीय वर्ष 2020 -21 में इन योजनाओं में कुल लेजर अतिदेय में ₹3576 करोड़ में से ₹2338 करोड के स्वीकृत किए गये थे.

3. वर्ष के दौरान बैंक ने आस्ति वसूली कंपनियों (एआरसी) को 9 एनपीए खाते 100% नकद के अंतर्गत स्विस चुनौती पद्धति के अंतर्गत बेचे गए जिसके अंतर्गत रुपये 270 करोड़ नकद वसूली हुई, जिसके परिणामस्वरूप एनपीए में रूपये 726 करोड़ की कमी हुई.

4. भारिबैंक के परिपत्र दिनांक 07.06.2019 के दिशानिर्देश के अनुसार रूपये 1500 करोड़ या उससे अधिक बैंकिंग एक्सपोजर वाले खातों के लिए आईसीए हस्ताक्षरित किया गया.

कुल खाते	दिनांक 31.03.2021 को बकाया राशि	किया गया कुल प्रावधान
20	₹ 8808.88 करोड़	₹ 6972.30

5. समाधान योजना अनुमोदित किया गया एवं भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र दिनांक 07.06.2019 के अनुसार समाधान योजना को खाते के अनुपालन में कार्यान्वित किया गया.

खातों की संख्या	बकाया राशि	कुल प्रावधान
4	₹ 1880.15करोड़	839.07 करोड

6. वर्ष 2020 -21 के दौरान एनपीए खातों में वसूली एक महत्वपूर्ण क्षेत्र था, एनपीए के उतार चढाव की हमारे कार्यपालकों द्वारा दैनिक आधार पर सूक्ष्मता से निगरानी की जा रही है. सरफेसी के तहत कानूनी कार्यो और कार्रवाई के माध्यम से एनपीए खातों में वसूली की समीक्षा नियमित आधार पर समीक्षा बैठकों के दौरान की जाती है और मासिक आधार पर फील्ड कार्यकारिणी के साथ वीडियो कॉफ्रेंस की जाती

7. ₹10 लाख एवं इससे अधिक के गैर-निष्पादित ऋणियों से क्षेत्रीय कार्यालय के वसूली दल द्वारा व्यक्तिगत रूप से ऋण वसूली के लिए संपर्क किया जा रहा है.

बैंकएश्योरेंस

बैंकाश्योरेंस कक्ष जीवन, गैर-जीवन और स्वास्थ्य बीमा उत्पादों के वितरण का कार्य करता है और कमीशन प्राप्त करता है.हमारे बैंक के पास बीमा व्यवसाय के लिए इरडाई तीन वर्ष की अवधि का मिश्रित कॉर्पोरेट एजेन्सी लाइसेंस है जिसकी वैधता 31.03.2022 तक है.बैंक ने इरडाई अधिनियम 2025 के तहत जिसे ''खुली संरचना'' कहा जाता है, बैंकाश्योरेंस व्यवसाय हेतु निम्न विभिन्न बीमा कंपनियों के साथ 'जीवन, गैर-जीवन और केवल स्वास्थ्य' खंड के लिए बीमा पार्टनर के रूप में टाई-अप व्यवस्था की है :

क्रम सं.	बीमा कंपनी का नाम	श्रेणी
1	भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड	जीवन बीमा
2	टाटा एआईए जीवन बीमा कंपनी लिमिटेड	जीवन बीमा
3	द न्यू इंडिया एशोरेंस कंपनी लिमिटेड	साधारण बीमा
4	बजाज अलाएंज जनरल इशोरेंस कंपनी लिमिटेड	साधारण बीमा
5	एचडीएफसी इरगो हेल्थ इंश्युरेंस कंपनी लिमिटेड (दिनांक 01.10.2020 से समाप्त)	केवल स्वास्थ्य बीमा

दिनांक 31.03.2021 को समाप्त वर्ष में कार्यनिष्पादन की प्रमुख विशिष्टताएँ निम्नानुसार रही :

- जीवन बीमा व्यवसाय में, बैंक ने 69,471 पालिसियाँ एवं ₹49.66 करोड प्रीमियम संग्रहित किया है.
- साधारण बीमा व्यवसाय में, बैंक ने ₹11.59 करोड प्रीमियम सहित 2,73,976 पालिसियाँ संग्रहित की है.
- स्वास्थ्य बीमा के एकल व्यवसाय में ₹1.12 करोड प्रीमियम सहित 8914 पालिसियाँ संग्रहित की है.
- बैंकाश्यूरेंस व्यवसाय से कुल आय ₹ 62.37 करोड की हुई है.
- बैंक के पास बैंकाश्युरेंस व्यवसाय करने के लिए 1671 विनिर्दिष्ट व्यक्ति है.

डिपॉजटरी सेवाएँ

बैंक सेन्ट्रल डिपॉजटरी सर्विस लिमिटेड (सीडीएसएल) के साथ व्यवस्था के तहत एक डिपॉजटरी सहभागी है.सभी परिचालन केन्द्रीकृत है तथा फोर्ट मुंबई स्थित नोडल शाखा पूँजी बाजार सेवा शाखा द्वारा सेवाएँ प्रदान की जा रही है.मुख्य केन्द्रों पर स्थित शाखाएँ खाते खोलने, शेयरों का क्रय तथा विक्रय, शेयरों के बंधक तथा भौतिक प्रतिभूतियों को डीमैट करने की सेवाएँ प्रदान कर रही है.बैंक के पास करीब 29915 डी-मैट खाता धारक है.

कैपिटल मार्केट सेवा शाखा, मुंबई आस्बा, डी-मैट, समाशोधन बैंक, लाभांश वारंटों का भुगतान, ब्रोकरों को ऋण/ गारंटी जैसी पूँजी बाजार संबंधी सुविधाएँ प्रदान करती है.यह डी-मैट तथा आस्बा के लिए नियंत्रक शाखा भी है.

सूचना प्रौद्योगिकी

1. आईटी संरचना

शून्य डेटा हानि के साथ व्यवसाय निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए बैंक ने अत्याधुनिक और आईएसओ प्रमाणित डेटा सेंटर के साथ एक आपदा रिकवरी सेंटर और एक नजदीकी साइट स्थापित की है. इस तरह की एक मजबूत आईटी संरचना बैंक को ग्राहक सेवाओं की परिचालन दक्षता और मुस्तैदी सुनिश्चित करने में मदद करती है. बैंक ने कोर बैंकिंग सॉल्यूशन, ट्रेड फाइनेंस सॉल्यूशन, ट्रेजरी सॉल्यूशन इत्यादि जैसी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को लागू किया था. बैंक ने कर्मचारियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली भी स्थापित की थी. चालू वर्ष के दौरान, बैंक ने ग्राहकों की ऋण आवश्यकताओं के तेजी से प्रसंस्करण और वितरण के लिए एक उन्नत ऋण जीवनचक्र प्रबंधन समाधान भी शुरू किया है.

कोविड -19 महामारी के प्रकोप के कारण लगाए गए यात्रा और लॉकडाउन प्रतिबंधों से निपटने के लिए, बैंक ने व्यवसाय की निरंतरता के साथ-साथ कर्मचारियों और विक्रेता सहयोगियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त बीसीपी स्थानों की स्थापना, व्यवसाय / ग्राहक बैठकें आयोजित करने और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अन्य आंतरिक बातचीत, कर्मचारियों को गृह से कार्य करने की सुविधा आदि जैसे विभिन्न प्रौद्योगिकी सक्षम उपाय शुरू किए थे. इसके अलावा, एक उन्नत नेटवर्किंग सेटअप और निरंतर निगरानी की मदद से, बैंक पिछले साल देश भर में आई प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी शाखाओं के अलगाव और नेटवर्क आउटेज को न्यूनतम स्तर तक रोकने में सफल हो सका.

बैंक मौजूदा सिंगल डेटा रिपोजिटरी (एसडीआर), डेटा वेयरहाउस सॉल्यूशन को सर्वश्रेष्ठ एसडीआर 2.0 के साथ अपग्रेड करने की प्रक्रिया में है, जो डेटा वृद्धि और बैंक की एमआईएस/विश्लेषणात्मक आवश्यकताओं को संभाल सकता है.बैंक आने वाले वर्ष में कुछ महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को लागू करने का भी प्रस्ताव कर रहा है.

2. सूचना सुरक्षा

बैंक ने अपनी सूचना प्रणाली और ग्राहक डेटा को साइबर खतरों से बचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं. साइबर सुरक्षा संचालन केंद्र (सी-एसओसी) 24*7 आधार पर कार्य कर रहा है और खतरों की पहचान करने और यदि कोई हो तो उन्हें दूर करने के लिए बैंक के महत्वपूर्ण आईटी अवसंरचना से लॉग की निरंतर आधार पर निगरानी की जाती है. विभिन्न सुरक्षा उपकरण जैसे एडवांस्ड थ्रेट प्रिवेंशन, डीडीओएस मिटिगेशन सॉल्यूशन, इंट्रूज़न प्रिवेंशन सिस्टम, डेटा लीकेज प्रिवेंशन सॉल्यूशन आदि भी मौजूद हैं और साइबर सिक्योरिटी ऑपरेशन सेंटर के साथ एकीकृत हैं. महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और अनुप्रयोगों का आंतरिक टीम के साथ-साथ तीसरे पक्ष द्वारा समय-समय पर ऑडिट किया जाता है और यह सुनिश्चित किया जाता है कि पहचानी गई कमजोरियों को ठीक किया जाए.

बैंक के डेटा सेंटर और डिजास्टर रिकवरी सेंटर को आईएसओ 27001 और आईएसओ 22301 के लिए प्रमाणित किया गया है. नियमित ऑडिट के माध्यम से इन प्रमाणन मानकों का निरंतर अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है.नियामक दिशानिर्देशों की अनुपालन आवश्यकताओं को भी समय पर पूरा किया जाता है और बंद किया जाता है.

कर्मचारियों/ग्राहकों के बीच साइबर जागरूकता बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं.

लेखा परीक्षा और निरीक्षण

